✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 354 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 24 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना के ऊर्जा स्टेडियम में बिहार एआई समिट-2026 का शुभारंभ करते सीएम सम्राट चौधरी

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

# भारत के विकास पथ को नई गति प्रदान करेंगे नवनियुक्त पदाधिकारी : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए इस अवसर को देश भर के हजारों युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बताया। उन्होंने सरकारी सेवा में नए प्रवेशकों का स्वागत करते हुए रेलवे, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर बल दिया। श्री मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में आप सभी विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए नवनियुक्तों के समर्पण और अथक परिश्रम की सराहना करते हुए प्रत्येक नियुक्त व्यक्ति को हार्दिक बधाई दी। यह मानते हुए कि कोई भी व्यक्तिगत उपलब्धि अपने आप में पूर्ण नहीं होती उन्होंने उन परिवारों और अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं जिनका सहयोग इस पूरी यात्रा में अपरिहार्य रहा। प्रधानमंत्री ने हाल ही में संपन्न पांच देशों की राजनयिक यात्रा की जानकारी साझा करते हुए बताया कि दर्जनों देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक निगमों के नेताओं ने भारत के युवाओं और तकनीकी प्रगति के प्रति उत्साह दिखाया है। उन्होंने भारत के उत्थान में भागीदार बनने के लिए विश्व में उत्सुकता का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि विश्व भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरे के कूटनीतिक और आर्थिक परिणामों के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रत्येक देश के साथ हुए क्षेत्र-विशिष्ट समझौतों और वार्ताओं का उल्लेख दिया। इनमें नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, जल, कृषि और उन्नत विनिर्माण पर चर्चा, स्वीडन के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर बातचीत, नॉर्वे के साथ हरित प्रौद्योगिकी और समुद्री सहयोग पर चर्चा, संयुक्त अरब अमीरात के साथ



रणनीतिक ऊर्जा और प्रौद्योगिकी साझेदारी पर समझौते ज्ञापन, और इटली के साथ रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर समझौते शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत की अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां विशेष रूप से युवाओं के हित में की गई हैं। श्री मोदी ने कहा कि इनका उद्देश्य भारत के युवाओं को रोजगार और वैश्विक अनुभव प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन के लिए प्रत्येक समझौते के प्रत्यक्ष महत्व को बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक नया निवेश, प्रत्येक तकनीकी साझेदारी और प्रत्येक औद्योगिक सहयोग से अंततः भारत के युवाओं के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे। श्री मोदी ने कहा कि ये वे क्षेत्र हैं जो अगले 25 वर्षों में वैश्विक विकास को परिभाषित करने वाले उद्योगों को आकार देंगे। प्रधानमंत्री ने एएसएमएल-टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स समझौते को भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में बढ़ती प्रतिष्ठा का ठोस उदाहरण बताते हुए कहा कि डच सेमीकंडक्टर कंपनी एएसएमएल ने जिन चुनिंदा देशों के साथ समझौता किया है, उनमें भारत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर स्वीडन के साथ साझेदारी और सुपरकंप्यूटिंग पर यूएई के साथ सहयोग से भी भारत की तकनीकी क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि यह अकेला एएसएमएल-टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स समझौता ही भारत में हजारों नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन और समावेशी विकास को गति देने में बुनियादी ढांचे की अहम भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रगति का वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब गांवों, छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों को विकास से जोड़ा जाता है। श्री मोदी ने कहा कि जब गांव और दूरदराज के क्षेत्र विकास से जुड़ते हैं तो देश की प्रगति का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के समापन में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त पदाधिकारी भारत के विकास पथ को नई गति प्रदान करेंगे और उनके कार्यों एवं निर्णयों से विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार बोर्ड कंपार्टमेंटल परीक्षा का रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से शनिवार को इंटरमीडिएट और मैट्रिक विशेष सह कम्पार्टमेन्टल परीक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने रिजल्ट जारी किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इंटरमीडिएट में 55.31 % परीक्षार्थी पास हुए हैं। इसमें 59.29% छात्रा और 52.65% छात्र शामिल हैं। वहीं मैट्रिक में 57.18% सफल हुए हैं जिसमें 53.48% छात्रा और 57.84% छात्र हैं।

### नीट परीक्षार्थियों को सरकारी बसों में मिलेगी मुफ्त सेवा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने 21 जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को घोषणा की कि परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को राज्य की सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिहार में नीट परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए राज्य की सभी सरकारी बसों में यात्रा निशुल्क रहेगी।

### पानी में डूबने से चचेरे भाई-बहन की मौत

**गोपालगंज (नबिटा ब्यूरो)।** जिले से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा गांव में शनिवार को पानी में डूबने से चचेरे भाई-बहन की मौत हो गई। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान बरहिमा निवासी हरेंद्र महतो के पुत्र श्रेयांश कुमार और सुरेंद्र महतो की पुत्री सलोनी कुमारी के रूप में हुई है।

### सीनेट बैठक के दौरान छात्रों का हंगामा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना विश्वविद्यालय में शनिवार को आयोजित सीनेट बैठक के दौरान जमकर हंगामा देखने को मिला। विश्वविद्यालय के जयप्रकाश अनुसदन में चल रही सीनेट बैठक के बाहर छात्र संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आईसा समेत कई छात्र संगठनों से जुड़े छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप था कि विवि प्रशासन छात्र हितों की अनदेखी कर रहा है।

### डीपीएम पर पांच हजार का जुर्माना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने शनिवार को समाहरणालय में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई करते हुए कुल 10 मामलों का निपटारा किया। उन्होंने लोक शिकायतों के प्रति लापरवाही बरतने वाले शिक्षा विभाग के पदाधिकारी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंर्थ दंड लगाया। डीएम ने कहा कि इस अधिनियम का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बिहार सरकार जल्द लायेगी एआई पॉलिसी : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एलान किया है कि बिहार सरकार जल्द ही एआई पॉलिसी लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए बिहार को देश के अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित बिहार एआई समिट-2026 का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों में एआई का अधिक से अधिक उपयोग किया जाएगा जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और आम लोगों की समस्याओं का तेजी से समाधान हो सकेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक बिहार के विकास की नई दिशा तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि एआई के माध्यम से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि बिहार अब तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में राज्य देश के अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में



शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में मोबाइल और इंटरनेट का तेजी से विस्तार हुआ है और एआई तकनीक शासन-प्रशासन के लिए बड़ा सहायक साबित हो रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास ने राज्य को नई पहचान दी है। अब तकनीक के जरिए बिहार को नई ऊंचाई पर पहुंचाने का समय है। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला विश्वविद्यालय को फाइनेंशियल हब के रूप में विकसित किया जाएगा और राज्य में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। सम्राट चौधरी ने पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे सहयोग शिविरों का जिक्र करते हुए कहा कि तकनीक के इस्तेमाल से लोगों की समस्याओं का समाधान तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी आवेदन पर तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यवस्था ऐसी बनाई जाए जिससे आम लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने युवाओं से बिहार के विकास के लिए सुझाव देने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार लौट रहे प्रवासी श्रमिकों और युवाओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में रोजगार और उद्योग बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में राज्य के सभी 534 प्रखंडों (शेष पृष्ठ 11 पर)

# अपराधी की कोई जाति नहीं, कानून सभी के लिए समान : विजय चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को मखदुमपुर प्रखंड के पुनहदा में किसानों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने लगभग 43 करोड़ रुपये की सिंचाई योजनाओं के पुनर्स्थापन और सम्पोषण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा, सड़क संपर्क और कृषि विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। यह कार्यक्रम मखदुमपुर प्रखंड की पुनहदा पंचायत के नौगढ़ गांव में आयोजित किया गया था। इन योजनाओं के तहत नहरों के पुनर्स्थापन के साथ-साथ कन्वर्ट निर्माण और ग्रामीण सड़कों की मरम्मत का कार्य भी किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगी और वे अपनी कृषि उपज को आसानी से बाजार तक पहुंचा सकेंगे। उन्होंने जोर दिया कि राज्य सरकार किसानों की सुविधा और कृषि विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान



विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों कि एनकाउंटर जाति देखकर किए जा रहे हैं, पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय चौधरी ने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून सभी के लिए समान है और सरकार अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बिहार विधान परिषद में मुख्य सचेतक बने संजय सिंह

### नीरज कुमार और रीना देवी को मिली नई जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के नेताओं की नई टीम का गठन कर दिया गया है। संसदीय कार्य विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अनुशंसा पर कई नेताओं को नई जिम्मेदारी दी गई है। यह व्यवस्था 15 मई 2026 से लागू मानी जाएगी और उसी तारीख से सभी नेताओं को पद के अनुसार सुविधा और भत्ते भी मिलेंगे। जारी अधिसूचना के अनुसार ललन कुमार सर्राफ और प्रो. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल का उप नेता बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनक राम को उप मुख्य सचेतक बनाया गया है। इसके अलावा नीरज कुमार और रीना देवी को सचेतक नियुक्त किया गया है। सरकार की ओर से साफ किया गया है कि उप नेता और मुख्य सचेतक को मंत्री स्तर की सुविधा मिलेगी। वहीं उप मुख्य सचेतक और सचेतकों को राज्य मंत्री के बराबर दर्ज़ा, वेतन, भत्ता और दूसरी सुविधाएं दी जाएंगी। यह सभी सुविधाएं 15 मई 2026 से प्रभावी होंगी। संसदीय कार्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बिहार विधान परिषद की ओर से भी इन नामों को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद अब नई टीम आधिकारिक रूप से काम करेगी। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में विधान परिषद के अंदर सरकार की रणनीति को मजबूत तरीके से रखने में यह नई टीम अहम भूमिका निभाएगी।

# बिहार में बनेगा 118 किमी लंबा गंगा पथ नेटवर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में रोड नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने गंगा किनारे तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं को तेज गति देने का फैसला लिया है। इन परियोजनाओं के तहत कुल 118.45 किलोमीटर लंबा आधुनिक फोरलेन सड़क नेटवर्क तैयार किया जाएगा। सरकार ने इन तीनों परियोजनाओं को वर्ष 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इन परियोजनाओं पर कुल 16,465.41 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, ट्रैफिक का दबाव कम होगा और पर्यटन व व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी। पहली बड़ी परियोजना भागलपुर क्षेत्र से जुड़ी है। इसके तहत सुल्तानगंज से भागलपुर तक करीब 40.8 किलोमीटर लंबा फोरलेन गंगा पथ बनाया जाएगा। इस परियोजना पर 4,849.83 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। सरकार ने इसे चार साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस सड़क के बनने से भागलपुर, सुल्तानगंज और आसपास के इलाकों में आवागमन काफी आसान हो जाएगा। खासकर श्रावणी मेले के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। दूसरी परियोजना मुंगेर जिले में प्रस्तावित है। इसके तहत



साफियाबाद से बरियारपुर और घोरघट तक लगभग 42 किलोमीटर लंबा गंगा पथ तैयार किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 5,119.8 करोड़ रुपये बताई गई है। इसका निर्माण भी चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। सरकार का कहना है कि इस सड़क के बनने से मुंगेर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। तीसरी और सबसे अहम परियोजना राजधानी पटना और भोजपुर क्षेत्र से जुड़ी है। इसके तहत जेपी गंगा पथ का विस्तार दीघा से कोइलवर (बिहटा) तक किया जाएगा। करीब 35.65 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन विस्तार पर 6,495.78 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना के पूरा होने से पटना में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही बिहटा, आरा और भोजपुर की ओर आने-जाने वाले लोगों को तेज और सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार का कहना है कि इन तीनों गंगा पथ परियोजनाओं के पूरा होने के बाद बिहार की सड़क आधारभूत संरचना को नई मजबूती मिलेगी। इससे न सिर्फ लोगों की यात्रा आसान होगी, बल्कि राज्य में आर्थिक गतिविधियों और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सदैव सिद्धांत आधारित रही है भाजपा की राजनीति : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर बिहार के पटना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित पटना महानगर जिला प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। इससे पहले पटना हवाई अड्डे पर श्री नवीन के आगमन पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री नवीन ने प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित पटना महानगर जिला प्रशिक्षण वर्ग के दौरान एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी संगठन को सींचने में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले महान कार्यकर्ताओं के संघर्ष, समर्पण एवं तपस्या की गाथा दर्शाने के साथ-साथ यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, उपलब्धियों तथा बिहार में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकासात्मक प्रयासों




को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने वाली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा का इतिहास, वैचारिक आधार एवं विकास यात्रा विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की यात्रा केवल एक राजनीतिक दल के विस्तार की कहानी नहीं है बल्कि यह राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना, सेवा, संघर्ष और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प की ऐतिहासिक यात्रा है। भाजपा की वैचारिक नींव श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी चिंतन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन पर आधारित है। भाजपा का मूल उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोच्च रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाना है। वर्ष 1951 में स्थापित भारतीय जनसंघ से लेकर आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित भाजपा तक की यात्रा संघर्ष, समर्पण और कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है। प्रारंभिक दौर में सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों (शेष पृष्ठ 11 पर)

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# 350 करोड़ के निवेश से 2300 रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक में उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आईडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बार की बैठक में समिति द्वारा 20 परियोजनाओं को लगभग 30 एकड़ भूमि आवंटित किया गया। प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में 350 करोड़ के निवेश का अनुमान है जिससे लगभग 2300 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में स्वीकृत हो रही नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार एवं कौशल आधारित अवसर सृजित होंगे। बिहार सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करते हुए राज्य को आधुनिक औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सुदृढ़ अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, सुगम प्रक्रियाएं एवं नीतिगत सहयोग के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, पीइबी फैब्रिकेशन निर्माण, फर्नीचर निर्माण, पीवीसी एवं यूपीवीसी पाइप निर्माण, सीबीजी, हेल्थकेयर तथा जनरल मैन्युफैक्चरिंग जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में औद्योगिक आधार को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। ये इकाइयां राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी जिनमें प्रमुख है आइ ए कुमारबाग, आइजीसी बेगूसराय, आइ ए हाजीपुर, आइ ए पाटलिपुत्र, आइ ए बरियारपुर एवं आइ ए सासाराम। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में भारत जीपीएस बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, क्रिसपैनो फूड्स एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड, एसपी इंस्टीट्यूट ऑफ वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक्सपीरिया प्रीफैक्सो प्राइवेट लिमिटेड, रायश हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, ओआई मखायो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

# बी.डी. कॉलेज, पटना ने अपने नाम किया कॉलेज चैंपियन का खिताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. द्वारा आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य कैडेटों के सर्वांगीण विकास एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना था जिसके अंतर्गत सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूरे कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार्ली कंपनी कैंप चैंपियन बनी जबकि कॉलेज चैंपियन का खिताब बी.डी. कॉलेज, पटना ने अपने नाम किया। बी.डी. कॉलेज के कैडेट शशि रंजन को बेस्ट फायरिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बी.डी. कॉलेज के कैडेटों ने अनुशासन, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता का अद्भुत परिचय दिया है। यह उपलब्धि हमारे संस्थान के गौरव को और ऊंचा करती है। उन्होंने सभी विजेता कैडेटों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उन्हें राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में कैंप कमांडेंट कर्नल अमित कुमार ने भी कैडेटों को अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# भगवानपुर की आपराधिक घटना की जांच को लेकर कांग्रेस ने गठित की नौ सदस्यीय जांच समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने विगत 17 मई को भगवानपुर, नौबतपुर, जिला-पटना में दलित परिवार के साथ हुई अपराधिक घटना की जांच हेतु एक जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में मिन्नत रहमानी, प्रेमचन्द सिंह, उमेश राम, शशि पंडित, प्रो. कुमारी अनीता, अमर आजाद पासवान, नीलम प्रवीण, रंजीत कुमार बाल्मीकि एवं नन्द किशोर यादव को शामिल किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जांच समिति के सदस्यों को निर्देश दिया है कि वे 24 मई 2026 को घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की स्थलीय जांच करें तथा पीड़ित परिवार से मिलकर वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को सौंपे।

# आपदा पीड़ित परिवारों को मिली राहत, मंत्री ने बांटे लाखों के चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास, सूचना जन-संपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने शनिवार को विभिन्न आपदा के शिकार हुए पीड़ित परिवारों के बीच 4 लाख 75 हजार रुपये का चेक वितरण किया। राजगीर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने पीड़ितों को चेक दिए। हसनपुर के भरत यादव को उनके मवेशी के लिए 37 हजार 500 रुपये, डुमरी के अशोक कुमार को मवेशी के लिए 37 हजार 500 रुपये और नेकपुर निवासी बेबी देवी को आपदा के तहत 4 लाख रुपये का चेक दिया गया। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सूबे की सरकार समय पर आपदा से मिलने वाली राशि लोगों को उपलब्ध करा रही है। इससे मृतक के परिवार को राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को एक नई पहचान दी है। गांवों को स्मार्ट बनाने का काम किया है। गांवों के लोगों को अब शहरों जैसी सुविधाएं मिल रही है। सूबे में सड़कों का जाल बिछाया गया है। हर गांव और कस्बे को सड़क से जोड़ा गया है। पर्यटन स्थलों का काफी विकास किया गया है। इसी कारण से अब बिहार में गोवा से भी अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। सूबे की एनडीए की सरकार हर तरह के विकास का कार्य कर रही है। लोगों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। सरकार हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा हो चाहे स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी है। समाज में अपनी पहचान बनाने में सफल हुई है। सरकार आगे भी इसी तरह के विकास का काम करती रहेगी। इस मौके पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, प्रमुख रानी देवी, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, देवेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

# राज्य के सभी पंचायतों में बनेंगे शवदाह गृह : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूबे के सूचना एवं जनसंपर्क एवं ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि सात निश्चय-3 के अंतर्गत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में शव दाहगृह या मुक्तिधाम बनाया जाएगा। प्रत्येक मुक्तिधाम के लिए पंचायती राज विभाग के स्तर से मानक प्राक्कलन 22 लाख 17 हजार रुपये का तैयार किया गया है। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के स्तर से इन सभी मोक्षधाम/श्मशानघाट/शवदाह गृह/मुक्तिधाम के मुख्य द्वार के दोनों तरफ कुछ अंशों को छोड़कर शेष क्षेत्रों की घेराबंदी, पिलर एवं वायर मेश फेंसिंग से की जाएगी। इसके अलावा घेराबंदी के चारों तरफ दो पंक्ति में वृक्षारोपण भी कराया जाएगा। वृक्षारोपण एवं उसकी घेराबंदी, फेंसिंग का कार्य विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के माध्यम से किया जाएगा। श्री कुमार ने योजना पर चर्चा करते हुए यह भी बताया कि इस योजना पर होने वाली व्यय वहन विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) या जी रामजी से कराया जाएगा।

# रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से पूर्व मध्य रेलवे सभागार पटना में 'रोजगार मेले' में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री गिरिराज सिंह उपस्थित रहे। इस विशेष समारोह के दौरान ई.एस.आई.सी. के चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपे गए जिनमें मुख्य रूप से नर्सिंग ऑफिसर, उच्च वर्गीय लिपिक और सामाजिक सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह ने अपने कर-कमलों से चयनित अभ्यर्थियों को मंच पर नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जबकि अन्य कर्मियों को बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई दी और कहा कि स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक क्षेत्र में इन युवाओं के शामिल होने से देश की व्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने रेखांकित किया कि केंद्र सरकार युवाओं को पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार के अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने भी नए कर्मियों का हौसला बढ़ाया तथा बिहार में ई.एस.आई.सी द्वारा सामाजिक सुरक्षा को अधिक सशक्त बनाने के लिए अपना योगदान देने को प्रेरित किया।

# मोदी सरकार की 'युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति' की प्रतिबद्धता का प्रमाण : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19वें रोजगार मेले में देशभर के 47 केंद्रों पर 51 हजार से अधिक युवाओं को एक साथ नियुक्ति पत्र सौंपना 'विकसित भारत 2047' के संकल्प की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम है। रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में चयनित ये युवा न केवल अपने परिवार, बल्कि राष्ट्र निर्माण के भी सारथी बनेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते वर्षों में मिशन मोड में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर यह साबित किया है कि पारदर्शिता और योग्यता ही हमारी प्राथमिकता है। न सिफारिश, न भ्रष्टाचार-केवल मेरिट के आधार पर युवाओं को अवसर मिल रहे हैं। यह 'नौकरी के नाम पर ठगी' की पुरानी संस्कृति को खत्म कर 'भरोसे की नई संस्कृति' की स्थापना है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि भारत की वैश्विक साझेदारियां युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोल रही है। नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, यूएई और इटली के साथ तकनीक, ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रक्षा क्षेत्रों में हुए समझौते भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब बना रहे हैं।

# बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल के हाथों सम्मानित हुए बिहार के चर्चित शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार में शिक्षा, कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चर्चित शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा को आज पटना के प्रतिष्ठित मगध रिसॉर्ट में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल के हाथों सम्मानित किया गया। यह हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम एएसए बिजनेस एजुकेशन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह के दौरान डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों, युवाओं को तकनीकी एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. झा लंबे समय से बिहार में कंप्यूटर शिक्षा, कौशल विकास एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके द्वारा संचालित संस्थानों के माध्यम से हजारों युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सम्मान बिहार के युवाओं, छात्रों एवं शिक्षा जगत से जुड़े सभी लोगों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर युवाओं एवं सामाजिक संगठनों में उत्साह का माहौल देखा गया तथा उपस्थित लोगों ने डॉ. झा को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जो नौकरी की तलाश में थे, आज खुद दे रहे रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 2024 में बिहार सरकार द्वारा शुरू की गयी लघु उद्यमी योजना ने गांव-गांव में आत्मनिर्भरता की नयी कहानी लिखी है। राज्य के 8053 पंचायतों में योजना लार्भाथियों ने अपने इलाकों में छोटे-छोटे उद्यमों को चालू कर सफल स्व-रोजगार का मिसाल कायम किया है। योजना का लाभ लेने वाले ग्रामीणों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि हाथ में हुनर होने के बावजूद भी पूंजी न होने की वजह से व्यापार शुरू करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते थे जिसके कारण योजना से पहले रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी व पर्यवेक्षक की नौकरी किया करते थे। साल 2024 में बिहार लघु उद्यमी योजना का का लाभ लेकर आज अपने गांव में ही महीने का 25 हजार तक कमा रहे हैं। वैशाली लालगंज के पोझिंया गांव निवासी लाभार्थी रवि कुमार शर्मा ने कहा कि वे अलग-अलग जगहों पर वेल्डिंग और फेब्रीकेशन का काम किया करते है। हाथ में हुनर होने के बावजूद भी उनके पास खुद का उद्योग शुरू करने के लिये पुंजी न होने के कारण खुद का उद्यमी नहीं लगा पा रहे थे। साल 2024 में बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरूआत होने के बाद योजना के लिए आवेदन किया और अंतिम रूप से चयनित होने पर प्राप्त सहायता राशि से गेट ग्रील का उद्योग लगाया। आज वे अपने गांव में ही महीने का लगभग 25 हजार कमा रहे हैं, साथ ही उन्होंने अपने गांव में ही अन्य को रोजगार भी दे रहे हैं।

# सहयोग शिविर में उमड़ा भरोसा, 30 हजार से ज्यादा लोगों ने दर्ज कराई समस्याएं

## लंबित 16 हजार 112 आवेदनों को समय सीमा के भीतर निष्पादित करने का मंत्री ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आमजन की सुविधा और राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल पर 19 मई को आयोजित सहयोग शिविर में राज्यभर से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को इस शिविर के दौरान कुल 30 हजार 390 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 13 हजार 379 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय कार्यालय कक्ष में सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह, अपर सचिव आजीव वत्सराज समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों को दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि मापी समेत अन्य राजस्व संबंधी मामलों के समाधान के लिए एक ही मंच पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। जिलावार आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 2,693 आवेदन बेगूसराय जिले से प्राप्त हुए। इसके बाद मुजफ्फरपुर में 1,585, गया में 1,575, खगड़िया में 1,552 तथा पश्चिम चंपारण में 1,459 आवेदन प्राप्त हुए। भोजपुर में 1,391, पूर्णिया में 1,228, पटना में 1,122 तथा पूर्वी चंपारण में 1,120 आवेदन दर्ज किए गए। इसी प्रकार सारण में 1,101, गोपालगंज में 1,017, मधेपुरा में 1,015, अररिया में 865 तथा कटिहार में 854 आवेदन प्राप्त हुए। नालंदा में 774, बांका में 747, मधुबनी में 729, दरभंगा में 727 और भागलपुर में 695 आवेदन आए। वहीं सीवान में 667, रोहतास में 664, सुपौल में 637 तथा शेखपुरा में 571 आवेदन प्राप्त हुए। जमुई में 540, समस्तीपुर में 501, सहरसा में 487, वैशाली में 481 तथा सीतामढ़ी में 478 आवेदन दर्ज किए गए। किशनगंज में 412, लखीसराय में 404, औरंगाबाद में 390, शिवहर में 360 तथा कैमूर में 359 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त अरवल में 262, जहानाबाद में 257, बक्सर में 246, नवादा में 234 तथा मुंगेर में 191 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 13379 मामलों का निपटारा कर दिया गया है। शेष 16112 मामलों का निष्पादन समय सीमा के भीतर करने का निर्देश दिया गया। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सहयोग शिविर में प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम लोगों को राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध हो।

# बिहार एआई समिट 2026 में एआई आधारित विकास और नवाचार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार एआई समिट 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती प्रौद्योगिकियों के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते प्रभाव और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समिट में नीति-निर्माताओं, टेक्नोलॉजी लीडर्स, स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं, उद्यमियों, शिक्षाविदों और इनोवेटर्स ने भाग लेकर बिहार में एआई इकोसिस्टम को मजबूत बनाने पर विचार साझा किए। समिट का उद्देश्य बिहार को एआई आधारित नवाचार और तकनीकी विकास के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करना था। कार्यक्रम में एआई नीति, डिजिटल ट्रस्ट, साइबर सुरक्षा, वर्नाक्युलर एआई, गवर्नेंस और समावेशी तकनीकी विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही स्टार्टअप शोकेस, लाइव डेमो, टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी और नेटवर्किंग सत्र भी आयोजित किए गए। साइबरपीस के संस्थापक और ग्लोबल प्रेसिडेंट मेजर विनीत कुमार ने कहा बिहार इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन से चूक गया था। अब उसे इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई का दौर प्रतिभा, नवाचार और दूरदृष्टि से तय होगा और बिहार के युवाओं में बड़ी क्षमता मौजूद है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार एआई आधारित कृषि, साइबर सुरक्षा, एआई संचालित गवर्नेंस और हिंदी, भोजपुरी व मैथिली जैसी भाषाओं में वर्नाक्युलर एआई समाधानों के जरिए समावेशी और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप डिजिटल इकोसिस्टम विकसित कर सकता है।

# महिलाओं को ब्याज दर में विशेष छूट देकर बढ़ाया जाएगा महिला स्वरोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अब राज्य सरकार का सहकारिता विभाग महिलाओं को उनकी बचत पर बेहतर रिटर्न और लोन पर विशेष छूट देने जा रहा है। इसके लिए नारी समृद्धि एवं नारी शक्ति स्वरोजगार योजना की शुरुआत की गई है। नारी समृद्धि योजना महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई विशेष पहल है। इसके तहत महिलाएं अपनी मेहनत की कमाई को सहकारी बैंक में सुरक्षित रख सकेंगी और जमा राशि पर सामान्य खातों की तुलना में बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकेंगी। योजना का उद्देश्य महिलाओं को बचत के लिए प्रोत्साहित कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। वहीं 'नारी शक्ति स्वरोजगार योजना' महिला उद्यमियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इस योजना के अंतर्गत स्वरोजगार शुरू करने या व्यवसाय विस्तार के लिए लोन लेने पर महिलाओं को ब्याज दर में विशेष छूट दी जाएगी। सहकारी बैंक द्वारा ब्याज पर रियायत का प्रावधान किया गया है। ताकि अधिक से अधिक महिलाएं अपना उद्यम स्थापित कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। सहकारिता विभाग की दोनों योजनाओं का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। बीते 15 मई को राज्य के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने नारी समृद्धि योजना एवं नारी शक्ति स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया था। माना जा रहा है कि इन योजनाओं से राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सहकारी बैंकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शुरू किया मेगा समर सेलिब्रेशन 2026

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने उत्तर भारत के सभी अधिकृत डीलरशिप्स पर 'मेगा समर सेलिब्रेशन 2026' अभियान शुरू किया है। यह कैंपेन मई से जून 2026 तक चलेगा और इसमें नई कारों, आफ्टर-सेल्स सर्विस तथा टोयोटा सर्टिफाइड यूज्ड कार्स पर आकर्षक ऑफर दिए जाएंगे। कैंपेन के तहत ग्राहकों को नई कार खरीद पर एक्सचेंज ऑफर, स्पेशल समर सर्विस एवं टी ग्लॉस पैकेज, फ्री व्हीकल सेफ्टी और एसी चेक-अप जैसी सुविधाएं मिलेंगी। वहीं प्रमाणित यूज्ड कार्स पर भी विशेष डील्स उपलब्ध रहेगी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट एवं चीफ रिप्रेजेंटेटिव नॉर्थ रीजन, मुथन्ना ने कहा कि कंपनी ग्राहकों को बेहतर ओनरशिप और सर्विस अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह अभियान ग्राहकों की संतुष्टि और भरोसे को और मजबूत करेगा।

# पटना में बन रहा लग्जरी फाइव स्टार होटल, तीन साल में पूरा होगा प्रोजेक्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने राज्य की प्रमुख पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पर्यटन को विकसित कर रोजगार सृजन करना है जिससे राज्य के लोगों को कही और रोजगार के लिए न जाना पड़े। मुख्यमंत्री का विजन है विकसित बिहार बनाना जिसमें पर्यटन की अहम भूमिका है इसके लिए विभाग सतत क्रियाशील है। उन्होंने इस दौरान निर्माणाधीन पांच सितारा होटल पाटलिपुत्र अशोक के विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्धारित समय पर परियोजना को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने का सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अभियंता और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात से पहले जमीनी स्तर के काम को पूरा किया जाए। विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए इसके लिए विभाग से संबंधित सुविधाएं ससमय उपलब्ध कराएं। मंत्री ने बताया कि होटल के निर्माण का जिम्मा कुमार इन्फ्राट्रेड इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है। 1.51 एकड़ भूमि पर बन रहे इस होटल में कुल 100 कमरे होंगे। इस शानदार पांच सितारा होटल का निर्माण कार्य अगले तीन वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री श्री गुप्ता गांधी मैदान के पास नवनिर्मित पटना हाट भी पहुंचे। निर्माण कार्यों का जाएजा लेते हुए बताया कि 48.96 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस हाट को तीन मंजिला इम्पोरियम के रूप में विकसित किया जाएगा। हाट में अंडरग्राउंड और सर्फेस पार्किंग की सुविधाएं होंगी। इनमें दो रेस्टोरेंट, बच्चों और युवाओं के लिए गेम जोन, आग से बचाव के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम और फायर अलार्म, लिफ्ट, जल टंकी, सीसीटीवी निगरानी, सोलर पावर जेनरेशन सिस्टम और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं होंगी।

# 11 हजार गांवों तक पहुंचेगी पक्की सड़क, सरकार ने तेज किया अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और प्रत्येक बसावट तक बारहमासी संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। राज्य के उन दुर्गम टोलों, बस्तियों और ग्रामीण बसावटों को विशेष प्राथमिकता के आधार पर पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है जो वर्षों से संपर्कता के अभाव में मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से राज्यव्यापी सर्वेक्षण अभियान चलाकर उन सभी छूटी हुई बसावटों की पहचान की गई है जहां अब तक सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। योजना के क्रियान्वयन में उन जिलों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है जो भौगोलिक दृष्टि से जटिल, पहाड़ी या पूर्व में विकास से अपेक्षाकृत दूर रहे हैं। इस दिशा में पूरे राज्य में कुल 11,020 ऐसी संपर्क-विहीन बसावटों को चिन्हित किया गया है जिन्हें 14,002 किलोमीटर लंबी पक्की सड़कों से जोड़ने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इन बसावटों को मुख्य सड़क नेटवर्क और राज्यमार्गों से जोड़ने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तेजी से स्वीकृति प्रदान की कर दी गई है। अब तक 6,078 बसावटों को जोड़ने हेतु 8,035 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी दी जा चुकी है। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रयास से परियोजनाएं धरातल पर तेजी से उतर रही हैं। इस दिशा में पूर्वी चंपारण जिले में सर्वाधिक 252 बसावटों को 361 किलोमीटर लंबी सड़कों के माध्यम से मुख्य मार्गों से जोड़ा जा चुका है। वहीं औरंगाबाद जिले में अबतक 163 छूटी हुई बसावटों को 154 किलोमीटर, बांका जिले में 146 बसावटों को 149 किलोमीटर तथा मुजफ्फरपुर जिले में 82 बसावटों को 70 किलोमीटर लंबी बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ा जा चुका है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से उन ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की दशकों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हुआ है। अंतिम बसावटों तक पहुंची इन पक्की सड़कों का ग्रामीण जनजीवन पर व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है। पहले जहां बरसात के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क पूरी तरह बाधित हो जाता था, वहीं अब बारहमासी सड़कों के निर्माण से आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हुआ है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने की डीएम ने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** बकरीद को शान्ति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। डीएम नितिन कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित मुंडेश्वरी सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों तथा शान्ति समिति के सदस्यों के साथ जिला शान्ति समिति समिति की बैठक की। बैठक में बकरीद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर हुई विस्तृत चर्चा हुई। डीएम ने बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, आपसी सौहार्द बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अफसरों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को पूर्ण सतर्कता एवं आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि अथवा विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से आपस में भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील भी की। बैठक में पुलिस प्रशासन को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने तथा गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया। डीएम-एसपी ने भभुआ एवं मोहनियां एसडीएम तथा एसडीपीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ सतत समन्वय बनाए रखने को कहा गया।

# नहर में डूबने से बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र में एक तीन वर्षीय बच्चे की नहर में डूबने से मौत हो गई। यह घटना आज दोपहर करीब 2 बजे हुई जब बच्चा अपने घर के पीछे खेल रहा था और उसका पैर फिसल गया। मृतक बच्चे की पहचान आर्यन कुमार उर्फ कान्हा (3 वर्ष) के रूप में हुई है। वह लव कुश कुमार का पुत्र था। घटना की सूचना मिलते ही आयर कोठा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से चिलबिला पुल के पास नहर से बच्चे का शव बरामद किया गया। आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि बच्चा एक मजदूर परिवार से था।

# तीन वर्षों से बंद पाली आरओबी का पथ निर्माण मंत्री ने किया निरीक्षण, जल्द चालू कराने का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र ने शनिवार को तीन वर्षों से बंद पड़े पाली रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पटना पहुंचते ही रेलवे अधिकारियों से वार्ता कर डिहरी-बिक्रमगंज स्टेट हाईवे पर बने इस आरओबी की मरम्मत कराकर जल्द यातायात शुरू कराया जाएगा। मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि डिहरी शहर में जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक से पाली पुल तक लगातार लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए सड़क का चौड़ीकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को आरा में पुराने शाहाबाद के चारों जिलों के पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में भूमि अधिग्रहण, वन विभाग की आपत्ति एवं अन्य बाधाओं को दूर करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड स्थित पंडुका से उत्तर प्रदेश बॉर्डर के डुमरखोह तक सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को भी शीघ्र दूर किया जाएगा तथा वन विभाग से एनओसी प्राप्त कर निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की दूरी काफी कम हो जाएगी जिससे क्षेत्रीय आवागमन एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राजू गुप्ता, अजय यादव, अजय सिंह एवं बबल कश्यप, निर्दोष पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा के साथ हुनरमंद होकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं : सीमा सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** सामाजिक संस्था 'नई आशा' द्वारा गीधा में संचालित 'अलका सिलाई सह पढ़ाई' केन्द्र पर आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को जागरूक करते हुए उनके बीच बीच पाठ्य सामग्री, स्नैक्स तथा 'स्माइलिंग बॉल' वितरित की गईं ताकि उनमें शिक्षा के साथ-साथ उत्साह और सकारात्मकता की भावना को बढ़ती रहे। पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि शिक्षा के साथ कौशल की भी आवश्यकता है ताकि हम शिक्षित होने के साथ हुनरमंद होकर अपना जीवनयापन अच्छी तरह कर सकें। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं का शिक्षित एवं आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ सकती है। 'एसटीपीएल एक्सक्यूटिव लेडिज क्लब' की सचिव सीमा सिंह ने महिलाओं के बीच सामग्री वितरण किया। उन्होंने कौशल विकास के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि सिलाई जैसे हुनर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल का समन्वय महिलाओं को समाज में सम्मानजनक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिला एवं बालिकाओं ने भी शिक्षा के साथ हुनरमंद होने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। श्रीमती सिंह ने आगे भी सहयोग की बातें कहीं। इस दरम्यान उनके बीच विशेष उत्साह देखने को मिला। नई आशा के तहत इंटर्नशिप कर रहे आईआईएम रोहतक के छात्र अर्यांश सिंह ने कहा कि आप लोग दृढ़ निश्चय के साथ सिलाई करते हुए मैट्रिक पास कर लें। इसके बाद आपके विकास के लिए कई रास्ते खुल जाएंगे। उन्होंने कहा कि आपके भीतर क्षमता की कमी नहीं बल्कि अवसर उपलब्ध होने और उसके सदुपयोग की आवश्यकता है। धन्यवाद ज्ञापन कुंदन कुमार सिंह ने किया। मौके पर लवली कुमारी, धरमु राम, संगीता देवी, शिवशंकर सिंह एवं अमन बिहारी आदि थे।

# रोजगार मेले में केन्द्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने 74 नियुक्ति पत्र दिए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** जिले के गया शहर स्थित हरिद्वार सेमिनरी स्कूल की आर्ट गैलरी सभागार में शनिवार को आयोजित रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा पूरे भारत में 51 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया है वही इस कार्यक्रम में 74 लोगों को नियुक्ति पत्र जारी किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी शामिल हुए थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा प्रेम कुमार थे वही अतिथि डी आर एम उदय सिंह मीणा थे। कार्यक्रम के आयोजक पं दीन दयाल उपाध्याय के लोग थे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशभर के 47 स्थानों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 51 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी क्रम में गया में भी 74 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। डी आर एम ने केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को भगवान काशी विश्वनाथ का स्मृति चिन्ह भेंट किया है। वही बिहार विधानसभा अध्यक्ष को भी। मगध मंडल पोस्ट जेनरल को भी डी आर एम ने सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र सरकार लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के जरिए पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां की जा रही हैं और यह युवाओं के लिए बड़ा अवसर साबित हो रहा है। मंत्री ने बताया कि गया में दूसरी बार इस भवन में रोजगार मेला आयोजित किया गया।

# थानाध्यक्ष ने किया तीन दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** कनोडिया पंप स्थित संत जोसेफ स्कूल परिसर में तीन दिवसीय समर कैंप का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सासाराम टाउन थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, सीनियर सब इंस्पेक्टर रामजीवन कुमार, स्कूल के निदेशक सह 'बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन' के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार और प्रधानाचार्य शिवानी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। कैंप के पहले दिन स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक गानों और म्यूजिक धुनों पर डांस किया। इसके साथ ही कई तरह की रचनात्मक एक्टिविटीज (गतिविधियों) में अपनी प्रतिभा दिखाई। थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। संत जोसेफ स्कूल के बच्चे जिस तरह जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, वह वाकई काबिले तारीफ है। विद्यालय के निदेशक संतोष कुमार ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में पढ़ रहे सभी छात्र-छात्राओं को एक परिवार की तरह रखा जाता है। यहां का माहौल बच्चों के सर्वांगीण विकास के अनुकूल है।

# भाजपा रोहतास के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती और पंचायत चुनाव की रणनीति पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी रोहतास द्वारा शनिवार को स्टेशन रोड स्थित झुनझुनवाला वाटिका में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के तहत आयोजित इस शिविर में संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, डिजिटल सशक्तिकरण एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने की जबकि संचालन प्यारेलाल ओझा ने किया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। इसके बाद बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार, विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, पूर्व विधायक ललन पासवान, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह एवं तरारी विधायक विशाल प्रशांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विभिन्न सत्रों में नेताओं ने भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली और जनसंपर्क अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मंत्री शैलेन्द्र कुमार ने सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने सैद्धांतिक अधिष्ठान, एकात्म मानव दर्शन एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर अपने विचार रखे। वहीं औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने स्थायी कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, 'मन की बात' और आईटी सेल की भूमिका पर प्रशिक्षण दिया। विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह ने पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर चर्चा की। मौके पर बलराम मिश्र, सुशील चन्द्रवंशी,महेन्द्र ओझा, प्रमोद, मदन प्रसाद वैश्य, अरुण कुमार पाण्डेय, विवेक सिंह, विजय सिंह, डॉ. विनोद सिंह उज्जैन, कमलेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार, रवि राम, आशुतोष सिंह, विजेंद्र शर्मा, कन्हैया राम, उदय प्रसाद, विनीत कुमार सोनी, निर्दोष पाण्डेय, राधेश्याम पाण्डेय, अमित पटेल, कुंवर सिंह, सुजीत गोंड, बसंत गुप्ता, ऋतु राज उपाध्याय, वीर बसंत लाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

**पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल**

**ई–निविदा नोटिस सं.–15 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग/डीडीयू** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/ डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है. निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **1. निविदा सं–20–डीडीयू– मं. ई.जी.–मुख्यालय–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/ डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में डीआरएम कार्यालय, पार्किंग स्थान और ग्रीन पैच विकास में सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत** रू.39899508.12 **धरोहर राशि** रू. 798000.00 **2. निविदा सं–22–डीडीयू– मं. ई.जी. –मुख्यालय–26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में इंडियन इंस्टिट्यूट स्टेडियम और खेल मैदान का सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत** रू.39867283.21 **धरोहर राशि** रू.797400.00 **3. निविदा सं**–23–डीडीयू– **मं. ईजी.** –मुख्यालय–26–27, **कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में गया कॉलोनी में मानसरोवर तालाब के पास पार्क का सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत** रू. 15663418.04 **धरोहर राशि** रू.313300.00 **4.निविदा सं**–24–डीडीयू–**मं. ईजी.** –मुख्यालय –26–27, **कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में अधीनस्थ विश्राम गृह का निर्माण। **कार्य का अनुमानित लागत** रू.20488013.69 **धरोहर राशि** रू.409800.00 **5.निविदा सं–25–डीडीयू–मं.ईजी.**– मुख्यालय –26–27 **कार्य का नाम एवं लोकेशनः**सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय/ डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में बाकले क्लब में खेल सुविधा का विकास। **कार्य का अनुमानित लागत** रू. 39975728.47 **धरोहर राशि** रू.799500.00 **ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** 12.06.2026 को 12:00 बजे तक **वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी** www.ireps.gov.in **नोटः**– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व मध्य रेल/ पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल**
**पीआर/0275/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/60**


# चोरी की दो बाइक सहित तीन गिरफ्तार, शराब के साथ कारोबारी धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने वाहन चोरी मामले में फरार चल रहे तीन शातिर अपराधियों को दो चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 60 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को भी दबोच लिया गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भगवान कुमार उर्फ भगवान चौधरी एवं पंचन कुमार उर्फ बच्चू, दोनों निवासी बैरागी बीघा गांव तथा चंदन कुमार भारद्वाज, निवासी मुंडेरा गांव के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल भी बरामद की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर टिकारी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तीनों युवक लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं में सक्रिय थे। इसी क्रम में कोंच थाना कांड संख्या 145/26 के तहत अवैध शराब कारोबार के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गोरकटी गांव निवासी रविस कुमार द्वारा बड़े पैमाने पर देसी महुआ शराब का अवैध कारोबार किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने छापेमारी कर रविस कुमार को 60 लीटर देसी महुआ शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# दिवंगत सोनाकली देवी की स्मृति में शोक सभा

**कोंच (नबिटा सं.)।** प्रखंड के कठौतिया गांव में दिवंगत सोनाकली देवी की स्मृति में शोक सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम (निर्गुण) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवंगत के बड़े पुत्र राजेश यादव ने की जबकि संचालन पत्रकार डीके यादव ने किया।

# दिनारा में निजी स्कूल संचालक लापता, मां ने दर्ज कराई एफआइआर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा थाना क्षेत्र के जमरोढ़ रोड स्थित एक निजी स्कूल के संचालक आशुतोष सिंह उर्फ गोलू कुमार रहस्यमय तरीके से लापता हैं। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह खुद मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई। परिजनों के मुताबिक आशुतोष सिंह भानस थाना क्षेत्र के पिपरनी गांव के विष्णु भगवान सिंह के पुत्र हैं और परिवार के साथ दिनारा में किराए के मकान में रहते हैं। बुधवार शाम पांच बजे वे ट्यूशन पढ़ाने की बात कहकर घर से निकले थे। रात 11 बजे तक वापस नहीं लौटने पर जब मोबाइल पर संपर्क किया गया तो पहले कॉल रिसीव नहीं हुई और बाद में फोन स्विच ऑफ बताने लगा। परिजनों का कहना है कि वे रोज तीन-चार बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते थे और रात में विद्यालय पर लाइट जलाने जाते थे। तलाश करने पर विद्यालय का ताला खुला मिला, लेकिन अंदर कुंडी लगी थी। कमरे में प्राचार्य की कुर्सी गिरी हुई थी, घड़ी टूटकर बिखरी थी और टेबल पर चाय का कप रखा था।

# मोहनियां में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** महाराणा प्रताप कॉलेज में आज से भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विशेष रूप से राज्यसभा सांसद शिवेश राम यहां पहुंचे। सांसद शिवेश राम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन पर्व का ही एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को अनुशासित और कुशल बनाना है। उन्होंने विस्तार से जानकारी दी कि भाजपा की विचारधारा को बूथ स्तर से लेकर मंडल, जिला और राज्य स्तर तक कैसे मजबूत किया जाए। सांसद ने बताया कि वर्तमान में पूरे बिहार में संगठन के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अब तक राज्य के 52 जिलों में से कई जिलों में यह प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है और आज 16 जिलों में एक साथ यह प्रशिक्षण शुरू हुआ है। कैमूर जिले के मोहनियां में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन केंद्रीय टोली के वरिष्ठ नेता राजू भंडारी द्वारा किया गया। यह शिविर कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करने और उन्हें आगामी राजनीतिक कार्यों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाजपा का जोर अपने कार्यकर्ताओं को हर स्तर पर शिक्षित और सक्रिय रखने पर है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**( लापता जुबेर अंसारी, उम्र-करीब 17 वर्ष )**



बड़गड़ थाना सनहा सं0–19/26 दिनांक–17.05.2026 में लापता जुबेर अंसारी, उम्र करीब–17 वर्श, पिता–एहसान अंसारी, पता–उगरा, पो0+थाना–बड़गड़, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाला है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जुबेर अंसारी दिनांक–17.05.2026 को सुबह 06:00 बजे से अपना गॉव घर से गुम हो गया है, तथा अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता लड़का का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**
नाम–जुबेर अंसारी, लम्बाई–5 फीट 7 इंच, रंग–गेहुआ, बाल–काला, शरीर–दुबला/पतला, भाषा–हिन्दी, पहनवा– लोवर एवं सर्ट क्रिम क्लर का, पैर में हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 380635 Police (26-27)_D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष 2026–27 (01 मई 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए एवं तालाबों की बन्दोबस्ती (मत्स्य पालन/पार्क) खुली डाक बोली द्वारा दिनांक **28.05.2026** को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी वह डाक दिनांक **29.05.2026** को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। डाक से संबंधित सभी कागजात दिनांक 30.05.2026 को कार्यालय में राजस्व शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्श 2026–27 के लिए सरकारी डाक राशि | तीन वर्षो 2026–27 से 2028–29 | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) | रकबा सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | झरना आहर, रेड़मा | 2,20,000/- | 9,90,000/- | 1,65,000/- | 03 एकड |
| 2 | बड़का बांध आहर, रेड़मा | 5,00,000/- | 15,00,000/- | 3,75,000/- | 05 एकड |
| 3 | छोटकी बैरिया बांध, बैरिया | 5,50,000/- | 16,50,000/- | 4,12,500/- | 4.45 एकड |
| 4 | गुरियाही चेक डैक, बारालोटा | 11,00,000/- | 33,00,000/- | 8,25,000/- | 10.00 एकड |
| 5 | समदा आहर, रेड़मा | 5,50,000/- | 16,50,000/- | 4,12,500/- | 4.00 एकड |
| 6 | रेड़मा रेलवे कॉलोनी, रेड़मा | 2,75,000/- | 8,25,000/- | 2,06,520/- | 1.02 एकड |
| 7 | किशुन साव आहर, चैनपुर | 1,10,000/- | 3,30,000/- | 82,500/- | 0.91 एकड |
| 8 | कचरवा डैम, पोखराहा | 55,00,000/- | 1,65,00,000/- | 41,25,000/- | 124.00 एकड |
| 9 | सुर्य मंदिर, चैनपुर तालाब + पार्क | 5,00,000/- | 15,00,000/- | 3,75,000/- | 3.65 एकड |

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 डाक की राशि | वर्ष 2026–27 के लिए सरकारी डाक राशि 15% वृद्धि के पश्चात। | वर्ष 2026–27 के लिए 10 माह का डाक की राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) | रूट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हॉस्पिटल चौक के समीप IMA हॉल के सामने एवं (छोटी गाडियों के लिए) गीता भवन से थाना तक। | 7,81,000/- | 8,98,150/- | 7,48,460/- | 1,87,115/- | छःमुहान चौक होते थाना होते अम्बेदकर पार्क होते गीता भवन होते आई0एम0ए0 हॉल होते हॉस्पीटल चौक क्षेत्र तक। |
| 2 | चैनपुर, स्टैण्ड | 2,20,000/- | 2,53,000/- | 2,10,834/- | 52,710/- | चैनपुर टेम्पु स्टैण्ड |
| 3 | कचहरी पार्किंग | 4,22,000/- | 4,85,300/- | 4,04,418/- | 1,01,105/- | कचहरी कैम्पस पार्किंग। |
| 4 | चियांकी पार्क | – | – | 2,00,000/- | 50,000/- | चियांकी पार्क, सम्पूर्ण। |

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 380602 (District) 26-27 (D)

## एक नजर

### कौआकोल अंचल कार्यालय में जनता दरबार

**कौआकोल**। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर अंचल कार्यालय कौआकोल में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में कुल पांच मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें चार मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया,जबकि शेष एक अन्य मामले में आवश्यक जांच एवं साक्ष्य के आधार पर अगली तिथि निर्धारित कर सुनवाई के लिए रखा गया।जनता दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने की। मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, मिथुन कुमार, दीपक कुमार, आदित्य कुमार, नितेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन होने पर एसएफआई की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा डिग्री कॉलेज के स्थान परिवर्तन होने पर एसएफआई का अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार के दिन नगरनौसा बस स्टैंड के पास नाराज लोगों ने एनएच 431 जाम कर अपना विरोध प्रदर्शन किया था। अनिश्चितकालीन हड़ताल का नेतृत्व कर रहे कांति कुमारी ने कहा कि आज कुछ लोगों के कारण हमलोगों के संघर्ष के बाद नगरनौसा में स्थापित हुई डिग्री कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय से हटाकर कैला पंचायत के लोदीपुर कर दिया गया जो गलत है। नगरनौसा बालिका उच्च विद्यालय खाली रहने के बाद भी नगरनौसा डिग्री कॉलेज को लोदीपुर स्थानांतरित कर देना समझ मे पड़े हैं। नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय के आसपास बहुत सारी सरकारी जमीन है जिसपर कुछ व्यक्तिगत लोगों का अवैध कब्जा है। हमारी मांग है कि डिग्री कॉलेज को तत्काल नगरनौसा बाजार के बालिका उच्च विद्यालय से संचालित किया जाए और जो जमीन पर अवैध कब्जा है उसे खाली करा कर कॉलेज का नया भवन बनाया जाए। जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं कि जाति जबतक हमलोगों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। इस मौक पर कान्ति कुमारी, रिशु कुमार, जय प्रकाश कुमार, ऋषि कुमार, पप्पू कुमार, धर्मदेव कुमार, मोनी कुमार, गायत्री कुमारी, सावित्री कुमारी आदि उपस्थित थे।

### स्व. जनार्दन प्रसाद को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, शिक्षकों ने याद किया योगदान



**नवादा**। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यालय में स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं संघ पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शिक्षा और शिक्षक हितों के लिए उनके योगदान को स्मरण किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद एक कर्मठ, इमानदार और शिक्षकों के हितों के प्रति सदैव समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था के विकास एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं शिक्षक समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विजय कुमार (पूर्व अध्यक्ष, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ, नवादा), राम नरेश सिंह (पूर्व सदस्य, जिला कार्यकारिणी), ओंकार नाथ राय (जिलाध्यक्ष), रंजीत कुमार (जिला सचिव), अविनाश कुमार (कोषाध्यक्ष), पुष्कर कुमार अरुण (संयुक्त सचिव), राजेश कुमार (उपाध्यक्ष), धर्मेंद्र कुमार (संगठन सचिव), महेश कुमार (संघ प्रवक्ता), दयानन्द सिन्हा (मीडिया प्रभारी), सुरेंद्र कुमार (कार्यालय सचिव), आनंदी कुमार (प्रखंड अध्यक्ष, नवादा), अविनाश कुमार (प्रखंड सचिव, नवादा), प्रमोद कुमार (प्रखंड कोषाध्यक्ष, नवादा), सुनील कुमार रजक (जिला प्रतिनिधि), प्रीतम कुमार (राज्य प्रतिनिधि), अलख निरंजन यादव (प्रखंड अध्यक्ष, कौआकोल) एवं सत्येंद्र कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### शिक्षा सेवक सनोज राजवंशी के असामायिक निधन से शिक्षा सेवकों में शोक की लहर

**पकरीबरावां**। प्रखंड स्थित बिहटा गांव निवासी 30 वर्षीय शिक्षा सेवक सनोज राजबंशी का निधन बीते दिनों गुरुवार को हो गया। वे अपने एक रिश्तेदार बुधौली गांव से अपने भाई को छोड़कर वापस घर लौट रहे थे, जहां विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाईकिल रोह शेखपुरा के बीच रोड पर शाम सात बजे सनोज राजबंशी का मोटरसाइकिल में जोड़दार टकर मार दी जिससे दुर्घटना स्थल पर ही सनोज राजवंशी का मौत हो गई। वे प्राथमिक विद्यालय ओरानी, कोनन्दपुर में शिक्षा सेवक के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने अपने पीछे मां, पत्नी,पुत्री संध्या कुमारी 14 वर्ष, पुत्र अंशु कुमार 10 वर्ष,पुत्र हिमांशु कुमार 8 वर्ष को छोड़कर इस दुनिया से अलविदा हो गये। वहीं सनोज राजवंशी का मौत की खबर सुनते हीं बिहार मुसहर भुंईया शिक्षा सेवक महासंघ के प्रदेश सचिव मुकेश मांझी ने भी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी है। और जल्द हीं शिक्षा विभाग से उनके पीड़ित परिवार को अनुग्रह राशि दिलाने का भरोसा दिया। मृतक शिक्षा सेवक सनोज राजबंशी एक अच्छे स्वभाव के थे। उनके असामायिक निधन से संघ, समाज के साथ साथ शिक्षा जगत में अपूर्णीय क्षति हुई है।

### बीमार सास की देखभाल के लिए शिक्षिका ने की मंत्री से स्थायी पदस्थापन की मांग

**बिहारशरीफ**। बड़ी पहाड़ी राष्ट्रीय प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त मनोविज्ञान शिक्षिका प्रीति कुमारी ने मानवीय आधार पर बड़ी पहाड़ी राष्ट्रीय प्लस टू उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ में स्थायी पदस्थापना की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने बिहार सरकार के सूचना एवं जन-सम्पर्क सह ग्रामीण विकास मंत्री को आवेदन सौंपा है। प्रीति कुमारी वर्तमान में टीआरई-2 के तहत प्लस टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय, गोपालबाद-परनामा में पदस्थापित हैं। आवेदन में बताया कि उनका वर्तमान कार्यस्थल घर से करीब 80 किलोमीटर दूर है, जिससे पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में कठिनाई हो रही है। बताया कि उनकी सास सुशीला देवी गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं और उनकी देखभाल के लिए घर पर उनकी उपस्थिति आवश्यक है। इसी परिस्थिति को देखते हुए डीएम के हस्तक्षेप पर उन्हें तीन माह के लिए बड़ी पहाड़ी राष्ट्रीय प्लस 2 उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया था। कहा कि प्रतिनियुक्ति की अवधि इस माह समाप्त हो रही है। ऐसे में उन्होंने मानवीय आधार पर स्थायी पदस्थापना अथवा अगले आदेश तक प्रतिनियुक्ति जारी रखने की मांग की है। इस संबंध में शिक्षिका ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को भी आवेदन के माध्यम से अवगत कराया है।

# 15वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा नगर स्थित मिर्जापुर कृष्णा प्रसाद खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय 15वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि खिलाड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें तो उन्हें सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिला स्तर पर ऐसे खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराकर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर दिया जाता है। इसके लिए उन्होंने जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं आयोजकों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता का आयोजन जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव विक्रम कुमार की देखरेख में किया जा रहा है, जबकि खेलों का संचालन शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-14 बालक वर्ग की 60 मीटर दौड़ में गगन कुमार प्रथम, रवि रंजन कुमार द्वितीय तथा सूरज कुमार तृतीय रहे। 600 मीटर दौड़ में निखिल कुमार ने पहला, रजनीश कुमार ने दूसरा और ऋषु राज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 60 मीटर दौड़ में सिमरन कुमारी प्रथम, राधा कुमारी द्वितीय एवं शिवानी कुमारी तृतीय रहीं, जबकि 600 मीटर दौड़ में राधा कुमारी प्रथम, राजनंदनी कुमारी द्वितीय तथा मधु कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-16 बालक वर्ग की 60 मीटर दौड़ में सत्यम कुमार प्रथम, इंद्रजीत कुमार द्वितीय और धीरज कुमार तृतीय रहे। 600 मीटर दौड़ में आशीष साव ने पहला, इंद्रजीत कुमार ने दूसरा तथा आर्यन राज ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग की 60 मीटर दौड़ में चाहत कुमारी प्रथम, सोनाली कुमारी द्वितीय एवं सपना कुमारी तृतीय रहीं। वहीं 600 मीटर दौड़ में सपना कुमारी प्रथम, सिमरन कुमारी द्वितीय तथा हेमा रानी तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-18 आयु वर्ग के 100 मीटर बालक वर्ग में मोहम्मद फैयाज अंसारी प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय और मुकेश कुमार तृतीय रहे। बालिका वर्ग में नेहा कुमारी प्रथम, अमीषा कुमारी द्वितीय तथा निशु कुमारी तृतीय रहीं। अंडर-16 बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में निशु कुमारी प्रथम, लक्ष्मी कुमारी द्वितीय एवं ब्यूटी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-18 बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में अल्पना रंजन प्रथम, प्रीति कुमारी द्वितीय और निशु कुमारी तृतीय रहीं। वहीं अंडर-18 बालक वर्ग की 5 किलोमीटर दौड़ में पंकज कुमार प्रथम, रंजन कुमार द्वितीय तथा राजीव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो आगामी 10 जून से पटना स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के सफल संचालन में तकनीकी पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनमें कीर्ति रंजन, मनजीत, चंदन कुमार, कृष्णा प्रसाद कुमार, सुनील कुमार, राहुल कुमार, गुलशन बाबू, पवन कुमार, इंद्रजीत कुमार, रोहित कुमार, रितु कुमारी और काजल कुमारी सहित कई लोगों ने सक्रिय योगदान दिया।

## संदिग्ध अवस्था में व्यक्ति का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय थाना क्षेत्र के परिऔना गांव स्थित पेट्रोल पंप के पीछे खेत में संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहडीह मोहल्ला निवासी बालो महतो के 45 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि परिऔना गांव के पेट्रोल पंप के पीछे सब्जी के खेत में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। साथ ही घटनास्थल को सुरक्षित कर एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यदि मृतक के परिजन लिखित आवेदन देते हैं तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है।

## बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी गोविंदपुर, प्रखंड गोविंदपुर में शनिवार को बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड इकाई गोविंदपुर का कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। श्री राजेश कुमार की अध्यक्षता एवं सुरेश कुमार सुमन द्वारा मंच का संचालन किया गया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि नियोजित शिक्षकों का बकाया राशि जो वर्षों से लंबित है। विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। नियोजित शिक्षकों का 12 वर्षीय एवं विशिष्ट शिक्षकों का 8 वर्षीय प्रोन्नति पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के मनमानेपन के कारण प्रखंड स्तर से जिला शिक्षा कार्यालय, स्थापना शाखा, नवादा को सेवा-पुस्त भेजा नहीं जा रहा है जिस कारण प्रोन्नति देने में विलंब हो रही है। बैठक में शिक्षकों के द्वारा आरोप लगाया गया कि कुछ अनाधिकृत लोगों द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत विद्यालय से विद्यालय अभिलेखों एवं शिक्षकों का शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मांग कर शिक्षकों से नाजायज राशि की मांग की जा रही है। इससे शिक्षक काफी रोष में है। इसके अलावा कुछ विद्यालयों में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन ग्रामीण जनता की आपसी रंजिश के कारण नहीं हो पा रहा है जिससे वहां विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं बन पा रहा है। शिक्षक अपनी समस्याएं पदाधिकारीयों के बीच रखने के बावजूद भी पदाधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इससे शिक्षक काफी निराश है। जिला सचिव अजय कुमार ने कहा कि दो माह से नियोजित शिक्षक और सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्नातक ग्रेड के शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया हुआ है। विशिष्ट और नियमित शिक्षकों का एरियर भुगतान नहीं किया जा रहा है।

**नयी कार्यकारिणी का विस्तारः** प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सलोनी कुमारी, प्रखंड सचिव श्रवण कुमार, उपाध्यक्ष पुष्पा कुमारी, बबन कुमार, पंडित रंजन कुमार, संयुक्त सचिव रूबी कुमारी, सर्वोत्तम, अरुण कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, अंकेक्षक प्रह्लाद पासवान, कार्यालय सचिव शिवनंदन कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को जिला कमिटी की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। बैठक में प्रखंड सचिव सुबोध कुमार, जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष बिनोद कुमार, जिला कोषाध्यक्ष मो0 मिनहाज अंसारी, जिला संयुक्त सचिव वीरेंद्र वीर, सुरेश कुमार सुमन, सुनील कुमार पासवान के साथ-साथ सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

## विधायक के सामने हिसुआ नगर परिषद में हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। हिसुआ नगर परिषद की आम बैठक उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई, जब मुख्य पार्षद पूजा कुमारी और वार्ड पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। बैठक में स्थानीय विधायक अनिल सिंह की मौजूदगी के बावजूद माहौल तनावपूर्ण बना रहा। पार्षदों ने मुख्य पार्षद पर मनमानी करने और उनकी उपेक्षा करने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, बैठक में नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होनी थी। इसी दौरान कुछ वार्ड पार्षदों ने विकास योजनाओं, खर्च और कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए। आरोप है कि पार्षदों की बातों को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा था, जिससे विवाद बढ़ गया। उपमुख्य पार्षद टिंकू चौधरी सहित कई पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद में निर्णय एकतरफा तरीके से लिए जा रहे हैं। विवाद बढ़ने के बाद उपमुख्य पार्षद समेत सभी वार्ड पार्षदों ने विधायक के सामने ही बैठक का बहिष्कार कर दिया और सभाकक्ष से बाहर निकल गए। पार्षदों के बाहर चले जाने के कारण बैठक बिना किसी ठोस निर्णय के समाप्त हो गई। इससे नगर परिषद के विकास कार्यों और योजनाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। बैठक के बाद नाराज पार्षदों ने कहा कि जब तक हमलोग के बातों को महत्व नहीं दिया जाएगा और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। वहीं इस घटनाक्रम के बाद हिसुआ नगर परिषद की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

## प्रधान शिक्षिका पर लापरवाही का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिले के हिसुआ प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय नरहतपुर फुलवरिया की प्रधान शिक्षिका रंजू कुमारी पर विद्यालय संचालन में अनियमितता एवं लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों तथा विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाता। बच्चों को न तो नियमित रूप से फल उपलब्ध कराया जाता है और न ही हरी सब्जी एवं दाल दी जाती है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से नहीं किए जाने तथा सचिव के हस्ताक्षर के बिना राशि निकासी करने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने इसे वित्तीय अनियमितता बताते हुए जांच की मांग की है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि प्रधान शिक्षिका विद्यालय में कम उपस्थित रहती हैं, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में समय पर घंटी नहीं बजती, खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित नहीं होतीं और बच्चों के अनुशासन व मॉनिटरिंग पर भी पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय की व्यवस्था लगातार बदतर होती जा रही है, जिससे बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर संगठन को किया जा रहा मजबूत : श्रेयसी सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ**। पावापुरी स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर सभागार में पं. दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, बिहारशरीफ विधायक डा सुनील कुमार, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना, मुंगेर के पूर्व विधायक प्रणव यादव, प्रशिक्षण महाभियान के प्रभारी दीपक प्रकाश,समेत कई नेता मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर में जिले भर से करीब 250 भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। दो दिनों तक चलने वाले इस शिविर में कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जाएगा। भाजपा इस प्रशिक्षण शिविर के जरिए जिले में संगठन को और मजबूत करने में जुटी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर संगठन को मजबूत बनाने हेतू प्रशिक्षित करती है, यही कारण है कि पार्टी साल के 365 दिन सक्रिय रहती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षण देने के बाद अब बिहार में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं राजद द्वारा चुनावी चंदे को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है और बेबुनियाद आरोप लगाकर सिर्फ सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर रहा है। बिहार में आईपीएल टीम की संभावना पर मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि बिहार की भी अपनी आईपीएल टीम हो, ताकि राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आईपीएल आयोजन और टीम गठन में हरसंभव सहयोग करेगी। साथ ही राजगीर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जल्द खेल गतिविधियां शुरू होंगी। राज्यभर में प्रखंड स्तर पर खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का मौका मिल सके। प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के स्तंभ होता है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि नालंदा में भाजपा की स्थिति मजबूत है फिर भी हम सभी कार्यकर्ता मिलकर एक एक बूथ तक मेहनत कर मजबूत बनाने में प्रयासरत है। इस अवसर पर बिहार शरीफ विधानसभा विधायक डा सुनील कुमार,भाजपा जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, अचल कुमार सिन्हा, आश्रिति शर्मा, चंद्रकांता सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर सिंह, तेजस्विता राधा, साबो देवी, डा अशुतोष कुमार, शिवशंकर दास, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, जिला मंत्री अमरेश कुमार, राजीव रंजन, योगेंद्र मंडल, रंजू कुमारी, कंचन कुमारी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, सतीश प्रसाद, सोनू कुमार हिंदू, धीरेंद्र रंजन, उजाला कुमार सोनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, अनूसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरव जैन, आईटी सेल संयोजक अमित शान, ओ बी सी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास चंद्रवंशी, क्रिडा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जयराम कुमार, जिला प्रोटोकॉल प्रभारी अमित गौरव, अमरकांत भारती, प्रवीला देवी, रीना कुमारी, अंजु कुमारी, रविकांत गुप्ता ,प्रणव कुमार सिन्हा, धीरज पाठक, इन्दु कुशवाहा, डा रेणु देवी, सुभाष प्रसाद सिंह, सन्नी पटेल, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, कृष्णमूर्ति कुमार, धनंजय कुमार, संदीप कुमार, अविनाश कुमार, शशिकला सिन्हा, बिट्टू कुमार, संजीव कुमार, अभयानंद पाण्डेय, धर्मेंद्र कुशवाहा, रवि कुमार, मंजय चंद्रवंशी, ललन कुमार, आजाद कुमार, अमर राजपूत, रीना सिन्हा, खुश्बू कुमारी, शिल्पी कुमारी,गौरी देवी, अनुपमा श्रीवास्तव , आलोक रंजन, राहुल कुमार, संजीव कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'जन भागीदारीः सबसे दूर, सबसे पहले' कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों ने बताई समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रजौली**। अनुसूचित जनजातीय परिवारों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान 'जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले' के तहत शुक्रवार को रजौली प्रखंड की हरदिया पंचायत अंतर्गत चोरडीहा के चरघरवा में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आवश्यक बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य आदि विषयों पर अपनी समस्याएं रखीं। स्थानीय मड़की मुण्डा, बहादुर मुण्डा एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में पूर्व से संचालित नल-जल योजना भी बंद हो चुकी है। आवागमन हेतु उचित सड़क के अभाव में दैनिक जरूरी कार्य भी प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ने सरकार से गुहार लगाई कि जनजातीय परिवारों की समस्याओं का समाधान किया जाए ताकि वे अच्छे से जीवन-निर्वाह कर सकें। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेशु कुमार एवं डॉ. अमर कुमार के नेतृत्व में 17 पशुपालक परिवारों के कुल 89 पशुओं का उपचार किया गया। साथ ही पशुओं को विभिन्न रोगों से बचाव के संबंध में आवश्यक सुझाव व जागरूकता प्रदान की गई और कृमिनाशक दवाओं का वितरण किया गया। स्थानीय जनजातीय पशुपालकों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनजाति क्षेत्रों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेन्द्र चौहान के द्वारा ग्रामीण डोमच मुण्डा और बहादुर मुण्डा का जॉब कार्ड बनाकर मौके पर ही दिया गया। अन्य विभागों के पदाधिकारियों ने भी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने सफल जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्या सुने जाने तथा योजनाओं का लाभ मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम सरकार द्वारा समय-समय पर आयोजित करने की इच्छा जताई।

## श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। मलमास मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। देर रात्रि में नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने ब्रह्मकुंड परिसर, विभिन्न आवासन स्थलों एवं संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मलमास मेला में विधि-व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने विभिन्न आवासन स्थलों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं से बातचीत की और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मेला क्षेत्र में प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। आपदा मित्रों द्वारा वृद्ध श्रद्धालुओं को व्हील चेयर से ब्रह्मकुंड तक पहुंचाकर स्नान कराया जा रहा है। वहीं ब्रह्मकुंड में स्नान के दौरान पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं आपदा मित्र श्रद्धालुओं की सहायता में जुटे रहे। जिग-जैग कतारों में खड़े श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन एवं मिस्ट स्प्रे की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

# गया शहर में सरकारी भूमि चिन्हित करने एवं राजस्व कार्यों में तेजी लाने का मंत्री ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिला अतिथि गृह सभागार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर गया टाउन क्षेत्र में सरकारी भूमि चिन्हित करने तथा राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सरकारी स्कूल, कॉलेज एवं अस्पताल जैसी जनोपयोगी संस्थाओं की स्थापना के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी स्थलों की पहचान कर सूची तैयार की जाए जहां भविष्य में जनहित से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा सके। समीक्षा के क्रम में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी गया एवं अपर समाहर्ता गया के सहयोग से वार्ड संख्या 45 में लगभग 2.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अभी भी कई ऐसी भूमि है जिनसे संबंधित मामले न्यायालय में लंबित हैं, उनका शीघ्र निष्पादन कराया जाए। उन्होंने नगर क्षेत्र के बाहर उपलब्ध सरकारी भूमि का विवरण तैयार करने तथा भूमिहीन परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार लाभ से वंचित न रहे। बैठक में मां बागेश्वरी रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद प्रभावित भूमिहीन परिवारों की जमीन का म्यूटेशन कराने के लिए विशेष सर्वे कैंप लगाने पर भी चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने निर्देश दिया कि म्यूटेशन की प्रक्रिया एक साथ कैंप के माध्यम से पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सामूहिक म्यूटेशन करने का अधिकार जिला अपर समाहर्ता को प्राप्त है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र में वार्डवार कैंप लगाकर लगान वसूली की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शहर में उपलब्ध सरकारी भूमि की विस्तृत जानकारी संकलित करने पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को उत्तम नगर क्षेत्र में सरकारी भूमि की खोज करने तथा वार्ड संख्या 43 स्थित भैरव स्थान के ऊपर उपलब्ध सरकारी भूमि की जांच कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारीगण सहित जिला प्रशासन के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोंच में दारोगा सस्पेंड, घूसखोरी और जब्ती में लापरवाही का मामला

## छात्रा की शिकायत पर आइजी विकास वैभव की बड़ी कार्रवाई, थानाध्यक्ष को भी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पुलिस महकमे में मनमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ मगध क्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने शनिवार को कड़ा रुख अपनाते हुए कोंच थाना में तैनात दारोगा मनोज कुमार को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जनसुनवाई के दौरान एक छात्रा की शिकायत और उसके बाद हुई जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद की गई। साथ ही जब्त सामानों के रखरखाव में बरती गई लापरवाही को लेकर कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार को भी सख्त चेतावनी दी गई है।

**छात्रा ने लगाया घूस मांगने का आरोप**

जानकारी के अनुसार 21 मई 2026 को आईजी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कोंच बाजार निवासी शानू कुमारी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। छात्रा ने आरोप लगाया कि कोंच थाना कांड संख्या 67/26 के जांच अधिकारी दारोगा मनोज कुमार ने उसकी दुकान की चाभी और मोबाइल फोन अपने पास रख लिया था। कई बार आग्रह करने के बावजूद सामान वापस नहीं किया गया और इसके बदले पैसों की मांग की जा रही थी। छात्रा का कहना था कि उक्त सामान आधिकारिक जब्ती सूची में भी शामिल नहीं था।

**ऑनलाइन पढ़ाई बाधित होने की बताई मजबूरी**

पीड़िता ने आईजी को बताया कि उसके पिता अंग्रेजी शराब एवं गांजा बिक्री के मामले में पिछले ढाई महीने से जेल में बंद हैं। परिवार की जिम्मेदारी उसके ऊपर आ गई है। मोबाइल फोन नहीं होने से उसकी ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो गई थी। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि मजबूरी में उसने बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सरकार से मिली 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि में से 20 हजार रुपये दारोगा को दे दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी ने टिकारी एसडीपीओ को जांच का निर्देश दिया। जांच के दौरान छात्रा के आरोप सही पाए गए। रिपोर्ट में सामने आया कि दारोगा मनोज कुमार ने दो मोबाइल फोन और दुकान की चाभी को दो महीने से अधिक समय तक अपने पास रखा था। इस संबंध में न तो कोई वैधानिक दस्तावेज तैयार किया गया था और न ही न्यायालय को इसकी सूचना दी गई थी।

**भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं**

आईजी विकास वैभव ने स्पष्ट कहा कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार, मनमानी और लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा कायम रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और लोगों को परेशान करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# 27 करोड़ की लागत से बनने वाले चेक डैम के निर्माण कार्य का मंत्री ने किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी के फेनागी स्थित मोरहर नदी पर बने निमसर वियर बांध में जल ठहराव को लेकर पचमहला ग्राम के निकट 27 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बनने वाले चेक डैम के निर्माण कार्य का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। बिहार के उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पचमहला पहुंचकर इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास व शिलापट्ट का अनावरण किया। इस परियोजना के धरातल पर उतरने से निमसर व फेनागी वियर बांध जल संचयन को एक नई दिशा मिलेगी व इसका सीधा लाभ क्षेत्र के किसानों को मिलेगा। शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने इस परियोजना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह चेक डैम पूर्व मंत्री सह क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ अनिल कुमार के अथक व निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उनके विजन और प्रयास के कारण ही आज यह कार्य धरातल पर उतर सका है। इस डैम के निर्माण से क्षेत्र के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वहीं डॉ अनिल कुमार ने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहने की बात कही व अपने कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों को गिनवाया। मंच का संचालन टिकारी सीओ मयंक शेखर ने की। कार्यक्रम को लेकर डीएम शशांक शुभंकर, एसएसपी सुशील कुमार, एसडीएम प्रवीण कुंदन, एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल सहित जल संसाधन विभाग से जुड़े कई अधिकारी व पुलिस बल मौजूद थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के सिंदुआरी पुल के समीप शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के झरहा रामपुर गांव निवासी 45 वर्षीय उमेश यादव, पिता सीता यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश यादव गांव में किराना दुकान चलाते थे। शुक्रवार को वह बाइक से कोंच बाजार किराना सामान खरीदने आए थे। बाजार से वापस घर लौटने के दौरान सिंदुआरी पुल के समीप वह सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले। आशंका जताई जा रही है कि वह बाइक से गिरकर घायल हुए या किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए।

# सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित करना समय की मांग : रामकृपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अरवल।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने किया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव एवं अरवल विधानसभा विधायक मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अरवल स्थित आनन्द विहार होटल के सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पार्टी नेता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रदर्शनी के निरीक्षण के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। पार्टी की विचारधारा, जनसेवा के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' की परिकल्पना को धरातल पर उतारने की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित करना समय की मांग है। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार जनता के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है, उसी प्रकार संगठन को भी और अधिक धारदार बनाया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग

# बाइपास के बन जाने से अरवल बाजार में जाम से लोगों को मिलेगी निजात : विजय कुमार चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अरवल।** जिले में एन एच139 पर अरवल शहर में लगने वाले सड़क जाम को समाप्त करने के लिए सौ करोड़ रुपए की लागत से सोन नहर पर कोरियम से बैदराबाद तक बाईपास का निर्माण कार्य का शिलान्यास उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार राज्य में विकास की अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बाईपास के बन जाने से अरवल बाजार में लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी और व्यवसायियों को भी व्यापार करने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अरवल के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इस अवसर पर पूर्व सांसद अरुण कुमार स्थानीय विधायक मनोज शर्मा, जिला पदाधिकारी अमृषा वैंस सहित अनेक नेता पदाधिकारी और आम जनता उपस्थित थे।

# वर्ष 2014 के बाद भारतीय रेल में ऐतिहासिक परिवर्तन : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एवे बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार आज गया के हरिदास सेमिनरी स्थित प्रेक्षा गृह में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के 47 स्थानों पर 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारतीय रेल में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला है। रेलवे ने विद्युतीकरण, आधुनिक ट्रेनों, स्टेशन पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में लगभग 21,801 रूट किलोमीटर रेल लाइन विद्युतीकृत थी जो मार्च 2026 तक बढ़कर लगभग 69,873 रूट किलोमीटर हो चुकी है। आज भारतीय रेल का लगभग 99.6 प्रतिशत ब्रॉडगेज नेटवर्क इलेक्ट्रिक हो गया है। उन्होंने कहा कि देश में वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों का विस्तार हुआ है। यात्रियों को जैविक शौचालय, जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली, वाई-फाई तथा आधुनिक कोच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में 'कवच' ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम को 3100 किलोमीटर से अधिक रूट पर लागू किया गया है जिससे रेल दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 1337 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। वर्ष 2026-27 के लिए रेलवे का पूंजीगत व्यय लगभग 2.78 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले रेलवे विद्युतीकरण की गति लगभग 1.42 किलोमीटर प्रतिदिन थी जो अब बढ़कर लगभग 15 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में केवल पांच शहरों में मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध थी जबकि अब 21 शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को हालत में सुधार के बाद अनुमंडलीय अस्पताल से दी गयी छुट्टी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी के मखपा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को हालत में सुधार के बाद अनुमंडलीय अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल की ओर से शनिवार को डॉ. मंसूर आलम स्कूल पहुंचे। स्कूल में अध्ययनरत 150 से अधिक बच्चों के साथ-साथ स्टॉफ की स्वास्थ्य जांच की। स्कूल की छात्राओं को ओआरएस और दवाईयां दी गई। वार्डेन सुषमा कुमारी ने बताया कि सभी बच्चियों का ख्याल रखा जा रहा है। उन्हें समय-समय पर स्टॉफ के द्वारा दवाईयां और ओआरएस का घोल दिया जा रहा है। अधिक गर्मी की वजह से परेशानी हुई थी। बीईओ डॉ. अभय कुमार रमन ने स्कूल का जायजा लिया। छात्राओं का हाल जाना। स्कूल में कूलर की व्यवस्था को लेकर बातचीत की। कस्तुरबा विद्यालय के लिए एक नया भवन बनाया गया है। भवन का उद्घाटन अक्टूबर, 2024 में तत्कालीन मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया था। भवन बनकर तैयार है। तीन मंजिला भवन में 36 कमरा है। शौचालय, पेयजल, बिजली, बेड सब कुछ मौजूद है, लेकिन चाहरदीवारी नहीं होने की वजह से भवन असुरक्षित है। कई दफे असामाजिक तत्वों के द्वारा ईंट मार कर भवन का शीशा तोड़ दिया गया है। वार्डेन की ओर से चहारदीवारी निर्माण को लेकर कई बार विभागीय अधिकारी से लेकर अंचल अधिकारी को पत्र लिखा गया है, लेकिन अब तक कोई चहारदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है।

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पर हुआ हमला बेहद निंदनीय : आकाश प्रियदर्शी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** गया में आयोजित एक निजी कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पर हुए हमले की मानपुर, जनकपुर पुलिस कॉलोनी निवासी युवा समाजसेवी सह पूर्व भाजपा युवा नेता और विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी मेंबर आकाश प्रियदर्शी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए कहा कि देश के एक सम्मानित जनप्रतिनिधि और भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री पर इस तरह का कायरतापूर्ण हमला बेहद चिंताजनक और अक्षम्य है। आकाश प्रियदर्शी ने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और वैचारिक मतभेदों को कभी भी हमले का रूप नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में संलिप्त दोषियों के खिलाफ तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की ताकि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि की सुरक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो सके।

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाए योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा के अधीन विभिन्न रिक्त पदो पर नियुक्ति हेतु आवेदनों की सूची संबंधी दावा/आपत्ति हेतु सूचनाः–**

केन्द्र प्रायोजित बाल संरक्षण सेवाएँ योजना मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा के अधीन विभिन्न रिक्त पदो पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–PR369247 (Socila Welfare Women and Chiled Devlopment) 25–26(D) के आलोक में प्रकाशित विज्ञापन के तहत निबंधित/स्पीड पोस्ट/कुरियर डाक के माध्यम से प्राप्त आवेंदनों की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत प्राप्त आवेदनों की पदवार सूची को दावा/आपत्ति प्राप्त करने हेतु गढ़वा जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर जारी किया है।

आवेदक प्रकाशित सूची में केवल अंकनीय एवं टंकनीय सुधार हेतु सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा कार्यालय में दिनांक–25.05.2026 से 01.06.2026 तक आवेदन के माध्यम से साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते है। दावा आपत्ति में केवल अंकनीय एवं टंकनीय सुधार किया जायगा। किसी भी परिस्थिति में ऐसे कागजात/प्रमाण पत्र जो आवेदन के साथ संलग्न नहीं है अलग से स्वीकार नहीं किया जायगा।

PR.NO.380645 Garhwa(26-27):D — उपायुक्त, गढ़वा

# पंचायत में प्याऊ जल की व्यवस्था ठप, राहगीरों को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/ गया जी।** भीषण गर्मी में भी पंचायत क्षेत्र में नहीं की गईं प्याऊ जल की व्यवस्था जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण पिंटू यादव, त्रिलोकी तिवारी ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के कई स्थानों पर पहले भी प्याऊ जल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वर्तमान समय में अधिकांश जगहों पर पानी उपलब्ध नहीं है। कहीं मोटर खराब है तो कहीं टंकी खाली पड़ी हुई है। इससे राहगीरों, मजदूरों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में प्याऊ जल केंद्र लोगों के लिए राहत का साधन होता है, लेकिन व्यवस्था ठप रहने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द प्याऊ जल व्यवस्था की जाय ताकि लोगों को गर्मी में राहत मिल सके।

# गुरारू बाजार में बढ़ी चोरी की घटनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** पिछले कुछ महीनों से गुरारू थाना क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चोरी की वारदात बढ़ी हुई है। इस क्रम में शनिवार को बाजार के बगडीहा मोहल्ला में पुराना जीविका कार्यालय के पीछे वाली गली में झारखण्ड में पदस्थापित हवलदार संतोष कुमार सिंह के घर में लाखों रूपये के जेवरात एवं नगद तथा हजारों रूपये के कीमती कपड़ों की चोरी हो गई। इस संबंध में हवलदार संतोष कुमार सिंह के भाई मंतोष कुमार सिंह ने बताया कि मेरे घर के सामने ही मेरे भाई का पक्का मकान है। मेरा भाई झारखण्ड में पोस्टेड है और उनकी पत्नी पिछले चार दिनों से स्कूल में गर्मी की छुट्टी हो जाने के कारण बच्चों सहित घर में ताला लगा कर मैके चली गई है। शनिवार की सुबह में जगा तो देखा कि मेरे भाई के घर का मुख्य दरवाजा का ताला कटा हुआ है जब अन्दर घर में गया तो देखा कि घर के अन्य कमरों का ताला भी कटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है तथा गोदरेज भी टूटा हुआ है। भाई की पत्नी ने बताया कि गोदरेज में करीब आठ लाख का गहना एवं बावन हजार रूपये नगदी तथा करीब डेढ़ लाख रुपये का कीमती कपड़ा था। देखा कि उक्त सारी चीजें नहीं है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**( अज्ञात सड़ा–गला भाव कंकाल का फोटो)**



दिनांक–19.05.2026 को बड़गड़ थाना अन्तर्गत ग्राम–सालो बिजली पावर हाउस के पास स्थित जंगल से एक अज्ञात सड़ा–गला एवं क्षत–विक्षत अवस्था में शव कंकाल को बरामद किया गया है। उक्त शव को देखने से किसी महिला का प्रतीत होता है। उक्त अज्ञात बरामद शव कंकाल के संबंध बड़गड़ थाना कांड सं0–16/26, दिनांक–19.05.26, धारा–103(1), 238, भारतीय न्याय संहिता 2023 अंकित किया गया है। उक्त अज्ञात शव का शिनाख्त/पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया है। परन्तु उक्त अज्ञात शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात शव कंकाल का शिनाख्त/पहचान होने पर या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :– 1. बायॉ पैर मुड़ा हुआ, 2. खोपड़ी धड़ से अलग,
3. कमर तथा खोपड़ी के बीच का अधिकांस हिस्सा गला हुआ,4. काला लम्बा बाल एवं एक काला–सफेद रंग का शाल लपेटा हुआ।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 380631 (Police)26-27*D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**( चोरी की गई स्पलेण्डर मोटरसाईकिल रंग–ब्लैक/सिल्वर )**

गढ़वा थाना कांड सं0–642/25 दिनांक–15.12.25 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी स्पलेण्डर मोटरसाईकिल (रंग–ब्लैक/सिल्वर) जिसका रजी0 नं0–JHO3AC-3972चेचिस न0–MBLHAW121LHK11216 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 380582 Police(26-27)D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड़ संख्या–28/2025, दिनांक–11.03.2025, धारा– 308(3)/308(4)/324(5)/326(f) बी0एन0एस0 एवं 17 सी0एल0ए0 तथा 10/13 यू0ए0पी0ए0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त 1. नितेश जी उर्फ इरफान पे0–बोधा यादव साकिन–तरवाडीह थाना–मैगरा (डुमरिया) जिला–गया, बिहार 2. संजय यादव उर्फ गोदराम जी उर्फ बुधराम जी पे0–सरजू यादव साकिन–देवगन 3. गुड्डु यादव पे0–गुंजन यादव साकिन–डाली दोनों थाना–छतरपुर एवं 4. इम्तियाज अंसारी उर्फ ठेगन मियां पे0–पीर अंसारी साकिन–भरूही थाना–मोहम्मदगंज, तीनों जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर, पलामू :– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज, पलामू :– 9431706244

**पुलिस अधीक्षक,**
**पलामू**

PR 380579 District (26-27)_D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098 | WOMEN HELPLINE-1091
DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 | CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108

संपादकीय

# यूएन में अहम सुधार प्रस्ताव

आज जबकि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अपनी भूमिका और प्रभाव को लेकर निशाने पर है, तब भारत सहित चार बड़े देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के विस्तार और स्थायी सदस्यता को लेकर पेश अहम प्रस्ताव चर्चा में है। हालांकि यूएन के पांच स्थायी देश, जिनके पास वीटो पॉवर है, इस पर शायद ही सहमत हों, लेकिन इस प्रस्ताव से उन पर दबाव तो बनेगा। वैसे भी भारत जैसे कई देश यह कह चुके हैं कि यूएन में अब बदलते वक्त के हिसाब से सुधार होने चाहिए तथा इसे ज्यादा समावेशी और लोकतांत्रिक बनाया जाना चाहिए। लिहाजा भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान (जी4 देशों) ने सुरक्षा परिषद में बदलाव को लागू करने के लिए एक रास्ता सुझाया है। इस गुट ने साफ कहा है कि सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की श्रेणी के भीतर कोई और उप-श्रेणी (सब-कैटेगरी) बिल्कुल नहीं बनाई जा सकती है। जी4 देश चाहते हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जो नए देश स्थायी सदस्य बनें, उन्हें भी पुराने सदस्यों के बराबर ही अधिकार और शक्तियां मिलें। हालांकि, बातचीत को आगे बढ़ाने और आम सहमति बनाने के लिए जी4 देशों ने एक बड़ा समझौता भी पेश किया है। इस प्रस्ताव के तहत, विस्तारित सुरक्षा परिषद में शामिल होने वाले नए स्थायी सदस्य शुरुआत में 15 साल तक 'वीटो' पावर (विशेषाधिकार) का इस्तेमाल नहीं करेंगे। वीटो पावर के इस्तेमाल पर अंतिम फैसला 15 साल की एक लंबी समीक्षा (रिव्यू) अवधि के बाद लिया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि सुधार की रुकी हुई प्रक्रिया बिना किसी विवाद के तेजी से आगे बढ़ सके और कोई देश इसमें अड़ंगा न लगाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरीश पर्वथानेनी ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) की बैठक में इस गुट का पक्ष बहुत ही मजबूती के साथ रखा। उन्होंने कहा कि दुनिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वास्तविक सुधार के लिए बहुत लंबा इंतजार किया है और अब हम इसके गंभीर परिणाम भुगत रहे हैं। मौजूदा चर्चा आईजीएन प्रक्रिया की समग्र समीक्षा करने के लिए अच्छा मंच है। इसके जरिए अब तक हुई प्रगति का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जा सकता है। राजदूत हरीश पर्वथानेनी ने वीटो के सवाल पर जी4 समूह के लचीलेपन को दोहराते हुए कहा कि स्थायी श्रेणी के भीतर किसी भी तरह की कोई उप-श्रेणी नहीं हो सकती है। जी4 गुट का स्पष्ट और अटल रुख यह है कि जो भी नए देश स्थायी सदस्य बनेंगे, उनकी जिम्मेदारियां और दायित्व भी बिल्कुल वैसे ही होने चाहिए, जैसे अभी मौजूद स्थायी सदस्यों के हैं। रचनात्मक बातचीत को बढ़ावा देने और अपना खुलापन दिखाने के लिए जी4 ने यह खास प्रस्ताव रखा है कि नए स्थायी सदस्य 15 साल की समीक्षा पूरी होने तक वीटो का प्रयोग नहीं करेंगे। जी4 मॉडल के तहत सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25 या 26 करने का प्रस्ताव है। इसमें 11 स्थायी सदस्य और 14 या 15 गैर-स्थायी सदस्य होंगे। भारतीय राजदूत ने कहा कि एक एकीकृत मॉडल केवल चर्चा का शुरुआती बिंदु है। आगे की बातचीत लिखित पाठ (टेक्स्ट) के आधार पर ही होनी चाहिए। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के इस सबसे शक्तिशाली अंग में केवल पांच वीटो-प्राप्त स्थायी सदस्य चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। बाकी 10 सदस्यों को गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। भारत ने आखिरी बार 2021-22 में गैर-स्थायी सदस्य के रूप में काम किया था। जी 4 ने जोर देकर कहा है कि अगर जल्द ही पाठ-आधारित बातचीत शुरू नहीं हुई, तो सुधारों में कोई वास्तविक प्रगति नहीं हो पाएगी।

# हिमंता का असम अब किस राह पर

**असम के विधानसभा चुनाव परिणाम बीजेपी के लिए केवल इस बात के लिए अहमियत नहीं रखते कि यहां तीसरी बार कमल खिला है। बीजेपी के लिए असम चुनाव के परिणाम राष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से भी अहमियत रखते हैं और पूर्वोत्तर भारत में अपने प्रभाव को कायम रखने के लिए भी इसका महत्व है। असम में जिस प्रचंड बहुमत से बीजेपी ने जीत हासिल की है उसमें बीजेपी की उन नीतियों मुद्दों को बल मिल रहा है जिसे वह बड़े फलक में सामने रख रही है। फिर वह चाहे एसआईआर का मामला हो, घुसपैठ के खिलाफ रणनीति हो या फिर राष्ट्रीयता का बोध कराना हो। असम में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए बीजेपी की प्रभावी रणनीति रही। विकास और सांस्कृतिक अस्मिता के साथ साथ राष्ट्रीय सरोकारों पर बीजेपी ने फोकस किया। असम में मतदाताओं को यह बताने की कोशिश की गई कि अवैध घुसपैठ को रोकने सरकार सख्त नियम लाई है।गौ सीएम हिमंता बिस्वा ने पिछले कुछ समय से अपनी सभाओं में मियां मुस्लिम शब्द का जिक्र करना शुरू कर दिया था।**

**वेद विलास उनियाल**

इस बार के चुनाव में बीजेपी ने असम के विकास के साथ कुछ और पहलुओं पर ही जनादेश मांगा था। सीएम हिमंता को असम की जनता ने प्रचंड बहुमत देकर बहुत सी अपेक्षाएं रखी। असम के विकास के साथ सुरक्षा के पहलू अहम है। घुसपैठ के खिलाफ यह खुला मतदान रहा। हिमंता को पड़ोसी राज्यों से भी तारतम्य बनाए रखना है। असम के सुदूर क्षेत्रों का विकास अपेक्षित है। साथ ही हिंसाग्रस्त क्षेत्रों पर गहरी नजर रखनी है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने असम की सत्ता को पाने के लिए असम सम्मिलित मोर्चा बनाकर राइजोर दल, असम जातीय परिषद और लेफ्ट पार्टियों को साथ लिया। असम में तीन गोगोई कांग्रेस के गौरव गोगोई, राइजोर दल करे अखिल गोगोई और असम जातीय परिषद के लुरिन ज्योति गोगोई ने प्रभावी मोर्चा बनाया, लेकिन वह हिमंता बिस्वा के चक्रव्यूह को नहीं भेद सके।

असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की राजनीतिक आभा के साए में ही हिमंता बिस्वा की सियासत भी आगे बढ़ी। तरुण गोगोई की तुलना में उनके बेटे गौरव गोगोई अपनी उम्र और तजुर्बे में कमजोर पड़े। लेकिन, असम की सियासत में वह अपने मुद्दों को धार नहीं दे सके। खासकर ऊपरी असम में भी कांग्रेस के लिए बड़ा आधार नहीं बना सके। कांग्रेस को लगता था कि असम जातीय परिषद और राइजोर दल को साथ लेकर वह जिस छह घटकों वाले आल इंडिया यूनाइटेड फ्रंट को लेकर चुनावी रण में गए हैं उससे नतीजों के पक्ष में होने का विश्वास बन रहा था। असम में कांग्रेस को क्षेत्रीय पार्टियों से अपेक्षित मदद नहीं मिली। हालांकि कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लंबी पदयात्रा करके चुनावी माहौल बनाने की कोशिश की थी। बीजेपी के संगठित चुनावी अभियान के सामने कांग्रेस का प्रचार अभियान रफ्तार नहीं पकड़ा। कांग्रेस की दिक्कतें तब और बढ़ी जब पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने भी चुनाव से ठीक पहले पाला बदला। हिमंता बिस्वा उन नेताओं



में हैं जिनकी सियासी पृष्ठभूमि आरएसएस या जनसंघ से जुड़ी नहीं है। लेकिन 2015 में कांग्रेस छोड़कर वह बीजेपी में आकर उसकी धारा में इतने समरस हो गए कि आज हिंदुत्व सनातन के फायरब्रांड नेताओं में उनका नाम शुमार होता है। कांग्रेस में उनका अपना वर्चस्व था। लेकिन नेतृत्व से संवाद में कमी होने की बात कहकर उन्होंने 2015 में कांग्रेस को छोड़ा था। हालांकि इसके पीछे तरुण गोगोई से मतभेद उभरना बड़ा कारण बना। हिमंता बिस्वा ने जब कांग्रेस को छोड़ा था तब वह पार्टी में दूसरे नंबर की अहमियत रखते थे। 2011 के चुनाव के बाद उन्हें आभास हुआ कि तरुण गोगोई अपने बेटे गौरव गोगोई को राजनीति में आगे बढा रहे हैं। हिमंता बिस्वा का कहना था कि राज्य में पार्टी के अंदरुनी हालात को लेकर जब उन्हें शीर्ष नेतृत्व से बात करनी चाही तो उन्हें अवसर नहीं मिला। बीजेपी में शामिल होकर वह नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस के संयोजक के रूप में उभरे।

इस बात भी देखा गया कि हिमंता के कांग्रेस से चले जाने पर कांग्रेस ने असम ही नहीं उत्तर पूर्व के राज्यों को भी खोया। वहीं हिमंता ने बीजेपी को ऐसे राज्यों में विस्तार दे दिया जहां उसकी पहुंच नहीं थी। आज नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्यों में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन की सरकार है। असम का शासन संभालने के बाद हिमंता बिस्वा ने कई बड़े राजनीतिक और आर्थिक सुधार किए। खासकर उन्होंने संवेदनशील मुद्दों पर अपनी स्पष्टता रखी। हिमंता के शासन को बड़े बदलाव के दौर के रूप में देखा गया। 2025-2026 में असम के विकास की दर 13% रही। केंद्र के सहयोग से भारत सरकार असम और उल्फा के एक बड़े गुट के बीच जो ऐतिहासिक शांति समझौता हुआ उसका श्रेय हिमंता बिस्वा को मिला।


यही नहीं हिमंता के कार्यकाल में कार्बी बोडो दिमासा जैसे जातीय समूहों के साथ शांति समझौते किए गए। असम के हालात धीरे-धीरे पटरी पर आते रहे। हिमंता की लोगों से जुड़ाव और सीधे संवाद की शैली लोगों को पसंद आई। हिमंता सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर पड़ोसी राज्य मेघालय और अरुणाचल के पुराने सीमा विवाद भी सुलझाए। राज्य में कनेक्टिविटी पर बहुत फोकस किया गया। असम के ब्रह्मपुत्र में कई छोटे बड़े पुल बने। जागीरोड में टाटा ग्रुप के बडे सेमीकंडक्टर प्लांट की स्थापना हिमंता सरकार की बड़ी उपलब्धि मानी गई। हिमंता सरकार ने ओरनोदोई, निजुत मोइना मिशन वसुंधरा जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई।

हिमंता सरकार ने बाल विवाह के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया। असम में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए बीजेपी की प्रभावी रणनीति रही। विकास और सांस्कृतिक अस्मिता के साथ साथ राष्ट्रीय सरोकारों पर बीजेपी ने फोकस किया। असम में मतदाताओं को यह बताने की कोशिश की गई कि अवैध घुसपैठ को रोकने सरकार सख्त नियम लाई है।गौ सीएम हिमंता बिस्वा ने पिछले कुछ समय से अपनी सभाओं में मियां मुस्लिम शब्द का जिक्र करना शुरू कर दिया था। असम में मियां शब्द का इस्तेमाल बांग्लादेश के बांग्ला बोलने वाले मुस्लिमों के लिए किया जाता रहा है। हिमंता खुलकर कहते रहे कि मियां लोगों को भारत में वोट डालने का अधिकार नहीं होना चाहिए। इस बात को प्रमुखता से कहा गया कि घुसपैठ रोकना केवल बीजेपी के पक्ष में है। वहीं यूसीसी को लागू करने का भरोसा दिया गया।

महिला वोट बैंक और युवाओं को साधने के लिए हिमंता बिस्वा ने राज्य भर में अपने चुनाव प्रचार को गति दी। बीजेपी ने राज्य के प्रमुख क्षेत्रीय् दलों के साथ संतुलन बिठाया। असम की 126 सीटों में बीजेपी 89 सीटों पर चुनाव लड़ी। असम गण परिषद को 26 और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट को प्रमुखता देकर 15 सीटें दी। रभा हासोंग संयुक्त मंच को भी एक सीट दी गई। बीजेपी ने कई सीटों पर अपने उम्मीदवारों को बदला। गौरतलब है कि बोडोलैंड क्षेत्रीय क्षेत्र में बीजेपी ने केवल चार सीटों पर अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे। बीजेपी का पूरा प्रचार अभियान भी सुनियोजित था। असम की अस्मिता संस्कृति से अपने जुड़ाव के लिए पीएम ने भूपेन हजारिका, चाय बागान श्रमिक लोकपर्व बिहू से अपने जुड़ाव को बताने की कोशिश की। पीएम मोदी ने कई रैलियों रोड शो के जरिए असम के जनमानस को प्रभावित करने की कोशिश की। वहीं अमित शाह ने भी असम में आंतरिक सुरक्षा और घुसपैठ के मुद्दे को उठाया। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा ने राज्य के विकास के साथ साथ हिंदू गौरव और संस्कृति को अपने चुनावी भाषणों का आधार बताया। असम में कमल खिलाने के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी हिमंता की तरह सनातन का उद्घोष किया।

## अध्यात्म

### लगातार अच्छी बातें सुनते हैं और उन्हें अपनाते हैं, तब बुराइयों से बच सकते हैं



दिन एक व्यक्ति संत कबीर के पास पहुंचा और बोला कि गुरुजी मैं बुद्धिमान हूं, अच्छा-बुरा समझता हूं, लेकिन मेरे माता-पिता मुझे बार-बार सत्संग में भेजते हैं। आप ही बताएं, क्या मुझे सत्संग की जरूरत है? संत कबीर ने उस व्यक्ति की बात ध्यान से सुनी, उससे कुछ कहा नहीं, लेकिन एक हथौड़ी उठाई और पास ही जमीन पर गड़े एक खूंटे पर मार दी। कबीर ने ऐसा क्यों किया, ये उस व्यक्ति को समझ नहीं आया। वह चुपचाप अपने घर लौट गया। अगले दिन वह फिर कबीर के पास आया और बोला कि मैंने आपसे कल एक सवाल पूछा था, लेकिन आपने उत्तर नहीं दिया। क्या आप अभी उस सवाल का जवाब देंगे? संत कबीर ने एक बार फिर उसी खूंटे के ऊपर हथौड़ी से प्रहार कर दिया, लेकिन कुछ बोले नहीं। लड़के ने सोचा कि शायद आज भी इनका मौन व्रत है। वह तीसरे दिन फिर आया और अपनी बात फिर कही। कबीर ने भी फिर से उसी खूंटे पर हथौड़ी चला दी। अब लड़के का धैर्य खत्म हो गया। वह बोला कि आखिर आप मेरी बात का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं? मैं तीन दिन से आपसे एक ही प्रश्न पूछ रहा हूं। संत कबीर ने कहा कि मैं तो तुम्हें रोज जवाब दे रहा हूं। लड़के कहा कि मुझे आपकी बात समझ नहीं आई। कबीर ने समझाते हुए कहा कि मैं इस खूंटे पर रोज हथौड़ी मारकर जमीन में इसकी पकड़ को मजबूत कर रहा हूं। अगर मैं ऐसा नहीं करूंगा तो इससे बंधे पशुओं की खींचतान से या किसी की ठोकर से या जमीन में थोड़ी सी हलचल होने पर यह खूंटा बाहर निकल जाएगा।

यही काम सत्संग हमारे लिए करता है। सत्संग की अच्छी बातें हमारे मनरूपी खूंटे पर लगातार वार करती हैं। जिससे कि हमारी भावनाएं पवित्र रहती हैं। हम बुराइयों से बचे रहते हैं और अच्छे काम करने के लिए प्रेरित होते हैं। अब लड़के को कबीर की बात समझ आ गई थी। वह उनका शिष्य बन गया और रोज सत्संग में आना शुरू कर दिया।

# शक्ति संघर्ष और शांति की संभावना

**इक्कीसवीं सदी का वैश्विक परिदृश्य केवल आर्थिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं रह गया है, बल्कि यह शक्ति, प्रभुत्व, तकनीक, सैन्य संतुलन और कूटनीतिक प्रभाव की बहुआयामी लड़ाई में बदल चुका है। इस बदलती हुई दुनिया में अमेरिका और चीन दो ऐसे ध्रुव बनकर उभरे हैं जिनकी नीतियाँ केवल उनके नागरिकों को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व व्यवस्था को प्रभावित करती हैं। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की यात्रा की, तब पूरी दुनिया की निगाहें बीजिंग पर टिक गईं। यह यात्रा केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी, बल्कि उस तनावपूर्ण दौर में संवाद की एक कोशिश थी जहाँ व्यापार युद्ध, ताइवान संकट, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और पश्चिम एशिया में ईरान से जुड़ा संघर्ष वैश्विक स्थिरता को चुनौती दे रहे थे। दुनिया इस समय बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है।**

**ममता कुशवाहा**

रूस-यूक्रेन युद्ध ने यूरोप की राजनीति को अस्थिर किया, वहीं ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती तल्खी ने पश्चिम एशिया को विस्फोटक बना दिया। ऐसे समय में चीन और अमेरिका जैसे महाशक्तियों के बीच संवाद का हर प्रयास विश्व राजनीति में आशा की एक किरण माना जाता है। ट्रंप की यह यात्रा इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण बन जाती है क्योंकि यह केवल दो नेताओं की मुलाकात नहीं, बल्कि दो वैचारिक व्यवस्थाओं के बीच संतुलन साधने का प्रयास थी।

अमेरिका और चीन के संबंधों में तनाव की जड़ें नई नहीं हैं। वर्ष 2018 में ट्रंप प्रशासन ने चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ा था। अमेरिका का आरोप था कि चीन अनुचित व्यापारिक नीतियों, बौद्धिक संपदा की चोरी और सरकारी संरक्षण के माध्यम से वैश्विक बाजार में असंतुलन पैदा कर रहा है। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाए। परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच आर्थिक अविश्वास गहराता चला गया। इस व्यापार युद्ध ने केवल दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं किया, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी झकझोर दिया। दुनियाभर की कंपनियाँ असमंजस में पड़ गईं कि वे किस पक्ष के साथ खड़ी हों। तकनीकी क्षेत्र में तो यह संघर्ष और भी तीखा हो गया। अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए, विशेषकर सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी



तकनीकों पर नियंत्रण बढ़ाया। चीन ने इसे अपनी आर्थिक संप्रभुता पर हमला माना। ट्रंप की चीन यात्रा इसी पुराने तनाव को कम करने की कोशिश थी। दोनों देशों ने यह महसूस किया कि लगातार बढ़ती शत्रुता वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। इसलिए इस यात्रा का उद्देश्य केवल समझौते करना नहीं था, बल्कि उस टूटे हुए विश्वास को पुनर्जीवित करना भी था जो वर्षों के टकराव में लगभग समाप्त हो चुका था।

ट्रंप की चीन यात्रा ऐसे समय में हुई जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर था। होर्मुज जलडमरूमध्य में संघर्ष की आशंका बढ़ रही थी और तेल आपूर्ति बाधित होने का खतरा मंडरा रहा था। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ इस संकट से चिंतित थीं क्योंकि ऊर्जा बाजार में अस्थिरता वैश्विक मंदी को जन्म दे सकती थी।चीन, जो दुनिया का सबसे बड़ा ऊर्जा आयातक है, इस संकट से सीधे प्रभावित हो सकता था। इसलिए बीजिंग चाहता था कि पश्चिम एशिया में स्थिरता बनी रहे। दूसरी ओर अमेरिका भी जानता था कि यदि चीन का सहयोग नहीं मिला तो ईरान पर दबाव बनाना कठिन होगा। यही कारण था कि ट्रंप ने चीन के साथ संवाद को प्राथमिकता दी।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने यह स्वीकार किया कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। चीन ने अमेरिका को संयम बरतने की सलाह दी, जबकि अमेरिका ने चीन से अपेक्षा की कि वह ईरान पर प्रभाव डालकर क्षेत्रीय तनाव कम करने में मदद करे। यह कूटनीतिक संतुलन अत्यंत जटिल था क्योंकि चीन ईरान का आर्थिक सहयोगी भी है और अमेरिका का रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी। फिर भी दोनों देशों ने यह समझा कि यदि पश्चिम एशिया में आग भड़की, तो उसकी लपटें वैश्विक अर्थव्यवस्था को झुलसा देंगी।

अमेरिका-चीन संबंधों का सबसे संवेदनशील मुद्दा ताइवान है। चीन ताइवान को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है, जबकि अमेरिका ताइवान को सैन्य और राजनीतिक समर्थन देता रहा है। यही कारण है कि ताइवान जलडमरूमध्य आज दुनिया के सबसे खतरनाक भू-राजनीतिक क्षेत्रों में गिना जाता है। चीन की दृष्टि में अमेरिका ताइवान के माध्यम से उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। वहीं अमेरिका का तर्क है कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कर रहा है। इस वैचारिक संघर्ष ने दोनों देशों के बीच अविश्वास को और गहरा कर दिया है। ट्रंप की यात्रा के दौरान भी यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने स्पष्ट संकेत दिए कि ताइवान के प्रश्न पर चीन किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी कि यदि उसने ताइवान को सैन्य सहायता बढ़ाई तो संबंध और खराब हो सकते हैं। दूसरी ओर ट्रंप ने सावधानीपूर्वक संतुलित भाषा अपनाई। उन्होंने सीधे टकराव से बचते हुए संवाद जारी रखने पर जोर दिया। ताइवान का प्रश्न केवल क्षेत्रीय विवाद नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन का प्रतीक बन चुका है। यदि इस मुद्दे पर संघर्ष बढ़ता है तो उसका प्रभाव सम्पूर्ण एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर पड़ेगा। इसलिए इस यात्रा में स्थिरता की खोज का सबसे बड़ा अर्थ ताइवान संकट को नियंत्रित करना भी था।

आज की दुनिया में शक्ति केवल सैन्य क्षमता से निर्धारित नहीं होती, बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता भी महाशक्ति बनने का आधार बन चुकी है। अमेरिका और चीन के बीच सबसे तीखी प्रतिस्पर्धा तकनीक के क्षेत्र में दिखाई देती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, 5 प्रतिशत नेटवर्क और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश एक-दूसरे को पीछे छोड़ने की दौड़ में लगे हैं। अमेरिका ने चीन पर उन्नत चिप्स और तकनीकी उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए। उसका उद्देश्य चीन की तकनीकी प्रगति को सीमित करना था। वहीं चीन ने इसे आर्थिक युद्ध बताया और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ाए। ट्रंप की यात्रा में अमेरिकी उद्योगपतियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि व्यापार और तकनीक दोनों इस वार्ता के केंद्र में थे।

चीन चाहता था कि अमेरिका तकनीकी प्रतिबंधों में नरमी लाए ताकि उसकी कंपनियों को वैश्विक बाजार में अवसर मिल सके। वहीं अमेरिका चाहता था कि चीन अमेरिकी कंपनियों के लिए अपने बाजार खोले। यह संबंध विरोधाभासों से भरा हुआ है। दोनों एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी भी हैं और आर्थिक साझेदार भी। तकनीकी युद्ध का प्रभाव केवल उद्योगों तक सीमित नहीं है। यह आने वाले समय में वैश्विक शक्ति संरचना को निर्धारित करेगा। इसलिए इस यात्रा में तकनीकी सहयोग और प्रतिस्पर्धा दोनों की छाया स्पष्ट दिखाई दी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पूरा दिन काफी अच्छा बीतेगा। जीवनसाथी के साथ आपकी नजदीकी बढ़ेगी। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की सम्भावना है।

**वृषभ**
व्यवसाय में लाभ के उत्तम अवसर मिलने से उत्साहित रहेंगे। किन्तु कुछ लोग आपके सरल स्वभाव का लाभ उठा सकते हैं। पैतृक सम्पत्ति का लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन**
विवाहयोग्य जातकों के विवाह की चर्चा हो सकती है। नयी परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा।

**कर्क**
अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाये रखें। अव्यावहारिक व्यवहार के कारण आपको कुछ परेशानी हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्राओं में जाना पड़ सकता है।

**सिंह**
आप दवाओं पर धन खर्च कर सकते हैं। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की आय बढ़ने की सम्भावना प्रबल है। आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा कर सकते हैं।

**कन्या**
कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आशानुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा।

**तुला**
नयी नौकरी की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाने की कोशिश करें। जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा। अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गम्भीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

**मकर**
प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनन्दयुक्त समय बितायेंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा। घर की बातें कहीं बाहर न जायें।

**कुंभ**
अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें, दूसरों पर न लादें। आपकी रचनात्मक कार्यों में अभिरुचि बढ़ेगी। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है।

**मीन**
मानसिक रूप से सन्तुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की सम्भावना है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भदौरा पैक्स चुनावः दो उम्मीदवारों का नामांकन रद्द

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी के भदौरा पैक्स चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी में दो कार्यकारिणी सदस्यों का नामांकन रद्द कर दिया गया। 3 जून को होने वाले चुनाव से पहले हुई जांच में गड़बड़ी सामने आई। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि बीसी-2 कोटे से नामांकन दाखिल करने वाले दो उम्मीदवारों ने अपना जाति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। जांच में पता चला कि दोनों उम्मीदवार



वास्तव में बीसी-1 कोटि के हैं, लेकिन उन्होंने बीसी-2 में नामांकन कर दिया था। नियमों के उल्लंघन पर दोनों का पर्चा खारिज कर दिया गया। रद्द किए गए नामांकन भदौरा निवासी गायत्री देवी, पति इंद्रदेव भगत और विनोद साह, पिता स्व. भुनेश्वर साह के हैं। दो नामांकन रद्द होने के बाद अब भदौरा पैक्स चुनाव के लिए कुल 32 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। 3 जून को मतदान होना है। प्रशासन ने चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं।

### मधुबनी पेंटिंग से सजा मसौढ़ी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए मसौढ़ी नगर परिषद ने कमर कस ली है। पूरा शहर मधुबनी पेंटिंग से पट गया है। पेंटिंग के जरिए लोगों को सफाई के प्रति जागरूक और आकर्षित किया जा रहा है। शनिवार को स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग जागरूकता के अंतिम दिन भी नगर परिषद ने चौक-चौराहों से लेकर सरकारी परिसरों तक विशेष अभियान चलाया। प्रखंड परिसर, अनुमंडलीय अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।



दीवारों पर मधुबनी पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में पूर्वोत्तर राज्यों की श्रेणी में मसौढ़ी नगर परिषद को 40वां रैंक मिला था। इस बार प्रशासन ने तैयारियां और तेज कर दी हैं। जगह-जगह साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और जनजागरूकता पर जोर दिया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी ने उम्मीद जताई कि नागरिकों के सहयोग और लगातार चल रहे अभियानों से इस बार मसौढ़ी को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले से बेहतर रैंक मिलेगा। उन्होंने शहरवासियों से अपने घर-मोहल्ले को साफ रखने और कचरा निर्धारित जगह पर ही फेंकने की अपील की।

### शिलान्यास कार्यक्रम के बैनर से मुख्यमंत्री का फोटो गायब रहने पर भाजपा नेता ने जताई नाराजगी

**विभाग से मामले में संज्ञान लेने की मांग**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान लगाए गए बैनर में मुख्यमंत्री का फोटो नहीं रहने पर भाजपा प्रदेश सह-संयोजक कमल क्लब युवा मोर्चा दीपक कुशवाहा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे सरकारी कार्यक्रम में गंभीर लापरवाही बताते हुए विभाग से मामले में संज्ञान लेने की मांग की है। दीपक कुशवाहा ने कहा कि किसी भी सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का फोटो नहीं लगाना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य सरकार के मुखिया हैं और सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में उनका फोटो नहीं होना प्रोटोकॉल एवं व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने संबंधित विभाग एवं अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि दोबारा नहीं हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता बताई। भाजपा नेता के बयान के बाद स्थानीय राजनीतिक हलकों में इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

### पालीगंज के अंकुरी ग्राम से राम जानकी मंदिर से चोरी गई माता सीता की मूर्ति आहर से बरामद

**पुलिस की बढ़ती दबिश से घबराकर चोरों ने फेंकी मूर्ति, जांच तेज**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के अंकुरी गांव स्थित प्राचीन राम-जानकी मंदिर (ठाकुरवारी) से चोरी गई माता सीता की अष्टधातु मूर्ति को पुलिस ने बरामद कर लिया है। मूर्ति गांव के पूर्व-उत्तर दिशा स्थित एक आहार में फेंकी हुई मिली। घटना के बाद ग्रामीणों में राहत की भावना देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ बच्चे आहार में मछली मारने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में पड़ी मूर्ति पर गई। बच्चों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी, जिसके बाद मामले की जानकारी तत्काल पालीगंज थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और माता सीता की मूर्ति को कब्जे में लेकर बरामद कर लिया। गौरतलब है कि गत 11 अप्रैल की रात चोरों ने अंकुरी गांव स्थित प्राचीन राम-जानकी मंदिर के मुख्य गेट का ताला काटकर गर्भगृह में प्रवेश किया था। इसके बाद चोर माता सीता एवं लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां उनके चांदी के मुकुट सहित चोरी कर ले गए थे। वहीं भगवान राम के चांदी के मुकुट पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। घटना के बाद क्षेत्र में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया था। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने



बताया कि मूर्ति चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। पुलिस द्वारा लगातार गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी जा रही थी, जिसके दबाव में आकर चोरों ने माता सीता की मूर्ति आहार में फेंक दी। उन्होंने कहा कि मामले में गांव के कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है तथा शेष चोरी गए सामान की बरामदगी एवं आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। मूर्ति बरामद होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। वहीं पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# संविदा सफाईकर्मियों ने किया हल्ला बोल

## मानदेय बढाने की मांग पर अनिश्चितकालीन हड़ताल



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों के प्रदर्शन के बाद अब संविदा पर काम कर रहे सफाई कर्मी भी मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर गेट बंद कर दिया, नगर परिषद में करीब 60 से 65 सफाई कर्मी संविदा पर कार्यरत हैं। ये कर्मी शहर के पूर्वी हिस्से कैलूचक, मालिकाना, दमडीचक, चंदाचक, पटना रोड, जहानाबाद रोड आदि इलाकों में सफाई करते हैं। फिलहाल इन्हें 10 से 12 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है। हड़ताल पर बैठे बिंदा डोम ने कहा कि उनकी बहाली नगर पंचायत के समय 1986 में हुई थी। तब से मानदेय में नाममात्र बढ़ोतरी हुई है। 'महंगाई के इस दौर में इतने कम पैसे में घर चलाना मुश्किल है। जब नगर परिषद में सबका मानदेय दोगुना हो रहा है तो हमारा क्यों नहीं,' कर्मियों का सवाल है। प्रदर्शनकारी कर्मियों ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने तक शहर में सफाई काम ठप रहेगा और चरणबद्ध आंदोलन होगा। हड़ताल में बिंदा डोम, कृष्णा डोम, नरेश डोम, संजय डोम, मंटू डोम, अजय डोम, अनवरी खातून, नाजनून खातून, शहजादी खातून, मिस्त्री खातून, कमलेश सूरज, सुनील, बबन समेत कई कर्मी शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने भी दो दिन हल्ला बोल किया था। संवेदक के मानदेय बढ़ाने के आश्वासन पर वे काम पर लौट गए थे। पूरे मामले पर कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने कहा कि सफाई कर्मियों की मांगों पर विचार किया जा रहा है।

# एयरपोर्ट पर नौकरी के नाम पर युवती से ठगी

**फर्जी जॉइनिंग लेटर भेज दिया झांसा, 15 हजार की ठगी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगों ने मसौढ़ी के एक युवती से 15,756 रुपये ठग लिए। ठगों ने एयरपोर्ट अथॉरिटी में जॉब दिलाने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस, ड्रेस और मेडिकल के नाम पर ऑनलाइन पेमेंट करवा लिया। इस मामले में पिड़ित के पिता ने मसौढ़ी थाना में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। दरअसल मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कश्मीरगंज निवासी निरंजन कुमार सिन्हा पिता स्व विश्वनाथ प्रसाद सिन्हा ने बताया कि उनकी बेटी ने नौकरी के लिए ऑनलाइन रिज्यूमे डाला था।जो 6 अप्रैल 2026 को मोबाइल पर कॉल आया। कॉलर ने खुद को एजुकेशन कंसल्टेंट बताकर कहा कि बेटी का चयन एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में इंटरव्यू के लिए हुआ है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर 750.50 रुपये लिए गए। इसके बाद ठगों ने मैट्रिक, इंटर, बीएससी के प्रमाण पत्र, प्रोविजनल, पैन, आधार, बैंक पासबुक ऑनलाइन मंगवा लिए। 8 अप्रैल को ऑनलाइन इंटरव्यू लिया और चयन का लेटर भेज दिया। 21 अप्रैल 2026 को जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा पटना पर जॉइनिंग बताई गई। जॉइनिंग से पहले ड्रेस के नाम पर 3550 रुपये मांगे गए। कहा गया कि जॉइनिंग के बाद पैसा वापस हो जाएगा। इसके बाद मेडिकल व अन्य चार्ज के नाम पर बार-बार पैसे मांगे गए। पीड़ित ने खाता संख्या 5201012391733314 में कुल 15,756 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पेमेंट के बाद न जॉइनिंग कराई गई और न ही रकम वापस की गई। ठगी का अहसास होने पर 17 मई 2026 को साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई।

## अपराध नियंत्रण को लेकर मसौढ़ी में सड़क पर उतरी एएसपी, चलाया सघन वाहन जांच




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देश पर अपराध नियंत्रण, अवैध हथियार और मादक पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए मसौढी में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी-01 कोमल मीणा के नेतृत्व में अनुमंडल के चिह्नित महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की डिक्की, कागजात और संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गई।पुलिस का कहना है कि अभियान का मुख्य मकसद गंभीर कांडों में फरार और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध हथियार और नशे के कारोबार पर रोक लगाना है। चिह्नित स्थानों पर नाकेबंदी कर हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जिले में लगातार इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे। आम लोगों से भी पुलिस को सहयोग करने की अपील की गई है।

# धनरुआ में घर में घुसकर लाखों की चोरी

## 20 हजार नगद समेत 4 लाख के आभूषण की हुई चोरी, खेत में अटैची बक्सा फेंक कर भागे चोर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के गुलरिया बिगहा गांव में शुक्रवार की देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर करीब 3 से 4 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने, 20 हजार नगद और जरूरी दस्तावेज चुरा लिए। यह चोरी के वारदात घर के सदस्यों के रहते अंजाम दिया गया है। इस मामले में गुलरिया बिगहा निवासी कुमार गौरव उर्फ लाला यादव पिता उदय शंकर उर्फ सुधीर प्रसाद ने थाने में आवेदन देकर बताया कि 22 मई 2026 की रात 12 बजे से 2:30 बजे के बीच परिवार के सभी लोग गहरी नींद में थे। माता-पिता छत पर सोए थे। इसी दौरान चोर घर में घुस आए। चोरों ने हमारे कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। और चोर घर में रखी अटैची और बक्सा उठाकर घर के बाहर ले गए उसके बाद



तोड़कर सोने का कानफूल दो जोड़ा, झुमका एक जोड़ा, दुर्गा जी का लॉकेट, कानबाली छह जोड़ा, नथुनी, लटकन, मांग टीका, चांदी की पायल, कटोरा, 20 हजार नगद, जमीन के कागजात और छोटी बहन सुप्रिया कुमारी के मैट्रिक, इंटर व ग्रेजुएशन के प्रमाण पत्र ले गए उसके बाद अटैची और बक्सा वहीं पर छोड कर भाग निकला,इस घटना की जानकारी सुबह करीब 8:30 बजे जब पिता उदय शंकर प्रसाद छत से नीचे आंगन में आए तो घर का सामान बिखरा मिला। इसके बाद परिवार को जगाया गया। गौरव ने 8:50 बजे 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पीड़ित कुमार गौरव ने धनरुआ थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चोरी गए सामान की कीमत 3 से 4

**मौके पर डॉग स्क्वायड की सहारे जांच पड़ताल शुरू**



लाख रुपये आंकी गई है। बहरहाल मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई है और उसके सहारे जांच पड़ताल में जुटी है,इसके अलावा पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

## अश्विनी कुमार 'गोल्डी' दूसरी बार बने मसौढ़ी जदयू नगर अध्यक्ष, शीर्ष नेतृत्व ने जताया भरोसा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड ने सक्रिय कार्यकर्ता अश्विनी कुमार 'गोल्डी' को दूसरी बार मसौढ़ी नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के दिशा-निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा जिला अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में यह मनोनयन किया गया। पार्टी ने बताया कि संगठन के प्रति निस्वार्थ भाव, समर्पण और लगातार सक्रिय कार्यों को देखते हुए अश्विनी कुमार 'गोल्डी' को पुनः नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन पर अश्वनी कुमार 'गोल्डी' ने मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का



प्रयास करेंगे। संगठन को और मजबूत बनाने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह, बीजेपी के नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लाल मोहन सिंह, अशोक शर्मा, कुमारी खुशबू रानी, शिल्पी देवी, राहुल पटेल, रजनी कुमार, निशांत केशरी, आशुतोष पटेल, रंजीत पटेल एवं त्रिलोकी चौधरी समेत कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अश्वनी कुमार 'गोल्डी' को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## निशियावां पैक्स के पूर्व प्रबंधक ने कुर्की के डर से किया सरेंडर

**1.35 करोड़ गबन का है आरोप**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के निशियावां पैक्स के निवर्तमान प्रबंधक अवधेश प्रसाद ने शनिवार को कुर्की की कार्रवाई के डर से पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार की उपस्थिति में लहसुना पुलिस दहीभता स्थित उनके घर कुर्की करने पहुंची थी। दरअसल लहसुना थाना कांड संख्या 853/2023 में पैक्स अध्यक्ष अनुज कुमार, प्रबंधक अवधेश प्रसाद समेत 7 कार्यकारिणी सदस्यों पर सरकारी राशि गबन का आरोप है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी शशि भूषण कुमार ने 7 दिसंबर 2023 को लहसुना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि सीएमआर जमा नहीं किया गया और कैश क्रेडिट की 1 करोड़ 35 लाख 64 हजार 543 रुपये की राशि का गबन कर लिया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहे थे। कोर्ट से इश्तेहार जारी होने के बाद शनिवार को पुलिस कुर्की करने पहुंची। कुर्की की कार्रवाई शुरू होते ही आरोपी अवधेश प्रसाद, पिता बिरजू राम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## मनोरा गांव में सुलग रही थी शराब की भट्ठी, ऐन वक्त पर पहुंची पुलिस

**ताबड़तोड़ छापेमारी, दर्जनों भट्ठियां ध्वस्त**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुनपुन और लहसुना थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी की। पुनपुन थाना क्षेत्र के मनोरा गांव में जब शराब की भट्ठियां धधक रही थीं और महुआ चुलाई जा रही थी, ठीक उसी वक्त पुलिस ने एंट्री मारी। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मनोरा गांव से लगातार इनपुट मिल रहा था कि यहां रोज सुबह 3 बजे से शराब की भट्ठियां सुलगने लगती हैं। सूचना के सत्यापन के बाद शनिवार सुबह टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके पर शराब चुलाई का काम चल रहा था।पुलिस ने दर्जनों भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। शराब बनाने वाले उपकरण भी नष्ट किए गए। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही कारोबारी फरार हो गए। जिन घरों में भट्ठियां चल रही थीं, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। उधर लहसुना थाने की पुलिस ने भी बदरोई गांव में छापेमारी कर भट्ठियों को तोड़ा और 2000 लीटर देसी महुआ शराब व गुड़ को नष्ट किया। थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने कहा कि इलाके में यह अभियान लगातार जारी है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के धंधे पर रोक लगाने के लिए आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई होती रहेगी।

## पालीगंज में बोलेरो सवार बदमाशों ने की तीन बच्चों के अपहरण की कोशिश

**पुलिस की मुस्तैदी से टली बड़ी वारदात, तीनों बच्चे सकुशल बरामद**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमामगंज थाना क्षेत्र के मुगीला गांव में शुक्रवार देर रात बोलेरो सवार बदमाशों द्वारा तीन मासूम बच्चों के अपहरण की कोशिश से इलाके में सनसनी फैल गई। हालांकि, पुलिस की सतर्कता और नियमित वाहन जांच अभियान के कारण



बदमाश अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके और तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुगीला गांव निवासी शंभू बिंद एवं अरविंद बिंद के तीन बच्चे शुक्रवार रात घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान बोलेरो सवार अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और बच्चों को जबरन वाहन में बैठाकर अरवल की ओर फरार हो गए। बच्चों के अचानक गायब होने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसी बीच पटना-अरवल सीमा स्थित अतौलह गांव के समीप किंजर थाना पुलिस नियमित वाहन जांच अभियान चला रही थी। पुलिस को देखकर बदमाश घबरा गए और बच्चों को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने रोते-बिलखते बच्चों को देखा और तत्काल इसकी सूचना इमामगंज थाना पुलिस को दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बदमाशों ने बच्चों को कोई नशीला पदार्थ खिलाया था, जिसके कारण उनकी हालत सामान्य नहीं थी। वहीं, एक बच्चे के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।

# निर्माणाधीन घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**गहने और नकदी समेत घरेलू सामान ले उड़े चोर**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के काजीचक वार्ड संख्या 23 स्थित एक निर्माणाधीन मकान में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर का मुख्य गेट तोड़कर अंदर घुसे और घरेलू सामान, सोने-चांदी के गहने तथा नगद राशि सहित लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़िता मनीषा कुमारी, पति राजीव कुमार, मूल निवासी दयालचक परसावां, थाना एनटीपीसी बाढ़, जिला पटना, वर्तमान में काजीचक वार्ड संख्या 23 में नया मकान बनवा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके भाई अविनाश कुमार निर्माण कार्य की देखरेख के लिए वहीं रह रहे थे। शुक्रवार 22 मई 2026 की शाम करीब 7 बजे वह निर्माणाधीन घर बंद कर अपने गांव दयालचक परसावां चले गए थे। शनिवार सुबह करीब 8 बजे जब अविनाश कुमार वापस निर्माण स्थल पहुंचे तो देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था तथा बक्सा और ट्रंक भी खुले हुए थे। इसके बाद चोरी की जानकारी परिवार को दी गई। पीड़िता के अनुसार चोर घर से एक कूलर, 10 पेटी टाइल्स, 530 एस बंडल वायरिंग तार, पांच सीलिंग पंखे, प्लास्टिक एवं स्टील के बर्तन सहित करीब 10 बाल्टी चोरी कर ले गए। इसके अलावा ट्रंक में रखे सोने का दो भर का चेन, एक भर का झुमका, पांच ग्राम का टीका, पांच ग्राम की नथ, 20 भर की पायल तथा नगद 82 हजार रुपये भी चोरी कर लिए गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि प्रतिदिन शाम के समय निर्माणाधीन घर के आसपास शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे इलाके में असामाजिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## एक ही प्लेटफॉर्म पर टीवी, ओटीटी और लाइव एंटरटेनमेंट का मजा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बात जब एंटरटेनमेंट की हो, तो अक्सर लोग अलग-अलग ऐप्स और सब्सक्रिप्शन संभालते-संभालते परेशान हो जाते हैं। कभी ओटीटी बदलना पड़ता है, तो कभी पसंद का कंटेंट ढूँढने में ही काफी समय निकल जाता है। इसी परेशानी को आसान बनाने के लिए डिश टीवी लेकर आया है नया 'वीजेडवाई एंटरटेनमेंट इकोसिस्टम'। यह एक नया एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म है, जहाँ लाइव टीवी, ओटीटी ऐप्स और प्रीमियम कंटेंट एक ही जगह पर मिलेगा। कंपनी का कहना है कि यह भारत का पहला ऐसा एकीकृत प्लेटफॉर्म है, जिसे मोबाइल और स्मार्ट टीवी दोनों पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकेगा। वीजेडवाई के माध्यम से यूजर्स को बार-बार अलग-अलग ऐप्स बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसमें 29 से ज्यादा ओटीटी ऐप्स, लाइव टीवी चैनल्स, क्रिएटर्स का कंटेंट और फ्री वीडियो कंटेंट एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। साथ ही, स्मार्ट सर्च फीचर की मदद से पसंदीदा कंटेंट जल्दी ढूंढ़ा जा सकेगा। कंपनी ने वीजेडवाई स्मार्ट टीवी भी पेश किया है, जो क्यूएलईडी 4के तकनीक, डॉल्बी विजन और डॉल्बी एटमॉस जैसी सुविधाओं के साथ आता है। डिश टीवी के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मनोज डोभाल ने कहा, भारत के दर्शक अब एक और नया ऐप नहीं चाहते, बल्कि ऐसा मनोरंजन अनुभव चाहते हैं, जो बिना किसी परेशानी के आसानी से काम करे। श्रे को इसी सोच के साथ बनाया गया है। वीजेडवाई सिर्फ एक नया प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि हम इससे कहीं बड़ा कुछ बना रहे हैं।

## व्यावसायिक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में पूर्णतः निःशुल्क नामांकन एवं प्रशिक्षण देगा अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य के युवा-युवतियों को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क नामांकन एवं प्रशिक्षण की योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, दानापुर, पटना द्वारा मैनेजमेंट, लॉ, नर्सिंग, पारामेडिकल, फामेर्सी, पाठ्यक्रमों का संचालन विगत 25 वर्षों से किया जा रहा है, जिसका प्रधान कार्यालय गोला रोड मोड़, बेली रोड, दानापुर, पटना में स्थित है। यहां से प्रतिवर्ष युवा-युवतियों के शैक्षणिक विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण हेतु योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस योजना में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बी.बी.ए., बी.एसी.ए.



जर्नलिज्म एण्ड मास-कॉम के अंतर्गत बैचलर डिग्री तथा प्रोफेशनल पाठ्यक्रम एम.बी.ए., पी.जी.डी.एम. के अंतर्गत मास्टर स्तरीय उच्चत्तर डिग्री का संचालन किया जाता है, जिसकी मान्यता ए.आई.सी.टी.ई.. नई दिल्ली से तथा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संबद्धता प्राप्त है। सभी पाठ्क्रमों में विद्यार्थियों का नामांकन प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा। विद्यार्थियों को नामांकन हेतु मात्र 1075/- रुपए संस्थान में जमा करने होंगे। उसके उपरांत सत्र के अनुसार उनको प्रशिक्षण की व्यवस्था राज्य के विख्यात एवं अनुभवी शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। विदित हो कि संस्थान में लाईब्रेरी एवं कम्प्यूटर लैब की बेहतर व्यवस्था परिसर में की गई है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की आवासीय सुविधा संस्थान द्वारा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। विद्यार्थियो को यह पूरी योजना बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत दी जा रही है। दो वर्ष उपरान्त विद्यार्थी को तृतीय वर्ष में इर्स्टनशीप के लिए तथा पार्ट-टाईम जॉब के लिए विभिन्न जगहों एवं शहरों में भेजा जाएगा। जहाँ उन्हें प्रशिक्षण के साथ ही अपने स्वयं के खर्च के लिए भत्ता भी उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही पाठ्यक्रम समाप्त होने के उपरान्त प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जो विद्यार्थी प्रशिक्षण एवं शिक्षण के साथ ही लैपटॉप चाहते हैं उसके लिए भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। संस्थान परिसर में प्रत्येक छात्राओं को रहने की सुविधा दी जाएगी तथा साथ ही छात्रों के लिए भी हॉस्टल उपलब्ध कराया जाएगा। संस्थान में हॉस्टल, कैंटीन, लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्लेग्राउण्ड, ओपेन जीम की सुविधा उपलब्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक के फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नरकटिया विधायक विशाल कुमार के फेसबुक अकाउंट पर अभद्र टिप्पणी एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने के मामले में घोड़ासहन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है.मामले की पुष्टि थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने की है.दर्ज प्राथमिकी में विधायक ने आरोप लगाया है कि उनके फेसबुक अकाउंट पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान को ठेस पहुंची है.उन्होंने मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है.पुलिस के अनुसार,आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले की पहचान थाना क्षेत्र के पुरनहीया गांव निवासी चंदन यादव के रूप में हुई है.मामले में केस दर्ज कर पुलिस तकनीकी जांच के साथ आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### 2 जून को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' की सफलता को लेकर एसडीओ द्वारा किया गया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आगामी 02 जून को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' की सफलता को लेकर तुरकौलिया प्रखंड के बेलवा राय खास एवं अन्य पंचायतों में सदर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी तुरकौलिया एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों के पंजियों को जांचा गया एवं कार्य प्रगति सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। विदित हो की शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदन को सहयोग पोर्टल पर ससमय पंजीकृत कर निष्पादन किया जाना है और इसका निष्पादन संबंधी प्रतिवेदन भी विभागीय पोर्टल पर अपलोड किया जाना है । अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसलिए तय सीमा के अंदर प्राप्त आवेदन का निष्पादन हर हाल में करना सुनिश्चित किया जाय।

### पटवन के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के गोसाईं गाँव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में पटवन के दौरान बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राबो यादव के रूप में हुई है। वह गोसाईं गाँव निवासी धनराज यादव के पुत्र थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, राबो यादव आज दोपहर अपने खेत में पटवन कर रहे थे। इसी दौरान मोटर/तार में आए करंट की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही घोसवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया करंट लगने से मौत की बात सामने आई है।

### विवाद में युवक को मारी गोली, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मोलदियार टोला पिपरतर में शनिवार सुबह हुई फायरिंग से इलाके में सनसनी फैल गई। आपसी विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार, मोलदियार टोला निवासी अरविंद सिंह के पुत्र निकेत कुमार उर्फ कारू को दोस्तों के बीच हुए विवाद के दौरान गोली लगी। युवक को दो गोलियां लगीं — एक गोली सीने और पेट के बीच लगी, जबकि दूसरी गोली से कान जख्मी हो गया।घटना के बाद घायल को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि यह विवाद सूखे नशे के कारोबार को लेकर हुआ था। गांव में नशे के कारोबार को लेकर पहले भी विवाद की बात सामने आती रही है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना में दो लोगों को नामजद किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा न्याय नेटवर्क के सहयोग से 'नालसा जागृति योजना' अंतर्गत सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य विषय पर 'सर्वाइवर केयर एवं ट्रॉमा इन्फॉर्म्ड एप्रोचेज इन कॉम्बैटिंग सेक्स ट्रैफिकिंग' विषयक एक दिवसीय संवेदनशीलता कार्यशाला (सेंसिटाइजेशन वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 10:00 बजे माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश - सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोतिहारी अभिषेक कुमार दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी, परिवार न्यायाधीश एसरार अहमद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 सुरेन्द्र प्रसाद सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ता, पी.एल.वी., पॉक्सो लोक अभियोजक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजू सिंह एवं संभव गुप्ता थे, जिन्होंने मानव तस्करी एवं लैंगिक अपराधों से प्रभावित पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, ट्रॉमा आधारित




देखभाल, कानूनी सहायता, पुनर्वास एवं संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। तीन घंटे तक चले इस कार्यशाला को छह अलग - अलग विषयों में विभाजित किया गया, जिसमें बाल संरक्षण, पीड़ित सहायता प्रणाली, ट्रॉमा रिस्पॉन्स, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका, न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता तथा समन्वित सहायता तंत्र जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि मानव तस्करी एवं यौन शोषण जैसे अपराधों से प्रभावी रूप से निपटने हेतु सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों के बीच समन्वय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के पुनर्वास एवं न्याय सुनिश्चित करने में विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नितिन त्रिपाठी ने बताया कि 'नालसा जागृति योजना' के तहत समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डंकन हॉस्पिटल की टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिन्होंने व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### लोजपा नेता ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सड़क चौड़ीकरण, बाईपास, ट्रॉमा सेंटर, डिग्री कॉलेज व सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने की उठाई मांग**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास योजनाओं को लेकर लोजपा नेता सुनील कुमार यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल सुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग एनएच-139 पटना-औरंगाबाद सड़क को फोरलेन बनाने की की गई है। सुनील कुमार यादव ने कहा कि इस मार्ग पर प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पटना अर्बन क्षेत्र एवं औरंगाबाद में बालू और खाद्यान्न परिवहन बढ़ने के कारण भारी वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पालीगंज शहर में बाईपास निर्माण की आवश्यकता बताते हुए रकसिया मोड़ से कल्याणपुर-दरियापुर सड़क को विकसित करने की मांग की। वर्तमान में यह सड़क ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित 3.75 मीटर चौड़ी सड़क है, जिसकी लंबाई लगभग 5.5 किलोमीटर है। इसे पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर 60 फीट चौड़ी सड़क बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन में एसएच-27 महाबलीपुर से विक्रम तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण कर 10 मीटर करने, एसएच-2 को अख्तियारपुर पाली से उलार मोड़ तक फोरलेन सड़क, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट एवं नाला निर्माण कराने की मांग की गई।

# राजा टोडरमल की जन्म भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज

**डीएम ने किया ऐतिहासिक स्थल का निरीक्षण,110 साल पुराने भवनों के संरक्षण की बनेगी योजना,गोपी छपरा में बन रहे स्टेडियम का भी डीएम ने किया निरीक्षण**



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के भोपतपुर स्थित राजा टोडरमल के जन्म स्थल ऐतिहासिक भवन परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। शनिवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने ऐतिहासिक धरोहर स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को विस्तृत सर्वे कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में पुराने भवनों,अवशेषों और ऐतिहासिक संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया।बताया गया कि परिसर में करीब 110 साल पुराने भवन और ऐतिहासिक अवशेष मौजूद हैं, जो अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि स्थल का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर पर्यटन विभाग को भेजा जाए, ताकि संरक्षण और विकास की दिशा में आगे की कार्रवाई शुरू की जा सके। राजा टोडरमल मुगल सम्राट अकबर के दरबार के नवरत्नों में शामिल थे और उन्हें 'राजा' की उपाधि प्राप्त थी। वे अपनी प्रशासनिक क्षमता और भूमि व्यवस्था सुधार के लिए इतिहास में विशेष पहचान रखते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस परिसर का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाए तो यह क्षेत्र पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। बाद में डीएम ने गोपी छपरा क्षेत्र में बन अत्याधुनिक निमार्णाधीन आउटडोर एवं इनडोर स्टेडियम परियोजना का जिला पदाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस महत्वाकांक्षी खेल संरचना परियोजना के लिए 3 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। परियोजना के निर्माण हेतु बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को कार्यकारी अभिकरण नामित किया गया है, जिसके माध्यम से स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय सीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि स्टेडियम के तैयार होने से कोटवा प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं खिलाड़ियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। विद्यालय परिसर में ही आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होने से छात्र-छात्राओं को शुरूआती स्तर से ही खेल प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।निरीक्षण के दौरान बीडीओ चिरंजीवी पाण्डेय सहित कई अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## महज डेढ़ फीट जमीन विवाद में युवक की हत्या

**पुलिस ने दो घंटे में किया खुलासा, 10 गिरफ्तार**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के चमही गांव में महज डेढ़ फीट जमीन के विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जिसमें पड़ोसियों द्वारा एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में आठ पुरुष एवं दो महिलाएं शामिल हैं।


मृतक का फाइल फोटो।

मृतक की पहचान चमही गांव निवासी रामचंद्र पटेल के 38 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार उर्फ आलोक पटेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की संध्या करीब आठ बजे दो पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच करीब 15 दिन पूर्व भी पंचायत हुई थी। पंचायत में गांव के मुखिया एवं गणमान्य लोगों ने फैसला सुनाया था कि मृतक पक्ष द्वारा छोड़ी गई डेढ़ फीट जमीन को यथावत रखते हुए ही दूसरे पक्ष को निर्माण कार्य करना होगा। आरोप है कि घटना वाले दिन दूसरे पक्ष के लोग जबरन मृतक के घर से सटाकर निर्माण कार्य करने लगे। इसका विरोध घर की महिलाओं ने किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। बीच-बचाव करने पहुंचे मृतक के पिता रामचंद्र पटेल को भी लाठी-डंडों से मारकर घायल कर दिया गया। इसी दौरान आलोक कुमार मौके पर पहुंचे तो विवाद और उग्र हो गया। परिजनों का आरोप है कि 15 से 20 लोगों ने आलोक कुमार को घसीटकर पास के खेत में ले जाकर बेरहमी से पिटाई की तथा बाद में उनके सीने में चाकू मार दिया। गंभीर रूप से घायल आलोक कुमार को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ढाका ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना अभिषेक कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सच्चिदानंद पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त सहित कुल 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में चमही गांव निवासी शंकर साह (55) एवं उसके दोनों पुत्रों संतोष कुमार(32) व मंतोष साह (24) सहित अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त की निशानदेही पर उसके घर में चावल की कोठी में छिपाकर रखा गया खून लगा चाकू बरामद किया। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल एवं दो इंजन वाला ठेला भी जब्त किया गया है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेजा गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी सावित्री देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच मनाएं बकरीद, थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने दिया निर्देश



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद आने वाले त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। बकरीद को लेकर शुक्रवार को खगौल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बकरीद को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक की अध्यक्षता करते हुए खगौल थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बकरीद पर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि बकरीद के मौके पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस रहेगा। हर गली और चौराहे में पुलिस गश्ती करती रहेगी। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर पुलिस विशेष नजर रखेगी। उन्होंने खगौल के नागरिकों से अपील की आने वाले त्योहार को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। वहीं दूसरी तरफ नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार का कहना है कि खानकाहो के समीप विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का आग्रह की पेयजल आपूर्ति एवं ईदगाह तथा खानकाओं के समीप विशेष साफ सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार श्रीवास्तव कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद सुल्तान उर्फ विक्की, मफूज आलम, आदम परवेज उमा गुप्ता, समाजसेवी अजय कुमार यादव, जितेंद्र वत्स, पॉली गांगुली सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिंस, वार्ड पार्षद , प्रशांत कुमार ,पिंटू कुमार, दीपक कुमार, विकाश कुमार उर्फ पप्पू,ज्ञानी प्रसाद, वशिष्ठ कुमार, मोहम्मद मनोहर,समेत कई पत्रकार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रेलवे का सामान चोरी मामले में मुख्य आरोपित को किया गिरफ्तार



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर स्थित सिग्नल विभाग के रिले रूम से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कॉपर स्ट्रिप को काटकर चोरी कर लिया गया था। उक्त घटना के कारण अप एवं डाउन लाइन का रेल परिचालन बाधित रहा। उक्त प्रकरण के संदर्भ में दिनांक 14.05.2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मामले में संलिप्त अभियुक्त रितिक कुमार, पिता कमलेश कुमार, निवासी हरपुर, थाना बिक्रम, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर रिले रूम से चोरी गई कॉपर स्ट्रिप की पूर्ण बरामदगी की गई। अभियुक्त ने अपने कथन में कुणाल कुमार, उम्र लगभग 20 वर्ष, पिता गोरखनाथ, निवासी रामनगर (कुष्ठ आश्रम के समीप), थाना खगौल, जिला पटना को इस घटना का मुख्य आरोपी बताया। तत्पश्चात दिनांक 22.05.2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर उप निरीक्षक विमल कुमार, आरक्षी राजेश चौबे (रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दानापुर) एवं अपराध आसूचना शाखा, रेलवे सुरक्षा बल, दानापुर के उप निरीक्षक लखन देव सिंह, आरक्षी राजेश कुमार तथा आरक्षी न्यूटन कुमार की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे लाइन के समीप पुल के नीचे विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए उक्त मुख्य आरोपी कुणाल कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त कुणाल कुमार द्वारा सिग्नल विभाग के रिले रूम से कॉपर स्ट्रिप चोरी करने का अपराध स्वीकार किया गया है।

## बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए रोमांचक मैच

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय शेखवा टोला में शनिवार को 'बैगलेश शनिवार' के अवसर पर वर्ग 5 के छात्र एवं छात्राओं की टीमों के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल के प्रति रुचि विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा बालिकाओं को सशक्त बनाने का संदेश देना था। मैच में छात्रों की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 6 ओवरों में छात्रों की टीम ने 31 रन बनाकर छात्राओं की टीम के सामने 32 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में छात्राओं की टीम ने उत्साहपूर्ण प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 6 ओवरों में 27 रन बनाए। इस प्रकार छात्रों की टीम 4 रन से विजयी घोषित की गई। मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह, खेल भावना और दर्शकों का जोश देखने लायक था।

## जिलाधिकारी द्वारा जन शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संस्थान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत महिला प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई - कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर एवं अन्य व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्त्वावधान में संचालित यह संस्थान महिलाओं को स्वरोजगार के योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कक्ष में जाकर महिला प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान के संचालन, पाठ्यक्रम की प्रगति एवं प्रशिक्षण सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं। ऐसे प्रशिक्षण न केवल परिवार की आय में वृद्धि करते हैं, अपितु समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करते हैं। जन शिक्षण संस्थान, मोतिहारी द्वारा महिलाओं को लक्षित करते हुए नियमित प्रशिक्षण बैच संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाते हैं, जो उन्हें स्वरोजगार अथवा रोजगार प्राप्त करने में सहायक होते हैं। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे संस्थानों की नियमित निगरानी की जाती है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

## युवक पर जानलेवा हमला, लाठी-डंडे और हथियार से मारपीट

**दानियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. पीड़ित अजय कुमार ने थाना में लिखित आवेदन देकर शिक्षक गांव के कई लोगों पर मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है. पीड़ित अजय कुमार ने बताया कि 21 मई 2026 की सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने साथी शुभम कुमार के साथ मोटरसाइकिल से दनियावां बाजार की ओर जा रहे थे. इसी दौरान फतुहा थाना क्षेत्र के कुछ लोगों ने उनकी बाइक को रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि सभी हमलावर लाठी-डंडा एवं हथियार से लैस थे. आवेदन के अनुसार हमलावरों ने अजय कुमार और उनके साथी शुभम कुमार को बेरहमी से पीटा, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. मारपीट के दौरान अजय कुमार का सिर फट गया तथा उनके गले से करीब 20 ग्राम सोने की चेन छीन ली गई।

## जिलाधिकारी द्वारा दत्तक ग्रहण संस्थान का किया गया निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित जिला दत्तक ग्रहण संस्थान का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में दैनिक दिनचर्या, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण व्यवस्था तथा समग्र आवासीय सुविधाओं का आकलन किया गया। संस्थान में वर्तमान में ढाई वर्षीय एक बालिका आवासित हैं, जिनकी देखभाल प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार की जा रही है। बच्चों को प्रतिदिन नाश्ता, भोजन, दवा एवं नियमित स्वास्थ्य निरीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। संस्थान की दीवारों पर शैक्षणिक एवं रोचक चित्रों के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास का भी विशेष ध्यान रखा गया है। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई असहाय, परित्यक्त अथवा आश्रयहीन बच्चा कहीं मिले तो उसे इस संस्थान में लाया जा सकता है, जहां उसकी पूर्ण देख रेख एवं पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही जो इच्छुक दम्पती बच्चा गोद लेना चाहते हैं, वे विधिवत प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लगातार कई दम्पतियों को इस केंद्र के माध्यम से बच्चे गोद दिए जा चुके हैं।

## डीपीओ ने प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को किया सम्मानित



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवधार अनूठा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नित्यम कुमार गौरव ने प्रधानाध्यापक हीरा मिश्रा सहित विद्यालय के कई शिक्षकों को सम्मानित किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अनुशासन का जायजा लिया गया। डीपीओ ने विद्यालय में संचालित वर्गों का निरीक्षण करते हुए बच्चों से पढ़ाई से संबंधित जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता और कक्षाओं के सुचारु संचालन पर संतोष व्यक्त किया।विद्यालय में विद्यार्थियों की अच्छी उपस्थिति और अनुशासित माहौल को देखकर उन्होंने प्रधानाध्यापक हीरा मिश्रा की सराहना की साथ ही शिक्षकों द्वारा विद्यालय व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में दिए जा रहे सहयोग की भी प्रशंसा की।निरीक्षण के बाद डीपीओ नित्यम कुमार गौरव ने कहा कि विद्यालय की व्यवस्था काफी अच्छी पाई गई।यहां के शिक्षक अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विधि-व्यवस्था एवं शैक्षणिक माहौल संतोषजनक है, जिसे और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। बाकी को अपने प्रदर्शन में सुधार का निर्देश दिया गया है।

# पालीगंज से शुरू हुई बिहार की पहली मॉडल सौर सिंचाई योजना, 300 एकड़ भूमि को मिलेगा लाभ

**मंच के बैनर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का फोटो गायब रहने पर दिनभर होती रही चर्चा**




**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह सिंचाई मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को पालीगंज प्रखंड के कल्याणपुर उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में 12 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से बनने वाली अत्याधुनिक सिंचाई योजना का विधिवत कायार्रंभ किया। 'आशा' (ऑटोमेटेड सोलर पावर्ड हाई एफिशिएंसी इरिगेशन वाटर एप्लीकेशन) मॉडल के तहत शुरू की गई यह योजना पूरे बिहार के लिए मॉडल परियोजना मानी जा रही है। योजना के तहत डोरवां वितरणी में उपलब्ध सतही जल को सौर ऊर्जा आधारित प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जाएगा। डोरवां नहर से सोलर पंप द्वारा पानी निकालकर तालाब में संग्रहित किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर भूमिगत पाइपलाइन के जरिए एक से दो किलोमीटर क्षेत्र तक करीब 300 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा मिलने के साथ कृषि उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह योजना पेयजल आपूर्ति के लिए नहीं, बल्कि किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'हर खेत तक पानी' पहुंचाने और किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को आधुनिक तकनीक के माध्यम से साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत नदियों एवं नहरों के सतही जल को लिफ्ट कर पाइपलाइन के जरिए सीधे खेतों तक पहुंचाया जाएगा। पूरी वितरण प्रणाली सौर ऊर्जा से संचालित होगी, जिससे किसानों को डीजल और बिजली पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। किसानों को बिना अतिरिक्त खर्च के निर्बाध सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना बिहार में सिंचाई व्यवस्था के क्षेत्र में नई क्रांति लाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि भविष्य में इसे राज्य के अन्य जिलों में भी मॉडल के रूप में लागू किया जा सके। उन्होंने बताया कि कल्याणपुर गांव निवासी एवं सिंचाई विभाग के पदाधिकारी अमरेंद्र सिंह ने इस योजना की परिकल्पना कर अपने गांव को प्रयोग स्थल के रूप में विकसित किया है। यह पहल किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी। योजना की विशेषता यह होगी कि आधुनिक प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली के माध्यम से अंतिम छोर और ऊंचाई वाले खेतों तक भी समान दबाव के साथ पानी पहुंच सकेगा। इससे पानी की बबार्दी रुकेगी और फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उपमुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले पालीगंज और दुल्हिन बाजार क्षेत्र अशांत माना जाता था, लेकिन आज यहां शांति और विकास का माहौल है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में बिहार ने विकास के कई नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रत्येक पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित कर रही है, जहां अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे हैं। इधर, कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं प्रवेश द्वार पर लगाए गए बैनर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का फोटो नहीं रहने को लेकर दिनभर चचार्ओं का बाजार गर्म रहा। इस दौरान लोजपा नेता सुनील यादव ने पालीगंज में भीषण जाम की समस्या सहित विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

# ठगी मामले में फरार शाखा प्रबंधक पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। अंबा थाना क्षेत्र में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के पूर्व शाखा प्रबंधक द्वारा करीब 12.65 लाख रुपये गबन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड के कर्मी अंकुर तिवारी ने अंबा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गया जिले के सरैया बाजार निवासी पूर्व शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ग्राहकों से वसूली की गई राशि बैंक में जमा कराने के लिए निकले थे। उनके पास 2 लाख 63 हजार 879 रुपये थे, लेकिन इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और उनसे संपर्क नहीं हो सका। मामले में यह भी सामने आया है कि सुनील कुमार ने चिल्हकी गांव निवासी मकान मालिक अमरेश कुमार पांडेय से भी 10 लाख रुपये उधार लिए थे। मकान मालिक के अनुसार सुनील पहले भी बैंक संबंधी कार्य बताकर रुपये लेते और बाद में लौटा देते थे, लेकिन इस बार पैसा लेकर फरार हो गए। कंपनी कर्मियों ने इंडियन बैंक, अंबा बाजार, बस स्टैंड समेत कई स्थानों पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में कंपनी अधिकारियों ने उनके पैतृक गांव सरैया बाजार पहुंचकर परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ की। परिजनों ने संपर्क होने पर राशि लौटाने का आश्वासन दिया है। इधर, कंपनी की ऑडिट टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। फील्ड वेरिफिकेशन कराया जा रहा है, ताकि ग्राहकों की राशि के गबन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। जांच रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जाएगी। इधर, मामले में अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कांड की गंभीरता पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जनता दरबार में आये 30 मामले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



दाउदनगर (औरंगाबाद)। अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 30 परिवादी उपस्थित हुए। परिवादियों का ज्यादातर विषय भूमि विवाद से संबंधित है। परिवादियों का आवेदन पत्र संबंधित पदाधिकारी को हस्तगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। जनता दरबार में अंचल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार यादव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मो.जफर इमाम, अपर थानाध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद ऋषिकेश अवस्थी उपस्थित रहे।

# वाहन मालिक दुरुस्त करें वाहनों का कागजात : सुनंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



औरंगाबाद। सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात नियमों के पालन को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी द्वारा अपने कार्यालय के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, फिटनेस, हेमलेट सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के क्रम में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की गई। विभाग की ओर से खास तौर पर बिना ड्राइविंग लाइसेंस और हेमलेट वाहनों पर निगरानी रखी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान 61 वाहनों को पकड़ा गया। इस दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, टू व्हीलर, चालक का हेलमेट इत्यादि की जांच की गई। पकड़े गए वाहनों से 162500 रूपये राजस्व वसूली की गई। कहा कि वाहन चलाते समय अपने साथ वाहन के सभी कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस, इंश्योरेंस आदि जरूर रखें। वाहन चालक सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। कई बार चालकों की लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं होते रहती हैं। उन्होंने कहा कि सभी वाहन मालिक वाहनों का कागजात दुरुस्त करें। बिना कागजात के गाड़ी पकड़े जाने पर चलान काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## एक नजर

### दांतों को स्वस्थ व मजबूत रखने के दिये कई टिप्स

औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ऊपर वाले ने मनुष्य को बहुत ही सुंदर अंग दिए हैं जिसमें दांत काफी महत्वपूर्ण है। इसकी सुरक्षा के लिए हमें सक्रिय रहना चाहिए। उक्त बातें डॉ प्रियंका सिंह ने कही। यह निःशुल्क दंत जांच शिविर अवि क्लिनिक एंड डेंटल केयर के तत्वधान में शहर के नागा बिगहा मोड़, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के बगल में आयोजित किया गया। जहां दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ पायरिया एवं डेंटल इम्प्लांट स्पेशलिस्ट चिकित्सकों ने दांतों को स्वस्थ व मजबूत रखने के कई टिप्स दिए। इस एक दिवसीय निशुल्क दंत जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने सुविधाओं का लाभ लिया। इस दौरान डॉ प्रियंका सिंह ने कहा कि दांत स्वस्थ रखने के लिए नियमित जांच कराने की जरूरत है। रात को खाने के बाद ब्रश करना जरूरी है जिससे की दांत में गंदगी जमा न हो। कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य का दर्पण मुंह एवं दांत होता है। दांत दर्द को हल्के में नहीं लें, डेंटिस्ट से जरूर मिलें। जीभ को जरूर साफ करें।

### अधिवक्ता के निधन पर सांसद ने किया शोक व्यक्त

दाउदनगर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। वरीय अधिवक्ता श्रीनिवास सिंह के निधन पर काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने शोक व्यक्त किया है। उनके निधन के सूचना पर सांसद उनके आवास पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। कहा कि श्रीनिवास बाबू सच्चा समाजसेवी थे। उनकी कमी खलेगी। इधर दाउदनगर विधि संघ परिसर में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। अध्यक्ष निरंजन कुमार ने कहा कि श्रीनिवास बाबू ने लंबे अरसे से अधिवक्ता के रूप में लोगों की सेवा की। उन्होंने सन 1980 से औरंगाबाद सिविल कोर्ट में तथा 2008 में जब दाउदनगर में व्यवहार न्यायालय आरंभ हुआ तब से वह यहां कार्यरत थे। वह शिक्षाविद के साथ - साथ समाज सेवी भी थे। उन्होंने अनेक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना में अपना योगदान दिया। अंकोढा कॉलेज एवं पटेल उच्च विद्यालय के स्थापना में उनकी भूमिका सराहनीय रही। पटेल इंटर स्कूल में वल्लभभाई पटेल की आदम कद प्रतिमा के साथ पटेल सेवा संघ से भी जुड़े रहे। वे अपने पीछे एक पुत्र संतोष कुमार के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मौके पर सचिव धर्मेंद्र सिंह के अलावे सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे। अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर महिला महाविद्यालय दाउदनगर के व्याख्याता व भाजपा नेता अटल बिहारी, यशलोक कुमार समेत अन्य कई लोगों ने दुख व्यक्त किया।

### 24 मई को मनाया जाएगा शहीद लोकप्रिय शिक्षक चतुर्गुण यादव का 33वां शहादत दिवस

हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के अकल बिगहा पंचायत अंतर्गत डुमरा टोला स्थित स्मारक स्थल पर आगामी 24 मई को शहीद लोकप्रिय शिक्षक चतुर्गुण यादव का 33वां शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेत मजदूर यूनियन के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रख्यात जननेता कॉमरेड खड़कधारी मिश्रा उर्फ डुमरिया बाबा की पुण्यतिथि तथा स्मारक शिलान्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में व्यापक तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बाघोई पांडेय बिगहा डाक बंगला के समीप आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शहीदों और जननेताओं के संघर्ष, किसान-मजदूर आंदोलनों तथा सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल, अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह, अंचल परिषद सदस्य श्याम किशोर यादव, पूर्व प्रमुख विजय यादव, लखन यादव तथा चंदेश्वर राम सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### महादेव मंदिर की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के थाना गली स्थित शिव पंचायतन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर की पहली वर्षगांठ शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना ब्लू मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित महाआरती में भी काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शिव की आराधना की।

पूजा समिति के संयोजक राजू गुप्ता ने बताया कि इस स्थान पर पहले से ही प्राचीन ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर स्थित था। मंदिर का जीर्णोद्धार कर यज्ञ का आयोजन कराया गया था। उन्होंने कहा कि यहां श्रद्धा से दर्शन करने मात्र से लोगों के कष्ट दूर होते हैं और कई श्रद्धालु लाभान्वित भी हुए हैं।

भंडारे का उद्घाटन राजू गुप्ता, हरेंद्र सिंह एवं शशी सोनी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में शिवनंदन प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, रोहित, राहुल, सोनू, सचिन, गिरीरंजन, सुमित, शिवा कुमार, छोटू, प्रेमचंद प्रसाद, राकेश प्रसाद, सुधीर कुमार, प्रिंस, पियुष, ललन, मीनी कुमारी, ढिकी कुमारी, अंजली, रानी, अंशु सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गांव-गांव पहुंची अग्निशमन टीम, लोगों को बताया आग से बचाव का तरीका




रफीगंज (औरंगाबाद)। गर्मी के मौसम में बढ़ती अगलगी की घटनाओं को देखते हुए प्रखण्ड अग्निशमालय रफीगंज की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न गांवों और बाजार क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान एमटी वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को पटाखे से लगने वाली आग, सामान्य आग, एलपीजी सिलेंडर एवं चूल्हे की आग, झुग्गी-झोपड़ी में लगने वाली आग तथा बिजली के शॉर्ट सर्किट से होने वाली घटनाओं से सावधान रहने की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों के बीच पंपलेट वितरण कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत 101 एवं 112 नंबर पर सूचना देने की अपील की गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने रफीगंज प्रखंड के फेसरा, भल्लू खैरा, बंचर खुर्द, कचनपुर, भदवा बाजार, भदवाडीह समेत कई गांवों में जाकर स्कूलों, दुकानों और ग्रामीणों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इसके अलावा पी.एस. सिस्टम के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया तथा बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता और मॉक ड्रिल का आयोजन कर आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बचाव के तरीके बताए गए। ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे काफी उपयोगी बताया। प्रभारी मुन्ना कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में अग्निक चालक नीरज पासवान, अग्निक सौरव कुमार एवं अग्निक रिटन कुमारी की सक्रिय भूमिका रही।

### अपराध की योजना बना रहे नौ अपराधी गिरफ्तार

छपरा। सारण जिले के मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की योजना बना रहे नौ अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने फोरलेन सड़क पूल के समीप एक करकटनुमा घर की घेराबंदी कर छापामारी शुरू की। जिसके कारण उक्त मकान में अपराध की योजना बना रहे सभी अपराधी भागने लगे।जिसे पुलिस बल ने घेराबंदी कर पकड़ने के साथ जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से तीन देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस और राहगीरों से छीने गए पांच मोबाइल फोन को बरामद किया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पकड़े गए अपराधियों के विरुद्ध पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट के सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## रितेश हत्याकांड मामले में प्राथमिकी, नौ नामजद आरोपित, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के ढोसिला पंचायत के अदलपुर गांव में 17 वर्षीय किशोर रितेश कुमार की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने इस मामले में नौ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है, जिनमें से पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मृतक रितेश कुमार, अदलपुर गांव निवासी अमरेश दास का पुत्र था। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि 7 मई को भी आरोपितों द्वारा रितेश के साथ मारपीट की गई थी तथा जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त धनुक दास, शिवपूजन दास, मंटुस कुमार, सुजीत कुमार एवं गौरव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## अपराध को ले भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




दाउदनगर (औरंगाबाद)। राज्य कमिटी सदस्य सह प्रखंड सचिव चंद्रमा पासवान के नेतृत्व में शनिवार को भाकपा-माले द्वारा प्रतिवाद मार्च निकाला गया। दाउदनगर-पटना रोड स्थित पार्टी कार्यालय से निकला मार्च लाल मार्केट पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। मार्च में दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने बढ़ते अपराध, हत्या एवं महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाओं को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है और आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हत्या, लूट, बलात्कार और अपहरण जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार अपराध पर नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब, मजदूर, किसान और कमजोर तबके दीवाने वाले कुंदन यादव जैसे लोगों की हत्या करके लोगों की आवाज दबाई जा रही है, जबकि सत्ता में बैठे लोग सिर्फ प्रचार में व्यस्त हैं। सांसद ने कहा कि जनता अब सबकुछ देख रही है। 72 घंटे का समय प्रशासन द्वारा दिए जाने के बाद भी कुंदन यादव के हत्यारे को पकड़ा नहीं गया है। चंद्रमा पासवान ने कहा कि सरकार पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है। पटना में मुख्यमंत्री के नाक के नीचे हत्या और बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं, जिससे साफ है कि अपराधियों में प्रशासन का भय समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि आम जनता के मुद्दों से सरकार का कोई सरोकार नहीं रह गया है। मौके पर जिला कमिटी सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि पिंटू कुमार उर्फ प्रकाश कुमार, जिला कमिटी सदस्य राजकुमार भगत, जिला कमिटी सदस्य एवं अधिवक्ता नंदकुमार सिंह, राजेश कुमार, जिला कमिटी सदस्य अलकारी देवी, मीना देवी, ललन प्रसाद, मुन्ना कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, समाजसेवी कुणाल प्रताप, नागेंद्र कुमार, रामशुद्दीन सिंह, कामेश्वर सिंह, अवधेश सिंह यादव एवं मनोज कुमार मेहता समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## दो पुलिस अफसरों पर सीजीएम कोर्ट में चलेगा मामला, पासपोर्ट वेरिफिकेशन में हुई गलती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। किशोर न्याय बोर्ड ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन रिपोर्ट में जेजे एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में दो पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर करने का आदेश दिया है। बोर्ड ने इसे किशोर न्याय अधिनियम की धारा 74(2) का गंभीर उल्लंघन माना है। प्रावधानों के विपरीत विधि विरुद्ध किशोर के चरित्र सत्यापन और पासपोर्ट वेरिफिकेशन में प्रतिकूल टिप्पणी करने पर किशोर न्याय परिषद ने बेहद गंभीरता से लिया है। इसे लेकर जेजे बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने शनिवार को मामले में शामिल दो पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आधिकारिक परिवाद दायर किए जाने का आदेश दिया है। नगर थाना कांड संख्या-93/2018, जीआर-472/18 एवं जेजेबी वाद-120/25 के विधि विरुद्ध किशोर ने पासपोर्ट के लिए आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक में पासपोर्ट कार्यालय द्वारा औरंगाबाद नगर थाना से प्रतिवेदन की मांग की गई थी। इसी मामले में नगर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार एवं जांचकर्ता चंदन दास ने चरित्र प्रमाण पत्र और पासपोर्ट सत्यापन रिपोर्ट में जेजे एक्ट के विरुद्ध प्रतिवेदन समर्पित किया था, जो अधिनियम की धारा 74(2) का उल्लंघन माना गया है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत बालकों के किसी भी अभिलेख में किशोर न्याय बोर्ड के वाद का उल्लेख नहीं करने का स्पष्ट प्रावधान है। साथ ही अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध अनुसंधान विभाग), बिहार द्वारा जारी पत्रांक 127/2000 में भी स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी विधि विरुद्ध किशोर के वाद का जिक्र किशोर न्याय बोर्ड से बाहर नहीं किया जाए। इसके बावजूद पासपोर्ट वेरिफिकेशन रिपोर्ट में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किशोर के वाद का उल्लेख कर प्रावधानों की अनदेखी की गई। इस अनदेखी को जेजे बोर्ड ने बेहद गंभीरता से लिया। मामले की सम्यक जांच के बाद बोर्ड ने दोनों पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 74(2) के उल्लंघन के आरोप में व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजीएम) कोर्ट में परिवाद संस्थित करने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही बोर्ड के कार्यालय लिपिक को दोनों पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ आधिकारिक परिवाद दायर करने के लिए आवश्यक सभी दस्तावेज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में भेजने का निर्देश दिया गया है।

## एनएच किनारे बंद घर से लाखों के जेवरात की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

दाउदनगर (औरंगाबाद)। भखरूआं स्थित एक बंद घर को चोरों ने खाली कर दिया। लगभग 20 लाख के जेवरात और नकदी दो लाख रुपए समेत कई सामान ले गए। यह घर मंटू हॉस्पिटल के पीछे है। यहां सघन आबादी है और इस घर के आस - पास सटे कई घर हैं। चोरों ने जिस प्रकार से यहां हाथ साफ किया है उससे यह साफ पता चलता है कि इतनी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देने में उन्हें घंटों लगे होंगे। आश्चर्य कि इतनी समयावधि में घर में रखे कई बक्सा और आलमारी को उन्होंने तोड़ दिया और पड़ोसियों को पता तक नहीं लगी। गृह स्वामी डा.उपेंद्र कुमार सिंह अपनी पुत्री पुष्पांजलि कुमारी के साथ मध्य प्रदेश के सतना उसकी डिग्री लेने गए थे। जबकि इनकी पत्नी अपने पुश्तैनी घर हसपुरा के सिहाड़ी गई थी। घर खाली था, कोई नहीं था। प्राथमिकी आवेदन के अनुसार चारों कमरा और किचेन का ताला टूटा हुआ था। पांच बक्सा के अलावे गोदरेज ट्रॉली समेत अन्य सब के सब सामान बिखरे हुए थे। पुलिस शनिवार को सुबह पीड़ित के घर पहुंची और मामले की छानबीन की। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोर पीछे के रास्ते घर में घुसे और गोदरेज, बक्से व दीवान तोड़कर सामान ले गए। डॉ. यादव ने बताया कि उनकी बेटी की शादी नवंबर में तय है और वर्षों की मेहनत से जुटाए गए जेवरात चोरी हो गए। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत है तथा पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग तेज हो गई है।

## बैरिकेड तोड़ भागी कार ट्रक से टकराई, चार घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। उत्पाद विभाग की कार्रवाई के दौरान एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रिसियप थाना क्षेत्र के सिंह लाइन होटल के समीप एनएच-139 पर शराब तस्करी के संदेह में पीछा की जा रही एक क्रेटा कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें उत्पाद विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एरका चेक पोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग की टीम ने तेज रफ्तार क्रेटा कार को रोकने का प्रयास किया था। चालक बैरिकेडिंग तोड़कर फरार हो गया। विभाग को आशंका थी कि वाहन में शराब या तस्कर सवार हैं। इसके बाद टीम ने एक निजी स्कॉर्पियो से कार का पीछा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि करीब 10 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद रिसियप के पास स्कॉर्पियो द्वारा ओवरटेक कर वाहन रोकने की कोशिश की गई, जिससे क्रेटा चालक संतुलन खो बैठा और कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल लोगों की पहचान रजनीकांत, पुष्कर पाण्डेय और रॉबिन समेत चार लोगों के रूप में हुई है। सभी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। घायलों में से एक युवक ने दावा किया कि उनका पीछा उत्पाद विभाग की टीम कर रही थी, जबकि वाहन से कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।

## सीएम के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, प्रशासनिक तैयारियों पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बक्सर। बक्सर दौरे पर पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को एक अप्रत्याशित स्थिति उत्पन्न हो गई। किला मैदान में हेलीकॉप्टर की निर्धारित लैंडिंग धूल के कारण संभव नहीं हो सकी, जिसके बाद पायलट को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर किला मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरना था। लेकिन जैसे ही हेलीकॉप्टर नीचे आने लगा, मैदान में तेज धूल का गुबार उठने लगा। धूल इतनी अधिक थी कि पायलट को दृश्यता में परेशानी होने लगी। बताया जाता है कि पायलट ने दो बार लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन स्थिति अनुकूल नहीं होने के कारण उसे प्रयास छोड़ना पड़ा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इसके बाद पायलट ने हेलीकॉप्टर को शहर के हवाई अड्डा मैदान की ओर मोड़ दिया, जहां पूर्व निर्धारित लैंडिंग की कोई व्यवस्था नहीं थी। वहां सुरक्षा घेरा, बैरिकेडिंग और प्रशासनिक तैयारियां भी मौजूद नहीं थीं। अचानक हेलीकॉप्टर उतरने से सुरक्षा अधिकारियों में भी कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। आनन-फानन में मुख्यमंत्री को वहां से सुरक्षित रवाना किया गया। प्रशासनिक और पुलिस वाहन भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंच सके। घटना के समय हवाई अड्डा मैदान में स्थानीय युवक क्रिकेट खेल रहे थे। अचानक हेलीकॉप्टर उतरते देख लोग हैरान रह गए। मौके पर मौजूद एक युवक ने बताया कि वे लोग सामान्य रूप से मैच खेल रहे थे, तभी अचानक हेलीकॉप्टर मंडराने लगा और पुलिसकर्मियों ने उन्हें पीछे हटने को कहा। कुछ ही क्षणों में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर मैदान में उतर गया। इस घटना के बाद प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

## औरंगाबाद में 26 मई तक हीट वेब की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार 26 मई तक औरंगाबाद जिले में हीट वेव की स्थिति बनी रह सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दोपहर के समय तेज गर्म हवाएं चल सकती हैं, जिससे निर्जलीकरण, चक्कर आना, थकान और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाएगा। बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा भीषण गर्मी का असर पशुओं और कृषि कार्यों पर भी पड़ने की आशंका जताई गई है।

प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। लोगों को हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने तथा बच्चों एवं पशुओं को धूप में नहीं छोड़ने की हिदायत दी गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक गर्मी, चक्कर, कमजोरी या सांस लेने में परेशानी महसूस हो तो तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। प्रशासन ने आमजन से मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और सतर्क रहने की अपील की है, ताकि भीषण गर्मी एवं लू से होने वाले खतरे को कम किया जा सके।

## सरकारी बोरिंग फेल होने से शहीद नगर में पानी के लिए तरस रहे लोग






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 27 स्थित शहीद नगर में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। मोहल्ले का सरकारी बोरिंग फेल हो जाने से लोग पानी के लिए परेशान हैं। हालत यह है कि सुबह होते ही महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को पानी की तलाश में दूसरे मोहल्लों और पड़ोसियों के घर जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से सरकारी बोरिंग बंद पड़ा है, लेकिन नगर परिषद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लगातार बढ़ते तापमान के बीच पानी की समस्या ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। सुबह के समय बच्चे बाल्टी और डब्बा लेकर पानी भरने निकलने को मजबूर हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि पानी की समस्या के साथ-साथ इलाके में गंदगी का भी गंभीर संकट है। सड़कों और खाली जगहों पर कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि एक निजी कोचिंग संस्थान द्वारा अपना प्रचार बोर्ड लगाकर सार्वजनिक पानी की टंकी को ढक दिया गया है। इससे न केवल टंकी की पहचान छिप गई है, बल्कि लोगों में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर आक्रोश भी बढ़ गया है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक संपत्ति का इस प्रकार उपयोग पूरी तरह अनुचित है और इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। मोहल्ले के लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से अविलंब बोरिंग की मरम्मत कराने, वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने, कचरा उठाव सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में पेयजल संकट प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

# स्वास्थ्य केंद्र परिसर में डीएम ने लिया आधारभूत सुविधाओं का जायजा

## मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा का शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने ओपीडी व्यवस्था, दवा उपलब्धता, जांच सुविधाओं, प्रसव कक्ष, वार्डों तथा आपातकालीन सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर की स्वच्छता, पेयजल, बिजली तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा के निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा संभावित बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए झमटिया घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, नदी के जलस्तर से संबंधित परिस्थितियों तथा बाढ़ की संभावनाओं के मद्देनजर उपलब्ध संसाधनों एवं तैयारियों की समीक्षा की। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को बाढ़ पूर्व तैयारियों को सुदृढ़ रखने, संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी करने तथा आवश्यक सुरक्षा एवं राहत संबंधी व्यवस्थाओं को समय रहते सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है तथा आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# दो बाल श्रमिकों को कराया गया विमुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के कुशल मार्गदर्शन तथा श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के विशेष निर्देश के आलोक में बाल श्रम उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत श्रम अधीक्षक रतीश कुमार के नेतृत्व में गठित धावा दल द्वारा सदर प्रखंड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 2 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। इस दौरान संबंधित नियोजकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित 2016) की धारा 3 एवं धारा 14(1) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से यह कार्रवाई की। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बेगूसराय सदर ने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन हेतु यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषी नियोजकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।श्रम अधीक्षक श्री कुमार ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित 2016) की धारा 3 एवं 3इ के अनुसार किसी भी घर, दुकान, प्रतिष्ठान, कल-कारखाने अथवा अन्य कार्यस्थलों पर 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को जोखिमयुक्त कार्यों में नियोजित करना दंडनीय अपराध है। यदि कहीं बाल श्रमिक नियोजित पाए जाते हैं तो संबंधित अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में बाल श्रम उन्मूलन हेतु विभिन्न ढाबों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, मोटर गैराज, ईंट-भट्ठों, बीड़ी उद्योगों तथा अन्य फैक्ट्रियों में बाल, किशोर एवं बंधुआ श्रमिकों की पहचान और विमुक्ति के लिए धावा दल सक्रिय रूप से अभियान चला रहा है। निरीक्षण के दौरान बाल श्रम कराने वाले नियोजकों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। श्रम अधीक्षक ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए सरकार एवं विभिन्न संगठनों द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं तथा विमुक्त बाल श्रमिकों को शिक्षा, सरकारी योजनाओं और पुनर्वास सुविधाओं से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए श्रम अधीक्षक ने सभी नियोजकों को श्रमिकों के लिए पेयजल एवं आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# समसा में हत्याकांड का वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** डंडारी थाना में हत्याकांड में फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डंडारी थाना कांड संख्या 110/19, धारा 302/34 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट के मामले में नावकोठी थाना क्षेत्र के समसा निवासी हरिनंदन महतो का पुत्र नामजद अभियुक्त रणवीर कुमार को पुलिस ने समसा गांव से गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार रणवीर कुमार हत्या कांड में वांछित था तथा उसके विरुद्ध वारंट निर्गत था। पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे उसके गांव से दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को अग्रिम कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय भेज दिया गया।पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है। क्षेत्र में इस गिरफ्तारी को लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# गन्ना मंत्री क्षेत्र भ्रमण कर जनसमस्याओं से हुए रूबरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बखरी विधायक सह बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान रजाकपुर पंचायत के बेगमपुर, चक्का एवं रजाकपुर गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। भ्रमण के दौरान मंत्री ने विभिन्न गांवों में शोकाकुल परिवारों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने रजाकपुर के विन्देश्वरी ठाकुर, चक्का के सुशील कुमार, चितरंजन साहु, फुलेना पोद्दार एवं सज्जन पासवान के परिजनों से मुलाकात की। इसके अलावा शंभू सिंह, दशरथ राय, संतोष पासवान की मां, संजीव राय की मां, उस्मान मियां, लक्ष्मी साह, बालदेव महतो, चन्द्रदेव पासवान तथा दिनेश महतो के निधन पर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया।मंत्री ने दुर्घटना में घायल राजकुमार पासवान से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। राजकुमार पासवान के शरीर पर मध्य विद्यालय की मुंडेर गिर गई थी। मंत्री ने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष पशु चिकित्सालय रजाकपुर में चिकित्सक एवं दवा की कमी, मध्य विद्यालय में छात्रों की संख्या के अनुरूप भवन और शिक्षकों की आवश्यकता, हाई स्कूल में चहारदीवारी निर्माण, सभा भवन निर्माण, चक्का में मोबाइल टावर लगाने तथा ठाकुरबाड़ी, मस्जिद सड़क एवं रजाकपुर सड़क की मरम्मत की मांग रखी। मंत्री ने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय, रामविनोद पासवान, जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, बखरी अध्यक्ष पंकज पासवान, अमरनाथ पाठक, सुनील कुमार, मुकेश महतो, मुकेश कुमार, अरविंद सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# गृह रक्षा वाहिनी में पुनः स्वच्छ नामांकन के लिए जारी हुई औपबंधिक मेधा सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी में गृहरक्षकों के पुनः स्वच्छ नामांकन के लिए औपबंधिक मेधा सूची जारी कर दी गई है। जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर उक्त औपबंधिक मेधा सूची को जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर अभ्यर्थियों की जानकारी एवं अवलोकनार्थ प्रकाशित कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा औपबंधिक मेधा सूची से संबंधित किसी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति रखने वाले अभ्यर्थी दिनांक 8 जून तक अपनी आपत्ति जिला समादेष्टा कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी में हाथों-हाथ, निबंधित डाक अथवा आधिकारिक ई-मेल के माध्यम से समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त अथवा जिला समादेष्टा कार्यालय के अतिरिक्त किसी अन्य कार्यालय में जमा कराई गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे आवेदन स्वतः अमान्य माने जाएंगे। अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पूरी नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विस्तृत कार्य-सारणी (कैलेण्डर) भी जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार औपबंधिक मेधा सूची के विरुद्ध दावा एवं आपत्ति आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08 जून निर्धारित की गई है। प्राप्त दावा एवं आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया 12 जून को संपन्न की जाएगी, जबकि अंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 15 जून को किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 22 जून 2026 को आयोजित होगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे जारी औपबंधिक मेधा सूची का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें तथा यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित उसे ससमय दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

# भूमि विवाद के निपटारे को लेकर लगा जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अंचल के विभिन्न राजस्व गाँव में उत्पन्न भूमि विवाद निपटारे के लिए अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें पुराने लंबित भूमि विवाद के आठ मामले की सुनवाई कर एक मामले का निपटारा किया गया। निष्पादित मामला हसनपुर बागर के वार्ड संख्या 3 के राजा राम पासवान तथा सिंधु पासवान के बीच भूमि विवाद का है। उभय पक्षों को विवादित भूमि का अंचल अमीन द्वारा पैमाइश कराने का निर्देश देते हुए निष्पादित किया गया। भूमि विवाद का सुनवाई हेतु दो मामले दर्ज किया गया। दर्ज मामला

## भूमि विवाद के नौ मामले हैं लंबित

हसनपुर बागर के वार्ड संख्या 7 के जितेंद्र सहनी व हीरा चौधरी वगैरह तथा इसी गांव के नीरज कुमार तथा जितेंद्र सहनी के बीच रैयती भूमि विवाद का है। इन्हें अगली तिथि को जनता दरबार में अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस जारी किया गया है। निष्पादन हेतु नौ भूमि विवाद के मामले लंबित है। मौके पर राजस्व कर्मचारी राम प्रकाश पासवान, ए एसआई युगल किशोर मंडल कार्यालय सहायक नरेन्द्र कुमार दास सहित अन्य फरियादी मौजूद थे।

# विश्व कछुआ दिवस पर कछुआ मित्र बनकर करें पर्यावरण की सुरक्षा

## कछुए के संरक्षण के प्रति रहें संवेदनशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्द्धन की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रामीण विकास अभिकरण एवं नमामि गंगे कार्यालय में कछुआ संरक्षण से संबंधित एक विशेष सूचना बोर्ड (इन्फॉर्मेशन बोर्ड) प्रभारी पदाधिकारी, नमामि गंगे बिट्टू कुमार सिंह को भारतीय वन्यजीव संस्थान की जलज परियोजना के प्रोजेक्ट असिस्टेंट कुणाल कुमार सिंह द्वारा भेंट किया गया। इस सूचना बोर्ड का उद्देश्य गंगा नदी में पाई जाने वाली कछुओं की विभिन्न प्रजातियों के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराना, गंगा के पारिस्थितिक तंत्र में कछुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना तथा आमजन को कछुआ संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है। साथ ही लोगों को कछुआ मित्र बनकर संरक्षण अभियान से जुड़ने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर बताया गया कि कछुआ गंगा नदी का प्राकृतिक सफाईकर्मी माना जाता है। ये मृत जीवों एवं जैविक अपशिष्टों को खाकर नदी की स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गंगा के संतुलित पारिस्थितिक तंत्र में कछुओं का विशेष महत्व है, किंतु अवैध शिकार, नदी प्रदूषण तथा मानवजनित गतिविधियों के कारण इनके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। नमामि गंगे के प्रभारी पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नमामि गंगे केवल नदी की सफाई का कार्यक्रम नहीं, बल्कि गंगा की संपूर्ण जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण का व्यापक मिशन है। कछुओं सहित जलीय जीवों का संरक्षण गंगा को स्वस्थ और जीवंत बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे कछुओं के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनें, प्लास्टिक प्रदूषण रोकने में सहयोग करें तथा गंगा और उसकी जैव विविधता की रक्षा के लिए सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# स्वयंसेवकों ने संघ के कार्यकर्ताओं का किया स्वागत

## सरस्वती विद्या मंदिर मुंगेर में संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** सरस्वती विद्या मंदिर पुरानीगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शिक्षा वर्ग 23 मई से 12 जून तक आयोजित होगा। जिला प्रचार प्रमुख बसन्त राणा ने बताया कि उत्तर पूर्व क्षत्र (बिहार और झारखंड) से कुल 200 शिक्षार्थी प्रशिक्षण हेतु इस वर्ग में भाग लेने आ रहे हैं। शिक्षार्थियों के आगमन पर जमालपुर रेलवे स्टेशन पर स्थानीय संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया और उन्हें वर्ग स्थल तक पहुँचाया गया। स्टेशन पर जमालपुर संघचालक चंद्र शेखर खेतान, राकेश अम्बष्ठ, शंकर कुमार सिंह, पवन राज, रवि पासवान, रितेश जी, आयुष, छोटू, रौशन, भावेश चौधरी, बिक्रम कुमार, विक्की आनंद, अनुराग गुहा तथा अन्य कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण सत्रों, सामूहिक गतिविधियों और नेतृत्व विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवाभाव, संगठनात्मक कौशल और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता को और प्रगाढ़ करना है।

## जविप्र विक्रेताओं के साथ डीएम ने की बैठक

**मुंगेर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली विक्रेता की नई अनुज्ञप्ति निर्गत करने के संबंध में जिला चयन समिति की बैठक समाहरणालय, मुंगेर में आयोजित की गई। जिला चयन समिति द्वारा रिक्त जन वितरण प्रणाली विक्रेता के कुल 128 पद के विरूद्ध 85 पदों पर अनुज्ञप्ति निर्गत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला चयन समिति के सदस्य में जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुंगेर, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर कुमारी पुष्पा, वरीय उप समाहर्ता जिला सहकारिता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अजीत कुमार निर्विरोध बने रालोमो प्रखंड अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** प्रखंड के उप प्रमुख रूबी कुशवाहा के नवनिर्मित आवास बखरी थाना चौक पर शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत करने तथा आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान राटन पंचायत के उप मुखिया अजीत कुमार को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक में बिहार प्रदेश नेता सह बिहार राज्य खाद निगम आयोग के सदस्य अंगद कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद सदस्य दिलीप कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि सह घाघड़ा पैक्स अध्यक्ष बलराम सिंह कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम बिहारी वर्मा, मधुसूदन महतो, भोला कुशवाहा, अशोक महतो कुशवाहा, मोहम्मद सनाउल्लाह, विकास कुमार, विनोद कुमार महतो, शुलेंद्र महतो, अजीत कुमार सिंह, सज्जन कुमार महतो और राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। बिहार राज्य खाद निगम आयोग के सदस्य अंगद कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और संगठन तेजी से बिहार में विस्तार कर रहा है। पूर्व जिला परिषद सदस्य दिलीप कुशवाहा ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। वहीं वरिष्ठ नेता बलराम सिंह कुशवाहा ने कहा कि बखरी प्रखंड संगठनात्मक रूप से जिले का मजबूत क्षेत्र रहा है और कार्यकर्ताओं के सहयोग से इसे पुनः जिले का नंबर वन प्रखंड बनाया जाएगा।

नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा।

# महिला पर हमला व चैन छिनतई मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तारापुर (मुंगेर)।** तारापुर थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव में महिला पर जानलेवा हमला एवं सोने की चैन छिनतई मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनडीहा निवासी विवेक कुमार सिंह उर्फ सन्नी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को देवगांव के समीप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।जानकारी के अनुसार सोनडीहा निवासी बिंदु देवी ने तारापुर थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि पड़ोसी विवेक कुमार सिंह उर्फ सन्नी कुमार एवं अक्षय कुमार सिंह उर्फ बौनी कुमार सिंह उनके पुत्र विनीत कुमार सिंह से रंजिश रखते हैं और अक्सर गाली गलौज करते रहते हैं। घटना की रात दोनों आरोपी उनके दरवाजे पर खड़ी स्कूटी एवं बुलेट बाइक को क्षतिग्रस्त कर रहे थे। विरोध करने पर गाली गलौज एवं हाथापाई की गई। इसी दौरान गले से करीब डेढ़ भर सोने की चैन छीन ली गई तथा लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।घटना के बाद घायल महिला का इलाज अस्पताल में कराया गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर विभिन्न धाराओं में जांच शुरू की थी।थानाध्यक्ष राज कुमार ने बताया कि महिला पर हमला एवं चैन छिनतई मामले में नामजद आरोपी विवेक कुमार सिंह उर्फ सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## महिला ने दो व्यक्तियों पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना के एक गांव से एक विवाहिता के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गांव के ही रामनाथ सिंह तथा अमित कुमार द्वारा छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि वह सुबह अपने घर लौट रही थी। रास्ते में दोनों आरोपित ने उसे पकड़ कर बगल के केला खेत की ओर ले जाने की कोशिश करने लगे। इसका जब मैं विरोध किया तथा शोर गुल मचाई। शोर-गुल सुनकर पीछे से आ रही मम्मी आ गई। मम्मी को आते देखकर दोनों फरार हो गये। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बिक्रम नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव 29 को

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत बिक्रम के सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के लिए निर्वाचन की तिथि घोषित कर दी गई है। बिक्रम बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि यह निर्वाचन आगामी 29 मई 2026 को प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर सभी वार्ड पार्षदों को आधिकारिक सूचना कर दी गई है।


**शपथ-पत्र**

मैं, धनंजय कुमार, उम्र करीब 39 वर्ष, पे.- स्व. दिनेश सिंह, निवासी ग्राम-गोपालपुर, कंडाप, थाना-गौरीचक, जिला- पटना, आधार सं0- 6222 2693 9882 निम्नलिखित बातें शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं दिनांक 22.04.2026 को अपने घर (डेरा) से अपने जमीन का दस्तावेज का फोटो कॉपी करवाने के लिये गर्दनीबाग बाजार गया था। मार्केट जाने के क्रम में मेरे मोटरसाइकिल से मेरा बैग कहीं गिर गया। उक्त बैग में मेरे जमीन का मूल दस्तावेज जिसका डीड नं.-15954, in book no.-1, Volume No. 360, थाना नं0- 18, वार्ड नं0-15, खाता नं0- 65, प्लॉट नं0- 345 है, कहीं खो गया।

मैं अपने उक्त बैग एवं जमीन के दस्तावेज का अपने स्तर से काफी खोज किया पर मुझे नहीं मिला। मुझे अपने मूल दस्तावेज खोने का सनहा थाना में दर्ज कराना चाहता हूं, तत्संबंधी यह शपथ पत्र दे रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
धनंजय कुमार


# गायत्री यज्ञ और ऋषि संदेश से हुआ दिव्य ऊर्जा का संचार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में हलीमपुर महिला मंडल और माता भगवती महिला मंडल, दौलतपुर के संयुक्त संयोजन में गंगटी तालाब, दुर्गा स्थान गौरीपुर में आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में तीन सौ दस याजकों ने अपनी यज्ञाहूति अर्पित की और कार्यक्रम में 530 श्रद्धालु सम्मिलित हुए। यज्ञ और ऋषि प्रणीत संस्कार को संपन्न करते हुए यज्ञाचार्य मनोज मिश्र ने कहा कि यज्ञ के द्वारा मनुष्य में देवत्व, प्रकृति के पंचतत्व पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश में सात्विकता, समाज में सद्भावना के लिए अनुकूल वायुमंडल निर्मित होता है। ऋषिप्रणीत विभिन्न संस्कारों से श्रेष्ठ, सदाचारी, सृजनशील व्यक्ति के निर्माण से सामाजिक चेतना विकसित होती है और सुख, शांति और सद्भावना पर आधारित देवसंस्कृति की स्थापना मार्ग प्रशस्त होता है। संचालन करती हुई नीलम भगतजी ने गुरु की महिमा और देव स्थापना की गरिमा बताते हुए तीन गर्भसंस्कार संपन्न कराये और बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण दो अभियान 'आओ गढें संस्कारवान पीढ़ी' अभियान से मां की कोख से समाज को नैतिक, सुसंस्कृत, राष्ट्रभक्त, प्रतिभाशाली और मूल्यनिष्ठ व्यक्तित्व के अवतरण के साथ ही कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान के माध्यम से किशोर किशोरियों को प्रशिक्षित करके राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट युवा शक्ति और सभ्य नागरिकों के निर्माण का उत्तम कार्य किया जा रहा है। यज्ञ में 65 घरों के लिए देव स्थापना, 30 छात्र-छात्राओं के लिए विद्यारंभ, 10 श्रद्धालुओं के लिए गुरुमंत्र दीक्षा, अन्नप्राशन के लिए 2 और गर्भस्थ माता के लिए 03 संस्कार संपन्न कराये गये। भक्ति और प्रेरणा से अनुप्राणित वीरेंद्र मिश्र द्वारा प्रस्तुत संगीत के लिये तबले पर संगति प्रज्ञाचक्षु अशोक कुमार और विकासजी ने दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यो के लिए गायत्री मंत्र के दुपट्टे और सत्साहित्य के उपहार को देकर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। हलिमपुर महिला मंडल की संचालिका ममता देवी ने सभी का आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर सुषमा देवी, शोभा देवी, सरिता देवी, सुशीला देवी, अमित, शेखर सिंह तो विकास प्रदीप मंडल, अनिल मंडल, प्रसिद्ध, यशराज रेनू गुप्ता, अरुणा देवी, सरिता देवी, सुकृति निर्मला देवी, राजलक्ष्मी, सुमित्रा, स्वाति, कोमल, राजनाथ मंडल, अरुण भगत का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर समाजसेवी किशोर पोद्दार, राजेंद्र पंडित संतोष कुमार, अरुणा पाल मनोरंजन पंडित, आलोक सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भूमि विवाद की सुनवाई

**बौंसी/बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बौंसी अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को ढाई महीने के अंतराल के बाद जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित इस जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। जनता दरबार के दौरान जमीन विवाद से संबंधित कुल तीन नए मामले सामने आए।

# जमीन धोखा धड़ी का भंडाफोड़

## जाली आधारकार्ड से रजिस्ट्री कराने वाले दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**अररिया।** जिला पुलिस ने जमीन जालसाजी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित कूटरचित (जाली) दस्तावेज और आधार कार्ड में हेरफ़ेर कर फर्जी भू-स्वामी बन गए थे और दूसरे की जमीन की रजिस्ट्री (केवाला) कर डाली थी। पुलिस ने इनके पास से मूल आधार कार्ड, रजिस्ट्री में इस्तेमाल फर्जी आधार कार्ड, जाली दस्तावेज और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

यह कार्रवाई निबंधन कार्यालय के कर्मचारी पंकज कुमार के आवेदन पर नगर थाना में दर्ज कांड संख्या-239/2026 के आलोक में की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अररिया के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के जरिए आरोपियों को दबोचा। पुलिस के अनुसार, असली जमीन मालिक संजय मंडल (पिताः रामेश्वर मंडल) के स्थान पर आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर संजय मंडल (पिताः महेश मंडल) को फर्जी भू-स्वामी के रूप में खड़ा किया गया था। इस खेल में गवाहों की मिलीभगत से डीड नंबर 7175 निबंधित करा लिया गया। पुलिस कप्तान ने बताया कि गिरफ्तार फर्जी भू-स्वामी पेशे से एक मजदूर है, जबकि इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड जीवछ मंडल है। दोनों आरोपी रानीगंज थाना क्षेत्र के गिद्धवास के रहने वाले हैं।

**निबंधन कार्यालय का लिपिक भी संदेह के घेरे में**

इस सफल छापेमारी टीम में नगर थाना प्रभारी मनीष रजक, रानीगंज थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, पु0अ0नि0 रामलखन चौधरी और डीआईयू की टीम शामिल थी। पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य चेहरों की तलाश कर रही है। वहीं, इस पूरे प्रकरण में निबंधन कार्यालय के एक लिपिक (क्लर्क) की भूमिका भी संदेह के घेरे में है, जिसकी जांच की जा रही है।

# पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन को बढ़ावा, उपभोक्ताओं को मिलेगी विशेष रियायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका।** शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बाँका जिले में सिटी गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज कर दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि बाँका सदर क्षेत्र के अधिक से अधिक घरों तक पाइप्ड नैचुरल गैस कनेक्शन प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाएगा। बैठक में एचपीसीएल अधिकारियों की मौजूदगी में आम उपभोक्ताओं के लिए विशेष रियायती योजना लागू करने की घोषणा की गई। इसके तहत अब घ्राक्र कनेक्शन लेने पर आवेदन शुल्क मात्र 300 रुपये (जीएसटी अतिरिक्त) रखा गया है। उपभोक्ताओं को राहत देते हुए मीटर किराया केवल एक रुपये प्रतिदिन की दर से लिया जाएगा, जबकि पहले देय 5000 रुपये की यंत्र सुरक्षा राशि पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। गैस उपयोग का बिल स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर के आधार पर मीटर रीडिंग के अनुसार निर्धारित अवधि में जारी किया जाएगा। इसके अलावा गैस सुरक्षा राशि में भी बड़ी राहत दी गई है। कुल 1500 रुपये की सुरक्षा राशि के स्थान पर अब उपभोक्ताओं को केवल 200 रुपये की नौ आसान बिलिंग किस्तों में भुगतान करना होगा। प्रशासन और कंपनी अधिकारियों ने शहरवासियों से जल्द से जल्द घ्राक्र कनेक्शन लेने की अपील की है, ताकि घरेलू गैस आपूर्ति अधिक सुरक्षित और सुगम बन सके। अधिकारियों का कहना है कि पाइप्ड गैस व्यवस्था से सिलेंडर की झंझट खत्म होगी और उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति का लाभ मिलेगा। कनेक्शन प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एनओसी दस्तावेज तथा पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना होगा। वहीं स्वयं पंजीकरण की सुविधा के लिए उपभोक्ता मोबाइल एप्लीकेशन का भी उपयोग कर सकते हैं। प्रशासन का मानना है कि इस योजना से शहर में आधुनिक गैस आपूर्ति प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को नई गति मिलेगी।

# एक सप्ताह में फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने का निर्देश

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को नवदीप शुक्ला (भा0प्र0से0), जिला पदाधिकारी, बांका की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित समीक्षात्मक बैठक जिला समाहरणालय के सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से मौजावार बकेट लिस्ट के अनुसार किसानों को चिन्हित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

# अररिया में निःशुल्क ऑनलाइन क्लासेस का शुभारंभ

## सांसद प्रदीप सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन, अब यूट्यूब पर मिलेगी मुफ्त पढ़ाई

**शिक्षा विभाग की पहल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अररिया।** जिले के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में शिक्षा विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को +2 बालिका उच्च विद्यालय, अररिया परिसर में निःशुल्क ऑनलाइन क्लासेस 2026 कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस पहल का उद्देश्य ऐसे छात्र-छात्राओं तक बेहतर शिक्षा पहुंचाना है, जहां विषय-विशेष शिक्षकों की कमी है या जो किसी कारणवश नियमित रूप से विद्यालय नहीं जा पाते हैं। ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा तैयार चैप्टर-वाइज लेक्चर, अध्ययन सामग्री और नोट्स उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार आगामी एक वर्ष के भीतर कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के सभी विषयों की ऑनलाइन क्लासेस तैयार कर डिजिटल माध्यम से छात्रों तक पहुंचाई जाएंगी। सभी वीडियो Education Araria यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए जाएंगे। साथ ही संबंधित अध्याय के नोट्स और स्टडी मटेरियल भी उपलब्ध कराया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) राशीद नवाज, विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेश झा सहित कई शिक्षक और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में निरंजन कुमार, विवेक कुमार, दानिश राजा, दारिश राजा, साएम कैसर, सोफिया शहबाज, नरसिंह नाथ मंडल एवं नूर अफशां सहित कई शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। जिला शिक्षा विभाग ने विश्वास जताया कि निःशुल्क ऑनलाइन क्लासेस 2026 आर्थिक रूप से कमजोर और शैक्षणिक संसाधनों से वंचित हजारों विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# एनटीपीसी कहलगांव ने धूमधाम से मनाया 42वां स्थापना दिवस

**ऊर्जा और राष्ट्रनिर्माण का संकल्प**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**कहलगांव (भागलपुर)।** एनटीपीसी कहलगांव ने अपने 42वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन शनिवार को किया। इस खास अवसर पर प्रबंधन ने अपनी चार दशकों की गौरवशाली उपलब्धियों को याद करने के साथ-साथ भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने संकल्प को और मजबूत किया।

एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद पूरा परिसर एनटीपीसी के नैगम गीत (कॉरपोरेट एंथम) से गुंजायमान हो उठा, जिसने उपस्थित सभी कर्मियों में राष्ट्रनिर्माण की भावना का संचार किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर हर्षोल्लास व्यक्त करते हुए केक काटा गया और आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। स्थापना दिवस को खास बनाने के लिए दीप्तिनगर स्थित मुख्य भवन, प्रवेश द्वारों और प्लांट परिसर को फूलों एवं रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से बेहद आकर्षक रूप से सजाया गया था। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल ने कहा कि आज 42 वर्षों के अथक परिश्रम, प्रतिबद्धता और नवाचार के बल पर एनटीपीसी कहलगांव न केवल विद्युत उत्पादन में अग्रणी बना है, बल्कि राज्य एवं राष्ट्र के ऊर्जा मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। उन्होंने स्टेशन की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया कि संचालन, अनुरक्षण (मैंटेनेंस) एवं मानव संसाधन विकास जैसे क्षेत्रों में एनटीपीसी कहलगांव ने अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही, नैगम सामाजिक दायित्व के तहत आस-पास के क्षेत्रों के विकास में भी संस्था निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल ने पीएमआईएस अभ्यर्थियों एवं कार्यपालक प्रशिक्षुओं के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने युवाओं और कर्मियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। मौके पर मनोरंजन परिदा (महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्रीनाध मारीशेट्टी महाप्रबंधक, अनुरक्षण एवं एडीएम) भारती नंदन कमांडेंट, सीआईएसएफ सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सतर्कता समिति की बैठक में प्रशासन सख्त, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बांका।** जिला प्रशासन ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन और पीड़ितों को समय पर राहत राशि उपलब्ध कराने को लेकर सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को आयोजित वर्ष 2026 की द्वितीय जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुख्यालय, जिला कल्याण पदाधिकारी, विशेष लोक अभियोजक, SC/ST थानाध्यक्ष एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में प्रथम किस्त की मुआवजा राशि से जुड़े 33 कांडों के 66 पीड़ितों तथा 36 कांडों के 58 पीड़ितों के भुगतान मामलों की समीक्षा की गई। वहीं छह मामलों में आवंटन के अभाव में लंबित भुगतान पर भी चर्चा हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि राहत राशि वितरण में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक बलात्कार मामले में मेडिकल रिपोर्ट लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया। विशेष लोक अभियोजक ने आरोप गठन से जुड़े लंबित मामलों और सुस्त कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिले में पांच ऐसे मामले हैं, जिनमें चार्ज फ्रेम की सत्यापित प्रति मिलते ही पीड़ितों को नौकरी से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई शुरू की जा सकती है। द्वितीय किस्त के मुआवजा भुगतान हेतु लंबित 33 मामलों में आरोप पत्र जल्द दाखिल करने का निर्देश दिया गया, ताकि पीड़ितों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। साथ ही सभी थानाध्यक्षों और विशेष लोक अभियोजकों को पीड़ितों, आश्रितों एवं गवाहों की सूची बैंक खाता, पता और आधार विवरण सहित उपलब्ध कराने को कहा गया, जिससे यात्रा भत्ता एवं अन्य सहायता राशि का भुगतान सुचारु रूप से हो सके। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने पूर्व निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी। भूमि विवाद से जुड़े मामलों को भू-समाधान पोर्टल पर अपलोड कर जनता दरबार के माध्यम से शीघ्र निष्पादन का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को पीड़ितों के आवेदन के अनुसार उचित धाराएं लगाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने यह भी आदेश दिया कि अत्याचार से संबंधित सभी मामलों का वर्षवार रिकंसिलिएशन कराया जाए, ताकि मुआवजा भुगतान से जुड़ा कोई भी मामला लंबित न रहे और पोर्टल के आंकड़ों में किसी प्रकार की विसंगति उत्पन्न न हो।

# जनभागीदारी अभियान में उमड़ी भीड़, दूरदराज गांवों तक पहुंची स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की सेवाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका।** जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान जनभागीदारी- सबसे दूर, सबसे पहले के तहत बौंसी प्रखंड के आदिवासी बहुल गांवों में जनसुनवाई-सह-चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष अभियान में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखने को मिली। शनिवार को पंचायत चिलकरा के बाबूपुर एवं पंचायत साँगा के राजदह स्थित आदि सेवा केंद्रों पर लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में 56 लोगों की सिकल सेल एनीमिया जांच, 19 लोगों की एक्टिव टीबी स्क्रीनिंग तथा 150 से अधिक लोगों की मिशन इंद्रधनुष एवं शुगर जांच की गई। इसके अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए एक आवेदन तथा आयुष्मान कार्ड से जुड़े 13 आवेदनों का निष्पादन भी किया गया। स्वास्थ्य जांच और योजनाओं की जानकारी लेने के लिए सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ शिविर में उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हर्ष परमार एवं रौशन कुमार, हॉस्पिटल मैनेजर अमित कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ. राम मुकेश यादव, विकास मित्र विकास कुमार, सीएचओ एवं एएनएम कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशासन ने बताया कि 23 मई को भी संबंधित पंचायतों के आदि सेवा केंद्रों पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम गरीब कल्याण योजना, राशन कार्ड, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, पोषण वाटिका, पीएम जनधन योजना, पीएम मातृत्व वंदन योजना, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड समेत कई योजनाओं से जुड़े आवेदन लिए जाएंगे और उनका निस्तारण किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार शिविर पंचायत स्तर पर क्लस्टर प्रभारियों की निगरानी में आयोजित किए जा रहे हैं। सागा पंचायत में उष्टग, चिलकरा में सीडीपीओ तथा सरुआ पंचायत में हॉस्पिटल मैनेजर को शिविर संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि यह अभियान बौंसी प्रखंड की चार जनजाति बहुल पंचायतों के सात टोलों में चलाया जा रहा है, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ मिल सके।

निर्धारित शिविर कार्यक्रम

23 मई - राजदह पंचायत : बीपीआरओ की देखरेख में

23 मई - बाबूपुर पंचायत : सीडीपीओ की देखरेख में समय : सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक।

# इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा बढ़ावा, परिवहन विभाग ने जारी की नई गाइडलाइन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका।** राज्य में पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने मुख्यमंत्री परिवहन, पर्यावरण अनुकूल परिवहन रोजगार योजना के तहत नई मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी जारी कर दी है। जिला परिवहन पदाधिकारी, बांका ने बताया कि अब इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले पात्र आवेदकों को निर्धारित नियमों के तहत प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 15 मई 2026 के बाद खरीदे एवं निबंधित इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही योजना का लाभ मिलेगा। यह पात्रता 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2023 के तहत पहले से ईवी सब्सिडी प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को इस योजना का दोबारा लाभ नहीं दिया जाएगा। योजना के तहत इच्छुक लोग परिवहन विभाग, बिहार, पटना की आधिकारिक वेबसाइट और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों को श्रेणीवार प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रोत्साहन राशि का वितरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। विभाग ने आवेदन निष्पादन की समय-सीमा 15 कार्यदिवस तय की है। जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध अधियाचना के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग ने यह भी साफ कर दिया है कि आवेदन क्रम का उल्लंघन कर किसी को अनुचित लाभ पहुंचाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का वितरण निर्धारित बजट उपलब्ध रहने तक ही किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, प्रदूषण में कमी आएगी और युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# 50 लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी धराया

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज शनिवार को चांदन थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 50 लीटर विदेशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। जानकारी के अनुसार चांदन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चैकिंग के दौरान देवघर की और से आ रही एक स्कॉर्पियो वैन रजिस्ट्रेशन नंबर उट01ध 34644 को रोककर तलाशी के दौरान 50 लीटर विदेशी शराब जप्त एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान विजय कुमार पिता बंसीधर महतो सा0दलसिंहसराय ,जिला समस्तीपुर निवासी के रूप में की गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर पांडेयमोड़ के समीप वाहन चैकिंग अभियान चलाकर शराब कारोबारी को शराब के साथ गिरफ्तार कर मध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है।

## पृष्ठ एक का शेष

### बिहार सरकार जल्द लायेगी ...

में मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। नगर निगम क्षेत्रों में पांच-पांच मॉडल स्कूल और छोटे जिलों में तीन से चार मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और मंत्रियों से इन स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर 125 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि करीब 30 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को अगले तीन वर्षों में पीपीपी मॉडल पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए राज्य के 211 प्रखंडों में डिजिटल लाइब्रेरी और रीडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। साथ ही उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार 20 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य लेकर काम कर रही है।

### सदैव सिद्धांत आधारित...

के बावजूद कार्यकर्ताओं ने विचारधारा से समझौता नहीं किया और संगठन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। श्री नवीन ने आपातकाल के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हजारों राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया, जेल गए, लेकिन राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता नहीं छोड़ी। भाजपा की राजनीति सदैव सिद्धांत आधारित रही है। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है। भाजपा में बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी संगठन की रीढ़ माना जाता है। यही कार्यकर्ता आधारित संस्कृति भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देती है। आज भाजपा के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर, आधारभूत संरचना का विकास, डिजिटल परिवर्तन तथा वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान भाजपा सरकारों की प्राथमिकता रही है। अंत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद का त्योहार मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीरो।** 28 मई मनाए जाने वाले त्योहार बकरीद के दौरान शांति, सौहार्द व विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय शांति समिति की बैठक पीरो थानाध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय व नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्नेह सेतु ने लोगों से बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। इस दौरान पदाधिकारी द्वय ने बकरीद के मौके पर मस्जिदों में अदा की नमाज के समय के अनुसार सभी जगह सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने तथा इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात करने सहित कई अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। एसडीएम ने कहा कि स्थानीय प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें आमजन व समिति के सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार नगर परिषद के उप सभापति प्रतिनिधि रवि केशरी, परवेज अख्तर, वार्ड पार्षद मो तौफिक खान, अमित कुमार वर्मा, गुलाब चंद यादव, शमीम खान, अंकित कुमार सिंह, तौसिफ अहमद सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। उपस्थित सभी लोगों ने बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने पर जोर दिया।

# सामाजिक कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता तथा पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र ने प्रेम पंकज को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** नगर निगम की मेयर इंदु देवी के पति स्व. प्रेम पंकज उर्फ ललन जी के असामायिक निधन की खबर सुनकर उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता रहा। परिजनों को सांत्वना देने सूबे की सामाजिक कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता तथा पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र उनके आवास पर पहुंचे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। द्वय नेताओं ने स्व. प्रेम पंकज उर्फ ललन जी के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि स्व. प्रेम पंकज उर्फ ललन जी सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सदैव सक्रिय रहने वाले सरल, मिलनसार एवं समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने व्यवहार, सहयोग भावना एवं सामाजिक सरोकारों के माध्यम से लोगों के बीच विशेष पहचान बनाई थी। उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान भाजपा जिलध्यक्ष दुर्गा राज, कन्हैया प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

C M Y K

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार से शहर के सम्राट अशोक सभागार में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक सह पूर्व मंत्री जनक राम, विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह एवं सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर दिया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन, चुनाव प्रबंधन, सरकार की योजनाओं और सोशल मीडिया प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अभियान के प्रथम सत्र में पूर्व मंत्री सह उप मुख्य सचेतक जनक राम ने इतिहास और विकास पर चर्चा की। दूसरे सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने व्यवहारिक सत्र पर जानकारी दी। तीसरे सत्र में प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा ने देश के समक्ष चुनौतियां राजनीतिक और सामाजिक पर विचार रखें जबकि चौथे सत्र में बिहार सरकार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने अपनी सरकार के गरीब कल्याण योजना एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। पांचवें सत्र में प्रदेश प्रवक्ता सह विधायक मनोज शर्मा ने मीडिया विमर्श पर संबोधित किया। वहीं छठे सत्र में बिहार सरकार के खनन एवं कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार ने कार्यपद्धति पर चर्चा की। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित एवं राष्ट्र सर्वोपरि के बारे में जानकारी दे रही है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जन-जन को अवगत कराने के लिए आह्वान किया



जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्ति के लिए राजनीति नहीं करती बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से कार्य करती है। विचार आधारित संगठन होने के कारण कार्यकर्ताओं के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। कहा कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने तथा पार्टी की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। इससे नई सीख व प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर आज तक भाजपा का उद्देश्य 'देश प्रथम' रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री जनक राम ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त एवं कार्यकर्ताओं को दक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन अपने कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं सांगठनिक विकास के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, पूर्व विधायक रणविजय शर्मा, सुरेश मेहता, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, अशोक सिंह, पप्पू अग्रवाल, अनिल सिंह, जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह, वैभव विशाल उर्फ टैगोर, अमन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, मुकेश कुमार सिंह, दीपक उपाध्याय रंजीत कुशवाहा, सारिका शेखर, दीपक कुमार, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, सुमन अग्रवाल, अशोक पांडे, सीमा गुप्ता, अंजू शर्मा, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, मितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष कौशल कुमार पिंटू, कार्यालय मंत्री बिकेस सिंह, जिला प्रवक्ता उज्ज्वल सिंह, अश्विनी तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, जुलेखा खातून, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, विकास सिंह, सुभाष कुमार, गोल्डन सहित अन्य मौजूद रहे।

# औरंगाबाद जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्षा में उप विकास आयुक्त अन्नया सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।



खरीफ मौसम 2026 में फसलवार आच्छादन के अनुरूप प्रखंडवार एवं माहवार विभिन्न उर्वरकों यथा यूरिया, डीएपी, सिंगल सुपर फास्फ़ेट, म्यूरेट ऑफ पोटास, मिश्रित उर्वरक आदि की आवश्यकता के अनुरूप जिले में उक्त उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर समिति द्वारा व्यापक विचार विर्मश किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस खरिफ मौसम में किसी भी प्रखंड में उर्वरकों की कमी नहीं है तथा किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो, इसे जिला कृषि पदाधिकारी सुनिश्चित करायेंगे। इस संबध में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यूरिया 35500 मीट्रिक टन के विरूद्ध 14877 मीट्रिक टन (41.91%), डीएपी 9000 मीट्रिक टन के विरूद्ध 2632 मे0टन (29.25%), एनपीके 10000 मीट्रिक टन के विरूद्ध 5566 मीट्रिक टन (55.66%), एसएसपी 6500 मीट्रिक टन के विरूद्ध 5622 मीट्रिक टन (86.50%) एवं एमओपी 1500 मीट्रिक टन के विरूद्ध 456.95 मीट्रिक टन (30.46%) उपलब्ध है। प्रखंडवार एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओ को उर्वरक उपवांटन आच्छादन के अनुरूप कर दिया गया है। विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह द्वारा निदेश दिया गया कि जिले में किसी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी, तस्करी, मुनाफाखोरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक का उपवांटन एक सामान किया जाय। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह द्वारा निदेश दिया गया कि प्लान के अनुसार उर्वरक कंपनियों से समन्वय स्थापित कर उर्वरक की उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें ताकि खरीफ मौसम में किसानों को दिक्कत न हो। जिले के वैसे पैक्स अध्यक्ष जो उर्वरक अनुज्ञप्ति नहीं बनवाये है उन्हें उर्वरक प्राधिकार पत्र बनवाने हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र निर्गत किया जाय। बैठक में ओबरा विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह सोम, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, राकेश रंजन, रजनीकांत भारती, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, सुमित कुमार एवं सभी उर्वरक कम्पनियों के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा थोक उर्वरक विक्रेता भाग लिये।

# विभिन्न मामलों में 78 गिरफ्तार, 32 गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 78 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें से 32 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में 8, एससी-एसटी एक्ट में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 12 तथा अन्य मामलों में 44 लोगों को गिरफ्तारी किया गया है। वहीं 687 लीटर देसी शराब, 475.20 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक एवं एक कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1259 वाहनों की जांच की गई जिसमें 55500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 20 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# मकान सूचीकरण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में जनगणना 2027 अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस (एचएलबी) कार्य निरंतर प्रगति पर है। जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के सतत मार्गदर्शन, नियमित समीक्षा एवं क्षेत्रीय अनुश्रवण के फलस्वरूप जिले में मकान सूचीकरण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। 23 मई तक प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 5189 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स (एचएलबीएस) निर्धारित हैं जिनमें से 5104 एचएलबीएस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले की समग्र प्रगति 98.36 प्रतिशत दर्ज की गई है जबकि वर्तमान में शेष 85 एचएलबीएस में कार्य प्रगति पर है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार कई प्रखंडों एवं नगर निकायों में अत्यंत संतोषजनक प्रगति दर्ज की गई है। दाउदनगर नगर परिषद, देव, मदनपुर एवं जम्होर नगर पंचायत तथा गोह, रफीगंज, बारून एवं नवीनगर प्रखंडों में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं कुटुंबा, हसपुरा, दाउदनगर एवं देव प्रखंडों में 99 प्रतिशत से अधिक कार्य संपन्न हो चुका है। जिलाधिकारी ने सभी चार्ज पदाधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को निर्देश दिया है कि शेष कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# अग्निपीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोह अंचल के घेजना में हुए अग्निकांड की घटना के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेश के आलोक में आपदा प्रबंधन अपर समाहर्ता उपेन्द्र पंडित द्वारा घटना स्थल की त्वरित जांच कराई गई तथा प्रभावित परिवारों की सूची प्राप्त की गई। अग्निकंाड की इस घटना में जनार्दन पासवान की पुत्री रितम कुमारी, मंडल पासवान की पत्नी रंजती देवी, सनोज पासवान की पत्नी पूजा देवी, स्व. चुहरमल पासवान की पत्नी सोनम देवी तथा रामश्रय पासवान की पत्नी सुमित्रा देवी को जिला प्रशासन द्वारा तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। राहत सामग्री के अंतर्गत पॉलीथीन शीट्स, वस्त्र एवं बर्तन वितरित किए गए। साथ ही प्रत्येक प्रभावित परिवार को आपदा राहत मद के अंतर्गत अनुग्रह अनुदान स्वरूप 12 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में कर्ज दिलाने के नाम पर साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी करने का एक नया मामला सामने आया है। बारून थाना क्षेत्र के गोविंदपुर सिरिस निवासी अनवर अंसारी ऑनलाइन ठगी के शिकार हो गए हैं। जालसाज ने खुद को नामी फाइनेंस कंपनी 'क्रेडिटबी' का एजेंट बताकर युवक से कुल 16,911 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित अनवर अंसारी द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को 'क्रेडिटबी' कंपनी का अधिकृत एजेंट बताया और झांसा दिया कि वह बेहद आसानी से और कम समय में उन्हें लोन दिलवा देगा। आरोपी की बातों में आकर पीड़ित उसकी योजना का शिकार हो गया।

